आज का मौसम | 19.0° अधिकतम तापमान | 11.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.56 | सूर्यास्त 05.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 5, अंक 291, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




मा. योगी आदित्यनाथ,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश




# बीडीए बरेली को बना रहा ग्रेटर...








● मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय



● मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम

बरेली को नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है। शहर की चारों दिशाओं में भगवान भोलेनाथ के सात प्राचीन नाथ मंदिर हैं। इन नाथ मंदिरों से लाखों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है, लेकिन अब बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) इसमें एक नया नाम जोड़ने जा रहा है और वह है ग्रेटर बरेली। बीडीए, बरेली शहर को इस प्रकार से विकसित करने को प्रयासरत है कि जल्द ही आस्था, औद्योगिक के क्षेत्र में इसे ग्रेटर बरेली के रूप में नई पहचान मिलेगी। रामगंगा नगर आवासीय योजना, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के साथ ही अब पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप विकसित होने के साथ ही बरेली को औद्योगिक हब बनाने के लिए बीडीए राहपुरा जागीर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द ही विकसित करने जा रहा है। बीडीए की योजनाओं में बरेली के हर वर्ग की जुबान पर रामायण वाटिका का नाम है। भक्ति और पर्यटन का संगम बनने जा रहे रामायण वाटिका में भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए लैंडस्केपिंग, लाइटिंग और सुंदर मूर्तिकला पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका अनावरण करेंगे।

## रूद्रावनम में दिखेगा नाथ नगरी का वैभव

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में रुद्रावनम प्रस्तावित किया है। रुद्रावनम के 23 एकड़ रकबे में से 2.5 एकड़ रकवे में नाथ म्यूजियम विकसित किया जा रहा है, इसका मॉडल बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया था। अब इसको धरातलीय रूप देने में बीडीए अफसर जुट गए हैं।

## धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

बीडीए अधिकारियों के मुताबिक, रामायण वाटिका को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है कि यह धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बने। यहां आने वाले लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से जुड़ी झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही वाटिका में पौधों, मूर्तियों और थीम आधारित संरचनाओं के जरिए रामायण काल का वातावरण तैयार किया जा रहा है। हर झांकी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के प्रसंग दिखाए जाएंगे।

## अवैध निर्माण पर शिकंजा,इंडस्ट्रियल टाउनशिप से रोजगार की बहार

बरेली के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए रहपुरा जागीर क्षेत्र में 113 हेक्टेयर जमीन पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाने को बीडीए ने तैयारी कर ली है। टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सड़कों से लेकर ऊर्जा आपूर्ति तक, हर व्यवस्था सोलर आधारित होगी ताकि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बन सके।




● बीडीए का स्काई-वे अपार्टमेंट।

## आवासीय योजनाओं से शहर के विस्तार को लग रहे हैं पंख



किसी भी शहर की मूल आवश्यकताओं में बिजली, पानी, सड़क, सीवर, पार्क, खेलकूद मैदान, बैंक और स्कूल को अहम माना जाता है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की रामगंगा नगर आवासीय योजना में यह सब समाहित है। बीसलपुर-बड़ा बाईपास रोड के किनारे 672 एकड़ व 12 सेक्टर में बसाई जा रही रामगंगा नगर आवासीय योजना में प्रत्येक सेक्टर की अपनी अलग खासियत है। सेक्टर एक में बड़े पार्क के बीच सरोवर-तालाब भी विकसित हो रहा। सेक्टर दो में रामायण वाटिका, बीडीए कार्यालय स्थापित किया गया है। सेक्टर-तीन में आठ हजार वर्गमीटर में एक इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कार्यालय, सेक्टर-चार में सीयूजीएल का पेट्रोल पंप व कई अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शामिल हैं। सेक्टर-पांच में कई अस्पतालों को विकसित कर ने की योजना है, जिसके लिए भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। सेक्टर छह में एलआईसी ऑफिस समेत कई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाए जा रहे हैं। सेक्टर सात में वेदांता अस्पताल बनकर तैयार है, जिसका संचालन भी शुरू हो चुका है।



● रास्तों का चौड़ीकरण

# 22 करोड़ की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित

रामगंगानगर में 22 करोड़ रुपये की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित की जा रही है। इसमें भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनेगी। वाटिकाओं में दिखेगा वनवासी जीवन। बीडीए द्वारा विकसित रामायण वाटिका का 90 परसेंट तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीडीए वीसी के अनुसार भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन को छह अलग-अलग वाटिकाओं के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम जहां-जहां से गुजरे उससे संबंधित वाटिकाओं का निर्माण किया किया गया है। उस जगह से संबंधित पेड़ों को भी लगाया गया है। इसके वाटिका में जरिए उनके जीवन के अनुभव को दर्शाने की कोशिश की गई है।



**3000** से ज्यादा विजिटर्स रामायण वाटिका की खूबसूरती देखने और शांत माहौल के लिए आते हैं।

**500** से ज्यादा नीम, अशोक, पीपल और आंवला जैसे कई खास और दवा वाले पौधे।

**150** से ज्यादा रंग- बिरंगे पौधों का प्रयोग करके तैयार की गई मूर्तियां और डिजाइन बनाए गए हैं।

## ये हैं बीडीए के प्रमुख प्रोजेक्ट

बीडीए अधिकारियों के अनुसार, शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए कई प्रमुख प्रोजेक्ट को बीडीए की ओर से धरातल पर लाने की तैयारी है। इसमें रामायण वाटिका पूरी तरह से तैयार है इसके साथ ही नाथ म्यूजियम, पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप, साइंस पार्क, रूदावनम और इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द धरातल पर नजर आएगी।

## बरेली बनेगा इंडस्ट्रियल—लॉजिस्टिक हब का नया केंद्र



लॉजिस्टिक हब शुरू होते ही बरेली ट्रांसपोर्ट और सप्लाई चेन का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ेगा। इससे न सिर्फ शहर, बल्कि आसपास के जिलों का औद्योगिक विकास भी तेज़ होगा। बीडीए ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही परियोजना शुरू कर दी जाएगी। आने वाले वर्षों में बरेली उत्तर प्रदेश के प्रमुख इंडस्ट्रियल—लॉजिस्टिक हब के रूप में उभर सकता है।

## लाइब्रेरी नहीं, किताबों का संसार कहो



बीडीए की रामगंगा नगर आवासीय योजना में विकसित हो रही लाइब्रेरी को किताबों का संसार कहना गलत नहीं होगा। चार मंजिला इस लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी एरिया, ब्रेल सेक्शन, जनरल रीडिंग, कैंटीन के साथ ही इतिहास, फिजियोलॉजी, जर्नलिज्म, वास्तुशास्त्र समेत ऑडियो-वीडियो विजुअल कक्ष भी शामिल होंगे।



“ भविष्य की सभी तैयारियों के साथ अगले 20 से 50 वर्षों के दृष्टिगत हमारा शहर किस दिशा में प्रगति करेगा एवं उस समय तक हमारी क्या-क्या आवश्यकताएं होंगी, उसके दृष्टिगत हम लोग आज से ही अपने शहर को सुनियोजित बनाएंगे, जिससे जन सामान्य की आशाओं, आकांक्षाओं की प्रगति उपलब्ध हो सके। बीडीए सभी योजनाओं को भविष्य की जरूरत के अनुसार धरातल पर लाने का कार्य कर रहा है।

– **भूपेंद्र एस चौधरी**, मंडल आयुक्त बरेली



“ शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप आवासीय योजनाओं को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप के साथ ही इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी विकसित की जाएगी जिससे बरेली को इंडस्ट्रियल हब बनाने का प्रयास है। रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्काई-वे अपार्टमेंट, लाइब्रेरी समेत लोगों की हर आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। – **डॉक्टर मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष बीडीए**



“ बरेली विकास प्राधिकरण निरंतर शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। राम गंगानगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के बाद अब दो अन्य टाउनशिप समेत आम जन के हितकारी तमाम प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर नजर आएंगे।

– **वन्दिता श्रीवास्तव**, सचिव बीडीए



## 15 वातानुकूलित कमरों के साथ कन्वेंशन सेंटर में गूंजेगी शहनाई

बीडीए द्वारा विकसित किए जा रहे कन्वेंशन सेंटर में 600 व 200 व्यक्तियों की क्षमता के लिए कांफ्रेंस हाल, 15 वातानुकूलित कमरों के साथ ही विवाह व अन्य आयोजन के लिए एक लॉन भी है। वहीं 300 वाहनों के लिए वृहद पार्किंग स्थल भी शामिल है।

स्टेट ब्रीफ

## यौन शोषण के आरोपी उस्मान को राहत नहीं

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोपी ठेकेदार उस्मान खान की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई के लिए 24 दिसम्बर की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। कोर्ट के निर्देश पर सरकार ने स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि आरोपी पर लगाए गए आरोप तय हो गए हैं और अब 19 दिसम्बर को साक्ष्य प्रस्तुत करने की तिथि नियत है इसलिए जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हेतु अन्य तिथि नियत की जाए। जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 24 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

## पंद्रह साल बाद धरा गया वारंटी

**हरिद्वार :** ठगी के मामले में 15 साल से फरार चल रहा वारंटी आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। सिटी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के अनुसार, गौतम कुमार पुत्र छोटू महतो निवासी प्रतापगंज थाना सासाराम सिटी जिला रोहतास, बिहार के खिलाफ ठगी के मामले में वर्ष 2009 में न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। आरोपी लगातार अलग-अलग राज्यो में अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम ने वारंटी गौतम को अमरोहा में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

# जांच से असंतुष्ट हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, एसआईटी से होगी जांच

## नैनीताल जिपं. अध्यक्ष चुनाव मामला: आज भी हाईकोर्ट में जारी रहेगी सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में हिंसा के मामले में हाईकोर्ट सीबीसीआईडी की जांच से संतुष्ट नहीं है। अदालत ने इस प्रकरण को विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने का निर्णय लिया है। अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होगी।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में इस मामले को लेकर बुधवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई के दौरान जिला पंचायत के पांच सदस्य खंडपीठ के समक्ष पेश हुए। साथ ही, सीबीसीआईडी की ओर से अभी तक की जांच रिपोर्ट खंडपीठ को सौंपी गई। अदालत जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नजर नहीं आयी। साथ ही, अदालत ने पांचों जिला पंचायत सदस्यों से हिंसा के मामले में सवाल भी पूछे। उन्होंने कहा कि उनका अपहरण नहीं हुआ था और वह अपनी मर्जी से गए थे। उन्होंने स्वेच्छा से मतदान में हिस्सा नहीं लिया। अदालत ने जांच अधिकारी की रिपोर्ट पर कड़ी फटकार लगाते हुए जांच के तरीके पर सवाल उठाए। मामले की जांच एसआईटी से कराने की बात कही। अदालत ने इस संदर्भ में हालांकि कोई आदेश पारित नहीं किया। मामले में कोर्ट जल्द ही कोई अहम निर्णय दे सकती है। इस मामले में सुनवाई (आज) गुरुवार को भी जारी रहेगी। जांच अधिकारियों सहित पांचों सदस्यों को कोर्ट में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### विस्तृत कार्ययोजना के साथ करें कार्रवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति और सरकारी कर्मचारियों के पारिवारिक संपत्ति खुलासों से जुड़े गंभीर मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य सचिव और आयकर विभाग को विस्तृत कार्ययोजना के साथ कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। यह मामला जल निगम के कुछ अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच से जुड़ा है। इस मामले में जनहित याचिकाएं अनिल चन्द्र बलूनी, जाहिद अली ने दायर की जबकि अखिलेश बहुगुणा व सुजीत कुमार विकास ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इन चारो मामलों की एक साथ सुनवाई हो रही है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने दो जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि नियमों के तहत परिवार की परिभाषा और संपत्ति की जानकारी छिपाने पर अब सख्ती से जवाबदेही तय की जाएगी।

### पर्यावरणविद् रावत के सुझावों पर अमल करे सरकार



**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सरकार को जंगलों को आग से बचाने के लिए प्रसिद्ध पर्यावरणविद् अजय रावत के सुझावों पर अमल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वन सचिव को एक सप्ताह में अदालत में पेश होने के भी निर्देश दिए हैं। खंडपीठ में बुधवार को उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत के अनुरोध पर अदालत में पेश हुए पर्यावरणविद् रावत ने कहा कि, वन महकमा जंगलों के मामले में लोगों के साथ ब्रितानी हुकूमत जैसा व्यवहार करता आ रहा है। ग्रामीणों को जंगलों से दूर किया जा रहा है। उनके हकहुकूक छीने जा रहे हैं। आम लोगों को जंगलों से जोड़े बिना जंगलों को बचाया नहीं जा सकता है। वन विभाग को अपने रवैए में बदलाव लाना होगा। जंगलों को बचाने के लिए पहले वन रेंजर और प्रभागीय वनाधिकारी जंगलों में भ्रमण करते थे। इनके ठहरने के लिए प्रदेश में 300 डाक बंगला (विश्राम गृह) बनाए गए हैं। वे आज भी खाली पड़े हुए हैं। वह सैरगाह बन रहे हैं। वनाधिकारियों को जंगलों का रुख करना होगा। उन्होंने अपने महत्वपूर्ण सुझाव में कहा कि, वन महकमा सिर्फ चार माह के लिए वन संरक्षक की नियुक्ति करता है और शेष महीने वन संरक्षक नियुक्त नहीं किए जाते हैं। वन संरक्षकों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। 1000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हरी पत्ती वाले वनों की कटाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। जंगलों के बीच मौजूद रिजॉर्ट में अलाव (बोनफायर) जलाने पर रोक लगाई जानी चाहिए। अदालत ने न्यायमित्र अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली को निर्देश दिए कि उनके सुझावों को लेकर दो सप्ताह में रिपोर्ट तैयार कर अदालत में सौंपे।

# उत्तराखंड के हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ: धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



समारोह में मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते अधिकारी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, सरकार का उद्देश्य योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही उसका लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचाना है।

प्रदेश के क्रियान्वयन विभाग की ओर से तैयार की गई 'मेरी योजना' पुस्तकों पर बुधवार को आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करने के साथ मुख्यमंत्री धामी ने ''मेरी योजना पोर्टल उत्तराखंड'' का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये पुस्तकें लाभार्थियों को योजनाओं की सभी जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज व पात्रता संबंधी जानकारी भी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक नई कार्य संस्कृति की स्थापना करते हुए पारदर्शिता,

- मुख्यमंत्री ने किया मेरी योजना पोर्टल उत्तराखंड का लोकार्पण

जवाबदेही और जनकेंद्रित नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज जनता से जुड़ी योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जाता है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार भी सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मंत्र के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से दी जाने वाली विभिन्न पेंशन योजनाओं की धनराशि लोगों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति के खाते में आने की व्यवस्था की गई है। राज्य में विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखकर बनाई गई योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही है।

# पौड़ी में नरभक्षी गुलदार हुआ ढेर

**पौड़ी, अमृत विचार:** पौड़ी जनपद के गजेल्ड (गजल्ड) गांव में पिछले कुछ समय से आतंक मचा रहे नरभक्षी गुलदार को आखिरकार ढेर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के त्वरित, स्पष्ट और सख्त निर्देशों के बाद वन विभाग ने विशेष शिकारियों की टीम तैनात की थी। लगातार निगरानी, ट्रैकिंग और सघन अभियान के बाद टीम ने गुलदार को सफलतापूर्वक मार गिराया।

मुख्यमंत्री ने घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए थे कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और शिकार विशेषज्ञों ने समन्वित प्रयास करते हुए यह कार्रवाई पूरी की।

# एम्स में स्थापित हो मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पत्र लिखकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में एम्स ऋषिकेश में उन्नत चिकित्सा सेवाओं की मांग अत्यन्त तीव्र गति से बढ़ी है, विशेषकर अंगदान एवं मल्टी ऑर्गन प्रत्यारोपण सर्जरी के क्षेत्र में। इसके कारण प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से आने

- सीएम धामी ने लिखा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा को पत्र

वाले गंभीर मरीजों की संख्या में भी निरन्तर वृद्धि हो रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ने से संभावित डोनर मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि किडनी, लिवर, पैंक्रियाज एवं हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले मरीजों को अक्सर बाहरी राज्यों में जाना पड़ता है। इससे उपचार में देरी होती है और मरीजों को आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में विशेषज्ञ डॉक्टर, आवश्यक बुनियादी ढांचा एवं तकनीकी क्षमता उपलब्ध है, ऐसे में 'मल्टी ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन सर्जरी विभाग' की स्थापना से इस महत्वपूर्ण संस्थान की क्षमता और अधिक प्रभावी होगी।

यह विभाग उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत और हिमालयी क्षेत्र के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित में एम्स ऋषिकेश में उक्त विभाग की स्थापना हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

## डेढ़ साल से वांछित इनामी बदमाश दबोचा

**हरिद्वार:** हरिद्वार पुलिस ने डेढ़ साल से फरार चल रहे दस हजार के इनामी बदमाश जावेद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जावेद स्मैक तस्करी में संलिप्त था और पुलिस को लगातार चकमा देकर इधर-उधर छिपता फिर रहा था। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली मंगलौर में 27 फरवरी 2024 को एनडीपीएस एक्ट में ज्ञान आलम सहित अन्य आरोपियों पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने उस समय ज्ञान आलम को 262 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था, जबकि उसका साथी देहरादून निवासी जावेद फरार हो गया था। एसएसपी हरिद्वार ने जावेद की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

# अध्यक्ष पद पर चतुष्कोणीय मुकाबला

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए दाखिल हुए नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए।

बुधवार को नाम वापसी हेतु तय समय तक वरिष्ठ कार्यकारिणी (सामान्य) के सदस्य पद हेतु किशन सिंह द्वारा नाम वापस लिया गया। इस प्रकार अब अध्यक्ष पद के लिए अंजली भार्गव, डीसीएसरावत (दिनेश चन्द्र सिंह रावत), डीके जोशी व मनीषा भंडारी (चार प्रत्याशी), वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु प्रेम कौशल व सुशील वशिष्ठ (दो प्रत्याशी), उपाध्यक्ष (महिला) के एक पद हेतु चेतना लटवाल व मीना बिष्ट (दो प्रत्याशि), महासचिव पद

- हाईकोर्ट बार एसो. चुनाव: सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए

हेतु अक्षय लटवाल, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा एवं सौरव अधिकारी (तीन प्रत्याशी), कोषाध्यक्ष पद हेतु गुरबानी सिंह व शुभ्र रस्तोगी (दो प्रत्याशी) चुनाव मैदान में हैं।

इसी प्रकार वरिष्ठ कार्यकारिणी के पांच पद सामान्य सदस्य हेतु भुवनेश जोशी, मनोज शर्मा, निरंजन कुमार भट्ट, सौरभ पांडे, शिवांगी गंगवार एवं विश्व प्रकाश बहुगुणा (6 प्रत्याशी), कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार सामान्य सदस्य हेत देवेन्द्र सिंह (छोटू), गौरव पंवार, नीलम गोदियाल, पंकज सेमवाल, रूचित तिवारी, सिद्धार्थ सिंह नेगी, स्वलेहा हुसैन (सना) एवं विक्रम सिंह धपोला (आठ प्रत्याशियों) के बीच चुनावी मुकाबला है।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष के सामान्य पद हेतु गौरव कांडपाल, उप सचिव (प्रशासन) के पद हेतु विश्वस्त कांडपाल, उपसचिव (प्रेस) के पद पर प्रसन्ना कर्नाटक, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अविदित नौलियाल, वरिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) पद पर श्रुति जोशी, कनिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) पद पर उन्नति पंत का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। इन पदों पर एक-एक ही ने नामांकन किया है। चुनावी प्रकिया में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुर्बान अली, मुख्य सलाहकार रवीन्द्र सिंह बिष्ट, चुनाव अधिकारी कमलेश कुमार तिवारी का निर्देशन रहा।

## धोखाधड़ी में एजेंट हुआ गिरफ्तार

**पिथौरागढ़:** बेड़ीनाग में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एजेंट पर धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोप है कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एजेंट आमिर सिद्दीकी ने पूर्व सैनिक से किश्त के नाम पर सात लाख का चेक अपने खाते में जमा कर दिया।

बमुश्किल 3.50 लाख रुपये लौटाए। बेड़ीनाग निवासी अंजू रौतेला से चार लाख रुपये, नीता देवी से 50 हजार रुपये और डूनी, गंगोलीहाट निवासी जगत सिंह से 10 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। एसपी रेखा यादव ने बताया कि आरोपी आमिर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बस की चपेट में आने से महिला की मौत

**ऋषिकेश:** मनसा देवी रेलवे फाटक पर बुधवार को बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने बस चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि मृतका की पहचान मीनाक्षी (40), निवासी मनसा देवी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिला अपने पति प्रवीण के साथ हरिद्वार रोड से मनसा देवी फाटक की ओर जा रही थी। तभी रेलवे फाटक को पार करती हुई बस अचानक महिला से टकरा गई।

# बोले विशेषज्ञ- सीएम का चार साल का कार्यकाल बेमिसाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, जनप्रतिनिधियों तथा बुद्धिजीवियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार

- एसएसजे विवि में मुख्यमंत्री धामी के कार्यों पर हुई विचार गोष्ठी

व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार वर्ष से अधिक के कार्यकाल को राज्य हित में उनके द्वारा लिए गए निर्णयों को बेमिसाल बताया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मदन मोहन सती द्वारा लिखित पुस्तक 'नायक से जननायक' तथा 'धामी की धमक' पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य बीते चार वर्षों में राज्य में हुए विकास कार्यों की समीक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन तथा भविष्य की प्राथमिकताओं पर सार्थक विमर्श करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में राज्य ने कई प्रमुख क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने चार वर्षों को बेहद प्रभावी, जनहितकारी और सुशासन की दिशा में मील का पत्थर बताया। संचालन नीरज बवाड़ी ने किया। इस अवसर पर गंगा बिष्ट, मेयर अजय वर्मा, रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, कुलसचिव डीएस बिष्ट मौजूद रहे।

## साई घाट पर संत का शव मिलने से सनसनी

**ऋषिकेश, अमृत विचार:** हरिद्वार रोड स्थित साई घाट पर बुधवार को गंगा में एक संत का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव पर भगवा लंगोट और छाती पर रस्सी बंधी थी।

प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी संत को कहीं जल समाधि दी गई थी और शव गंगा के बहाव के साथ साई घाट तक पहुंच गया। त्रिवेणी घाट चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने पंचनामा के बाद शव मोर्चरी भेज दिया। कहा कि शव की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

# साइबर फ्रॉड गैंग का हुआ भंडाफोड़ एसटीएफ ने धरा फर्जी अधिकारी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) देहरादून ने गूगल रिव्यू/रेटिंग स्कैम में करीब 70 लाख ठगी का भंडाफोड़ करते हुए साइबर फ्रॉड गैंग के सरगना को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बुधवार को बताया कि हरिद्वार निवासी पीड़ित ने बीती सितम्बर में अभियोग दर्ज कराया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने सीएमई ग्रुप कंपनी से बताकर व्हाट्सएप पर गूगल रिव्यू के बदले सैलरी का

- गूगल रिव्यू के नाम पर की थी 70 लाख की ठगी

झांसा देकर उन्हें एक टेलीग्राम लिंक के माध्यम से कंपनी ग्रुप से जोड़ा। जहां उन्हें विभिन्न कार्यों के लिए प्रीपेड राशि जमा करने को कहा गया, शिकायतकर्ता ने कई बैंक खातों और यूपीआई आईडी में 70 लाख रुपये से ज्यादा जमा किए। बाद में, उन्हें फंड निकालने के लिए क्रेडिट स्कोर बढ़ाने और टैक्स चुकाने के बहाने और पैसे मांगे गए, लेकिन फंड निकालने से मना कर दिया गया।

डीजीपी दीपम सेठ और दिशा निर्देशन और आईजी साइबर/एसटीएफ उत्तराखंड निलेश आनन्द भरणे के निकट पर्यवेक्षण में एएसपी कुश मिश्रा और इंस्पेक्टर आशीष गुसाई की टीम ने इस मामले में गहन जांच पड़ताल की तो निक्की जैन (35) पुत्र विनोद कुमार जैन हाल निवासी श्रीजीनगर सागानेर थाना मुहाना मंडी जिला जयपुर राजस्थान का नाम सामने आया। अथक प्रयासों के बाद एसटीएफ की टीम ने आरोपी निक्की को जयपुर के सागानेर (थाना मुहाना क्षेत्र) से गिरफ्तार कर लिया।

विकास की सोच

युवाओं से लेकर विकास के विविध आयामों को किया गया शामिल

# उत्तराखंड के हर वर्ग को लाभ देंगे धामी कैबिनेट के 19 फैसले

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में लिए 19 फैसलों में युवाओं के भविष्य निर्माण से लेकर विकास के विविध आयामों को शामिल किया गया है।

**पारेषण लाइन मुआवजा :** पारेषण लाइनों के के निर्माण में मार्गाधिकार सम्बन्धी समस्याओं का निपटारा होगा। पारेषण लाइनों के लिए बनाए जाने वाले टावर के चारों कोने के नीचे के क्षेत्र एवं इसके एक मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाली भूमि के लिए मुआवजा राशि सर्किल रेट का दो गुना की गई। पारेषण लाइन के नीचे अवस्थित खेतों के लिए भी निर्धारित सर्किल दर के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में 30 प्रतिशत, अर्द्ध नगरीय में 45 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र में 60 प्रतिशत की दर पर मुआवजा देय होगा। सर्किल रेट एवं मार्केट रेट के दर पर बहुत अधिक अंतर होने की दशा में जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति देय मुआवजे की दरों का निर्धारण करेगी। इस समिति में भूमि के स्वामियों का प्रतिनिधि भी बतौर सदस्य सम्मिलित किया जाएगा।

### ग्रीन बिल्डिंग मानक



पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ी शैली एवं मैदानी क्षेत्रों में पारम्परिक श्रेणी के भवन निर्माणों को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त एफएआर देयता हेतु भवन निर्माण एवं विकास उपविधि/विनियम, 2011 में ग्रीन बिल्डिंग/हरित निर्माण तथा अन्य से संबंधित प्रावधानों का समावेश करने के उद्देश्य से कतिपय संशोधन करने, मुख्यत: ऊर्जा दक्षता और स्थिरता मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा नवीन भवनों में शीत छत/ हरित छत एवं नवीकरणीय ऊर्जा का समावेश करने से संबंधित प्राविधानों को मंजूरी दी गई।

### उत्तराखंड जन विश्वास संशोधित एक्ट

छोटे/विनियामक/प्रासंगिक अपराधों के लिए कारावास को मौद्रिक दंड में बदला जाएगा। जहां निवारण की आवश्यकता थी, वहां दंड बढ़ाए गए या आनुपातिकता सुनिश्चित करने के लिए पुनर्गठित किए गए, स्वत: संशोधन: निवारक मूल्य बनाए रखने के लिए सभी जुर्माने/दंड हर तीन साल में 10 प्रतिशत बढ़ाए जाएंगे, प्रशासनिक/सुधारात्मक कार्रवाई पर जोर, हालांकि गंभीर या बार-बार किए गए अपराधों के लिए अभी भी कारावास हो सकता है, लेकिन सख्त सीमाओं के भीतर।

### भवन-रिजॉर्ट बनाना आसान

राज्य में प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अन्तर्गत मार्ग चौड़ाई, व्यावसायिक विकास के अन्तर्गत व्यावसायिक/कार्यालय के सैट बेक, भू-आच्छादन एवं एफएआर होटल की ऊंचाई एवं रिजॉर्ट एवं इको-रिजॉर्ट हेतु भू-आच्छादन एवं एफएआर, पहुंच मार्ग, पार्किंग में स्टिल्ट की ऊंचाई के वर्तमान प्रावधानों में संशोधन कर इन्हें युक्तिसंगत किया गया है। राज्य में पर्यटन विकास की संभावनों के दृष्टिगत इको-रिजॉर्ट की भांति ही अब रिजॉर्ट निर्माण के लिए भी भू-उपयोग परिवर्तन के बिना कृषि भूमि का उपयोग किया जा सकेगा। रिजॉर्ट निर्माण को पहुंच मार्ग की चौड़ाई के मानकों को भी घटाकर पर्वतीय क्षेत्र के लिए 6 मीटर और मैदानी क्षेत्र के लिए 9 मीटर किया गया है।

### कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

- शहरी क्षेत्रों में बेहतर सड़क नेटवर्क, आवास एवं सुविधाओं वाली योजनाबद्ध टाउनशिप विकसित करने के लिए उत्तराखंड टाउन प्लानिंग स्कीम रूल्स-2025 को मंजूरी
- शहरों में योजनाबद्ध विकास के लिए बिना बाधा भूमि उपलब्ध कराने के लिए उत्तराखंड लैंड पुलिंग स्कीम रूल्स-2025 को स्वीकृति
- तकनीकी विश्वविद्यालय में फैकल्टी की भर्ती अब लोक सेवा आयोग की जगह विश्वविद्यालय स्तर से होगी
- पीडब्ल्यूडी में जेई भर्ती नियमों में संशोधन को मंजूरी
- ग्रीन बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त एफएआर को मंजूरी
- पुराने स्क्रैप वाहनों के बदले नए वाहन खरीदने पर पंजीकरण के समय मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत छूट
- पिथौरागढ़ में नैनीसैनी एयरपोर्ट को वाणिज्यिक उड़ानो व विकास कार्यों के लिए स्थायी रूप से एएआई को सौंपने व एमओयू पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी
- सितारगंज के कल्याणपुर में विस्थापित किसानों को जमीन का मालिकाना हक आसान बनाने के लिए सर्किल रेट में राहत
- मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के अन्तर्गत सायलेज पर वर्तमान में स्वीकृत 75 प्रतिशत अनुदान को घटाकर 60 प्रतिशत अनुदान
- राज्य में जीएसटी संशोधन अध्यादेश को मंजूरी
- निष्पक्ष और प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने को देहरादून में अभियोजन निदेशालय की स्थापना होगी


नेपाल में लेखिका अमृता पांडे को सम्मानित करते अतिथि।

## अमृता पांडे को नेपाल-भारत गौरव सम्मान

**हल्द्वानी :** मानसखंड लोक संस्कृति सम्मेलन विगत 5-6 दिसंबर को महेंद्र नगर नेपाल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में भारत और नेपाल के संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान काव्य संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें दोनों देशों के सामूहिक मसलों, बेरोजगारी, पलायन, पर्यावरण जैसे विभिन्न मुद्दों पर कवियों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच साहित्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को और गहराई प्रदान करना था। सम्मेलन के दौरान हल्द्वानी (उत्तराखंड) निवासी स्वतंत्र लेखिका अमृता पांडे को उनकी साहित्यिक प्रतिबद्धताओं के प्रति समर्पण के लिए नेपाल-भारत गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें सुदूर पश्चिम के निवर्तमान मुख्यमंत्री राजेंद्र रावल द्वारा प्रदान किया गया। स्थानीय साहित्यकारों ने उन्हें इस सम्मान को पाने पर बधाई दी हैं।



- भाजपा ने निचले सदन में बोला- सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं - 10



- केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- ओमान न्यूजीलैंड से एफटीए पर वार्ता अंतिम दौर में - 10



- भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी - 11



- विराट कोहली एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे - 12

आज का मौसम

19.0° अधिकतम तापमान

11.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.56 | सूर्यास्त 05.15


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

- लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
- मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 5, अंक 291, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कांस्य पदक पर कब्जा



भारत ने नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले गए प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। भारतीय टीम इससे पहले दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) चैंपियन रही है। (विस्तृत खेल पेज पर)

# दीपावली अब दुनिया भर का त्यौहार, यूनेस्को की सूची में हुआ शामिल

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा

नई दिल्ली, एजेंसी



दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। दिल्ली में लाल किले पर आयोजित यूनेस्को की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है।

इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे।

विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने मुख्य मंच के सामने प्रस्तुति दी और एक बड़ी स्क्रीन पर दीपावली उत्सव के चित्र प्रदर्शित किए गए। आईसीएच के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया।

यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं।

### दुनिया भर में दीपावली की लोकप्रियता : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों का मार्गदर्शन करने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनिया भर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें।

### दीपावली की वैश्विक मान्यता अयोध्या की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। योगी ने एक्स से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहाकि अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जल आपूर्ति डेटा के लिए सुजलाम भारत ऐप की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने मंगलवार को सुजलाम भारत ऐप शुरू किया। इसका उद्देश्य देश की सभी ग्रामीण पेयजल योजनाओं को एक एकीकृत, भौगोलिक रूप से संदर्भित प्रणाली पर लाना और वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करना है। भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जीओ इनफॉर्मेटिक्स द्वारा समर्थित यह ऐप आम जनता और संस्थानों को जल स्रोतों, जल गुणवत्ता आदि पर डेटा की जानकारी प्रदान करेगा। इस शुरुआत के साथ ही सुजलाम भारत डेटाबेस का संचालन शुरू हो गया है।

### व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट पहुंचे सलमान

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस याचिका पर बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा सुनवाई करेंगे। सलमान ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों और ई-कॉमर्स वेबसाइट को उनके नाम, छवियों और व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल से रोकने तथा उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं को मिलेगी निशुल्क कोचिंग

## कैबिनेट में मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना समेत 19 प्रस्ताव मंजूर

- बिजली पारेषण का मुआवजा बढ़ा भू-उपयोग परिवर्तन के बिना अब हो सकेगा रिजॉर्ट निर्माण

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में संपन्न कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। धामी बोले कि, राज्य के समग्र विकास, सुशासन एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कैबिनेट में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के भविष्य निर्माण, पर्यटन एवं शहरी विकास को प्रोत्साहन, विस्थापितों के पुनर्वास तथा प्रशासनिक सुधारों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य विश्वविद्यालयों एवं शासकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को, जो विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सर्विसेज, रक्षा सेवाएं, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी अथवा समान प्रतियोगी परीक्षा तथा विभिन्न प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए तथा योग्यता निर्धारण के लिए होने वाली परीक्षाओं आदि की तैयारी कर अपना भविष्य निर्माण करना चाहते हैं, उनके लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के अन्तर्गत दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत, पारेषण लाइनों के निर्माण में मार्गाधिकार सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं अनुपूरक दिशा-निर्देशों को पिटकुल द्वारा अपनाने का कैबिनेट ने अनुमोदन किया है। कैबिनेट ने उत्तराखंड जन विश्वास अध्यादेश 2025 के प्रख्यापन को भी स्वीकृति दे दी है। केंद्र सरकार द्वारा स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025-26 में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्य में नवीन भवनों के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग के मानकों को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त एफएआर देने का कैबिनेट ने अनुमोदन किया है। केन्द्र सरकार द्वारा एसएएससीआई 2025-26 में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के क्रम में राज्यान्तर्गत, लागू भवन निर्माण एवं विकास उपविधि को युक्तिसंगत करने की स्वीकृति के साथ उत्तराखंड टाउन प्लानिंग स्कीम (इंप्लीमेंटेशन) रूल्स, 2025 के प्रख्यापन की भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। साथ ही, राज्य के शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत योजनाबद्ध विकास को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बिना किसी अड़चन के भूमि प्राप्त करने सम्बन्धी मानकों को विनियमित करने के लिए उत्तराखंड लैंड पुलिंग स्कीम (इंप्लीमेंटेशन) नियमों-2025 प्रख्यापित करने की स्वीकृति दी है। अपर सचिव, मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड तकनीकी विवि में भी अन्य विश्वविद्यालयों की भांति फैकल्टी की भर्ती लोक सेवा आयोग की जगह अब विश्वविद्यालय स्तर से करने को कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

(संबंधित पेज-2)

### अनुभवी संस्थान का होगा चयन

निशुल्क कोचिंग सुविधा राष्ट्रीय स्तर की किसी अनुभवी संस्थान के माध्यम से दी जाएगी जिनका चयन पारदर्शी प्रक्रिया से होगा। साथ ही, माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी इस योजना के अन्तर्गत, 11वीं तथा 12वीं के छात्रों को क्लैट, नीट, जे-ट्रिपल-ई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी।

# उड़ान रद्द के साथ परेशानियों के लिए भी मुआवजा दे इंडिगो : कोर्ट

- इंडिगो संकट पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई
- 5000 का हवाई टिकट 39 हजार तक कैसे पहुंचा, अन्य कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई जिसके कारण इंडिगो की कई उड़ान रद्द करनी पड़ीं। अदालत ने इन हालात को संकट करार दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा, यह अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने यह सवाल भी किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं। अदालत ने सवाल किया कि जो टिकट 5,000 रुपये में मिल रहा था, उसका किराया 39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? यदि यह संकट की स्थिति थी तो अन्य विमानन कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया? अदालत ने विमानन कंपनी को निर्देश दिया कि यात्रियों को न सिर्फ उड़ान रद्द होने के लिए बल्कि अन्य परेशानियों के लिए भी मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।

अन्य विमानन कंपनियों ने शुल्क लेना कैसे शुरू कर दिया? पीठ ने इस मामले पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सुनवाई की। पीठ ने कहा कि यदि समिति द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है तो उसकी रिपोर्ट अगली तारीख 22 जनवरी को अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की जाए। अदालत ने कहा कि हमें यह चिंता है कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न होने दी गई, जिसके कारण पूरे देश के हवाई अड्डों पर लाखों यात्री फंसे रहे।

पीठ ने कहा कि यह न सिर्फ यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। अदालत ने कहा कि किराए में जो अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई थी, उसे अब नियंत्रित और सीमित कर दिया गया है, जो पहले किया जाना चाहिए था। अदालत इंडिगो मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को तलब किया

**मुंबई।** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को उपस्थित होने और हालिया परिचालन व्यवधानों से संबंधित व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एल्बर्स को बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे डीजीसीए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा चालक दल की भर्ती योजना, पायलट व चालक दल की अद्यतन संख्या, रद्द की गई उड़ानों की संख्या और 'रिफंड' आदि से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

### बुधवार को भी 220 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** इंडिगो ने बुधवार को दिल्ली और मुंबई सहित तीन प्रमुख हवाई अड्डों पर लगभग 220 उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दावा किया था कि एयरलाइन का परिचालन फिर से पटरी पर आ गया है। एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 137 और मुंबई हवाई अड्डे पर 21 उड़ाने रद्द कर दीं।

# कांग्रेस की हार की वजह मतदाता सूची नहीं, राहुल का नेतृत्व : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा है और पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह ईवीएम एवं मतदाता सूची नहीं, बल्कि राहुल गांधी का नेतृत्व है। उन्होंने चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में यह भी कहा कि एक दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता हार का हिसाब मांगेंगे।

शाह ने चुनाव सुधारों पर दो दिनों तक हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। भाजपा और राजग के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं।

उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को भारत में मतदान करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो। शाह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता, योग्यता, और मतदाता होने की शर्तें तय की गई है। गृह मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ईवीएम की दलील गले नहीं उतरती तो अब वोट चोरी का मुद्दा लेकर आए। वोट चोरी का मुद्दा लेकर पूरे बिहार में यात्रा निकाली। फिर भी हार गए। हारने का कारण आपका नेतृत्व है, हारने का कारण ईवीएम और मतदाता सूची नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा कई चुनाव हारी, लेकिन कभी किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े नहीं किए।

### वोट चोरी से संबंधित चर्चा कराएं : राहुल

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल ने गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि वह वोट चोरी से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों पर चर्चा कराएं। गृह मंत्री ने राहुल गांधी के तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया था। इन संवाददाता सम्मेलनों के जरिये राहुल ने यह दावा किया था कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में 'वोट चोरी' की गई है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मैंने जो विषय उठाये हैं, अमित शाह ने उनका जवाब नहीं दिया।

# फिर टली सुनवाई, अब 16 को होगी

संवाददाता, हल्द्वानी

- बनभूलपुरा रेलवे मामले में कड़ी सुरक्षा में रहा हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में शीर्ष अदालत में बुधवार को सुनवाई नहीं हो पायी। अब इस मामले में सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि तय की गयी है।

बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित बहुचर्चित मामले में शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही है है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश उज्जवल भूयानंद और न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर की तीन सदस्यीय पीठ सिविल अपील पर सुनवाई कर रही है। इस मामले में बुधवार को अंतिम सुनवाई होनी थी लेकिन अदालत सुनवाई नहीं कर पायी। अब इस मामले में 16 दिसंबर की तिथि तय है। बता दें कि वर्ष 2023 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट के इस आदेश को अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। रेलवे की ओर से अतिक्रमित भूमि पर 4365 घरों को चिह्नित किया गया है। उसका कहना है कि उसे रेल सेवा के विस्तार के लिए 30 हेक्टेअर भूमि की आवश्यकता है और भूमि नहीं मिलने से रेल सेवाओं का विस्तार नहीं हो पा रहा है। वहीं, शीर्ष कोर्ट से संभावित फैसले को लेकर हल्द्वानी हाई अलर्ट पर रहा। पुलिस-प्रशासन चौकन्ना रहा।

# कारों की टक्कर के बाद आग, 5 जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में मां और 4 बच्चों की हुई मौत

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर हाईवे किनारे खड़ी वैगनआर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर दूर तक घिसटती चली गई। वैगनआर के सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। दोनों कारें आग के गोले में तब्दील हो गईं। इस भीषण हादसे में आजमगढ़ जिले के एक सिपाही के परिवार के मां व चार मासूम बच्चों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबेहा थाना क्षेत्र के डीहा मजरे कुड़वा गांव के पास हुआ।



हादसे के बाद आग का गोला बनी कार।

पुलिस के अनुसार आजमगढ़ के थाना हरौला में तैनात पुलिसकर्मी जावेद अशरफ की पत्नी गुलफ्शां उर्फ चांदनी (30) अपनी बेटियों समरीन (12), जियान (10), इल्मा (6), इजमा (4) और रिश्तेदार जीशान (24) के साथ वैगनआर से लखनऊ आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग से जलती दोनों कारों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गुलफ्शां और समरीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीन अन्य बच्चों को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायलों में जीशान पुत्र अब्दुल गफ्फार (24), तृप्ति मिश्रा (17), दीप्ति मिश्रा (16), प्रगति (23), दीपांशु मिश्रा (24) सभी निवासी दक्षिणपुरी, नई दिल्ली को लखनऊ रेफर किया गया है।

पर्यावरण

## पक्षी विशेषज्ञों का मत, पर्यावरण का असर है, जिले में तालाबों व नदियों के किनारे मनमोहक रंग बिखेरती थी

# तराई से लुप्त हुई सर्दियों की शान, 20 साल से नहीं दिखी साइबेरियन क्रेन

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** तराई के जनपद लखीमपुर खीरी में कभी सर्दी का मौसम आते ही तालाबों, झीलों और नदियों के किनारे साइबेरियन क्रेन पक्षी अपने मनमोहक रंग बिखेरते नजर आते थे।

दूर साइबेरिया से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय कर आने वाला यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी जिले के लिए प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता का प्रतीक माना जाता था, लेकिन बीते करीब 20 सालों से साइबेरियन क्रेन जिले में नजर नहीं आई है, जो पर्यावरण असंतुलन की एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। पक्षी विशेषज्ञ साइबेरियन क्रेन आदि के गायब होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के संकुचित होने और खेतों व तालाबों में रसायनों के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल को बड़ा कारण मान रहे हैं।

साइबेरियन क्रेन सर्दियों का मौसम शुरू होते ही नवंबर के दूसरे पखवाड़े में जिले के तालाबों और नदियों के किनारे आ जाती थी, लेकिन पिछले दो दशक से साइबेरियन क्रेन को नहीं देखा गया है। पक्षी विशेषज्ञ केके मिश्रा का मानना है कि साइबेरियन क्रेन के लापता होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के लगातार सिमटने, जल स्रोतों के प्रदूषण और खेती में रासायनिक खाद व कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल जैसे कई कारण एक साथ जिम्मेदार हैं। पहले जहां जिले के दर्जनों तालाब, झीलें और दलदली क्षेत्र इन पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल हुआ करते थे, वहीं अब अतिक्रमण, जलभराव की कमी और प्रदूषण ने इन्हें अनुपयुक्त बना दिया है।



साइबेरियन क्रेन।

### कभी हजारों में आती थीं क्रेन

बुजुर्गों और पुराने वन कर्मियों के अनुसार, 1990 के दशक तक सर्दियों के मौसम में साइबेरियन क्रेन के झुंड जिले के कई इलाकों में देखे जाते थे। उनके कलरव से पूरा इलाका जीवंत हो उठता था। शोधकर्ता रामनरेश शाक्य बताते हैं कि अनेक शोधार्थी इनका अध्ययन करने दूर-दूर से आते थे।

### ठहराव स्थल हो रहे खत्म

साइबेरियन क्रेन हजारों किमी का सफर तय कर रूस से भारत आती थीं। जल संरक्षण की कमी और बढ़ता शहरीकरण भी इनके लुप्त होने का बड़ा कारण माना जा रहा है। जिले में सेमरई से रजौरा, राजेपुर, तुसौरा तक 74 .7 हे .भूमि पर फैले इस वेटलैंड में प्रवासी पक्षियों के झुंड आते थे।

> किसी भी क्षेत्र से किसी प्रजाति का पूरी तरह गायब हो जाना पारिस्थितिकी तंत्र के बिगड़ने का सबसे बड़ा संकेत होता है। साइबेरियन क्रेन का लुप्त होना एक चेतावनी है, इसलिए उन्होंने दुधवा क्षेत्र के सरोवरों और झीलों में जलस्तर को बनाए रखने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। ताकि पक्षियों को संरक्षण मिल सके। इसी तरह अन्य क्षेत्रों के सरोवरों और झीलों में भी जलस्तर बनाए रखना आवश्यक है।
>
> -**डॉ. एच. राजामोहन**, एफडी दुधवा टाइगर रिजर्व

# पूछड़ी के प्रभावितों के हक को संघर्ष करेंगे जनप्रतिनिधि: नेगी

## पूछड़ी के प्रभावित परिवारों से मिलीं ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, आशियाने टूटने के तीन दिन बाद भी खुले आसमान ने नीचे रात बिता रहे प्रभावित परिवार

संवाददाता, रामनगर



पूछड़ी में परिवारों से मिलती ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी एवं ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी व अन्य। ● अमृत विचार



पूछड़ी क्षेत्र में स्थित सायंकालीन स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रशासन व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई के तीन दिन बाद भी पीड़ित परिवार अपने मासूम बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। आशियाना टूटने के बाद सब कुछ बिखर जाने से ये परिवार अब रोटी-रोटी के लिए मोहताज हैं। लेकिन सत्ता और विपक्ष के लोग राशन देना तो दूर इन परिवारों का दुख जानने के लिए भी मौके पर नहीं पहुंचे जिससे इन पीड़ित परिवारों में प्रतिनिधियों के खिलाफ रोष है।

बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी एवं ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष नवीन सती के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि इन पीड़ित परिवारों का दुख दर्द जानने के लिए मौके पर पहुंचे जहां पीड़ित परिवारों ने अपनी दुख भरी कहानी बताते हुए प्रशासन पर अतिक्रमण हटाने के दौरान अभद्रता एवं उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी एवं ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि अब पीड़ित परिवारों की लड़ाई पंचायत प्रतिनिधि लड़ेंगे, चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अब इस मामलों को लेकर उच्च न्यायालय जाने के साथ ही सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्षी के लोग केवल ऐसे लोगों को चुनाव के दौरान वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। अब ऐसी पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद बने अनिल बलूनी ने ऐसे सभी लोगों को मलिकाना हक एवं वन ग्रामों को राजस्व गांव बनाने की कसम खाई थी लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह जहां एक और अपनी बात भूल गए हैं।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को पीड़ित परिवारों को राशन वितरण किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, ग्राम प्रधान संगठन रामनगर अध्यक्ष नवीन सती, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर सिंह रावत, पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ललित कड़कोटी, पूर्व प्रधान इमरान खान, गोपाल सिंह अधिकारी, एस लाल, नवजोत ग्रेवाल, मोहम्मद ताहिर मौजूद रहे।

# तारबाड़ हटी, सायंकालीन स्कूल में शुरू हुई पढ़ाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पूछड़ी के वन आरक्षित क्षेत्र में विगत दिनों प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसके चलते उसी क्षेत्र में गरीब बच्चों एवं कूड़ा बीनने वाले बच्चों के लिए रचनात्मक शिक्षक मंडल द्वारा विगत 4 वर्षों से चलाए जा रहे ज्योतिबा, सावित्रीबाई सायंकालीन स्कूल पर भी संकट खड़ा हो गया था। बुधवार को विगत पांच दिनों से मंडरा रहा खतरा दूर हो गया। स्थानीय प्रशासन ने स्कूल परिसर के गेट पर की गई तारबाड़ हटा ली। जिसके बाद कल तक खुले मैदान में पढ़ाई कर रहे बच्चों ने आज विद्यालय परिसर के अंदर पढ़ाई की।

पढ़ाई की शुरुआत करते हुए बच्चों ने पढ़ना लिखना सीखो ओ मेहनत करने वालो समेत अनेक गीत गाए। स्कूल में नियमित रूप से पढ़ाने वाले सुजल ने बच्चों को गणित और अंग्रेजी की पढ़ाई करवाई जबकि पिंकी ने हिंदी ओर सामाजिक विज्ञान पढ़ाया।

शिक्षक मंडल से जुड़े नवेंदु मठपाल, नंदराम आर्य, सुभाष गोला, बालकृष्ण चंद ने भी बच्चों को खेलकूद, स्काउट की गतिविधियां करवाते हुए हुए उनकी पढ़ाई जारी रखी।शिक्षक मंडल की टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर अभिवावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया।

रचनात्मक शिक्षक मंडल के राज्य संयोजक नवेंदु मठपाल ने स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट, स्थानीय प्रशासन एवं सभी पत्रकारों का धन्यवाद किया जिनके सक्रिय सहयोग से बच्चों की पढ़ाई सुचारु हो सकी। मठपाल ने कहा कि शीघ्र ही जन सहयोग से बच्चों को शैक्षणिक सामग्री व गर्म भी कपड़े दिए जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### प्रो. नंदा गोपाल साहू को एफएनएएससी सम्मान

**नैनीताल:** विवि के वैज्ञानिक प्रो. नंदा गोपाल साहू को देश की दूसरी अग्रणी राष्ट्रीय विज्ञान संस्था नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, इंडिया( नासी ) द्वारा एफएनएएससी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। प्रो. साहू को यह प्रतिष्ठित उपाधि आईआईटी गुवाहाटी में आयोजित नासी के वार्षिक अधिवेशन के दौरान प्रदान की गई। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत, रजिस्ट्रार डॉ. एम. एस. मंद्रवाल, विभिन्न संकायो के संकायाध्यक्ष और समस्त शैक्षणिक परिवार ने प्रो. साहू को बधाई दी।

### हाईवे पर टू-लेन पुलिया निर्माण कार्य शुरू

**कालाढूंगी:** कालाढूंगी–हल्द्वानी स्टेट हाईवे के चकलुवा बाजार के पास लंबे समय से प्रस्तावित टू-लेन पुलिया निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। शासन ने पुलिया निर्माण के लिए 383.19 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। अब लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए स्थल पर कार्य प्रारंभ कर दिया है। बढ़ते वाहन दबाव विशेषकर कालाढूंगी, बाजपुर, काशीपुर, रामनगर, कोटाबाग, देहरादून तथा दिल्ली की ओर से आने–जाने वाले वाहनों और पर्यटन सीजन में यहां अक्सर जाम लगता है। निर्माण कार्य शुरू होने पर ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, मयंक तिवारी ने विधायक बंशीधर भगत का आभार व्यक्त किया।

### ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने पास किया बेल्ट टेस्ट

**भीमताल:** फ्यूचर ताइक्वांडो अकादमी मैं ताइक्वांडो खिलाडियों ने बेल्ट टेस्ट की परीक्षा पास की। रेड बेल्ट अक्षत बिष्ट, आरव सिजवाली, ब्लू वन बेल्ट हिमांशी भैसौड़ा, कृतिका भैसौडा, काव्या सनवाल, याचना सनवाल, अक्षत जैन, सौमया बोहरा, ब्लू बेल्ट प्रणय सिंह, दक्ष बिष्ट, ग्रीन वन बेल्ट लक्ष्य पाण्डेय, रिधि जंतवाल, अथर्व शर्मा, हृदयांश खुल्बे, ग्रीन बेल्ट मानवी पांडे, यलो बेल्ट तृषा पांडे, सुमेध जोशी, धैर्य बिष्ट, नायरा सोहेल अंसारी, वाची पांडे ने पास की। फ्यूचर ताइक्वांडो के कोच भरत सिंह सिजवाली और जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुनील थापा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्रेमा ने संभाला मुख्य उद्यान अधिकारी का पदभार

**भीमताल:** प्रेमा राणा ने मुख्य उद्यान अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि कास्तकारों और फल उत्पादकों को उद्यान की योजनाओं से लाभान्वित करना प्राथमिता तो रहेगी ही वहीं उद्यानकी और कास्तकारी में उत्पादन को बढ़ाना भी प्राथमिकता में शुमार रहेगा। पदभार ग्रहण के बाद भाजपा में जिला मंत्री मनोज भट्ट, धन सिंह राणा और रिहान खान ने मुख्य उद्यान अधिकारी से औपचारिक भेंट की और क्षेत्र में कास्तकारों और फल उत्पादकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की।

### शिशु मंदिर के 126 बच्चे दूसरी शाखा में शिफ्ट

**नैनीताल:** मल्लीताल चीना बाबा चौराहे स्थित दो मंजिला भवन में मंगलवार शाम लगी भीषण आग की चपेट में आने से सरस्वती शिशु मंदिर के 12 कक्ष समेत भवन स्वामी का आवास भी जल गया। घटना के बाद स्कूल में पढ़ने वाले 126 छात्रों को विद्यालय की दूसरी शाखा में शिफ्ट कर दिया है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि दमकल टीम नुकसान का ब्योरा तैयार कर रही है।



जंगली हाथी द्वारा तोड़ा हुआ घर का गेट दिखाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

### हाथियों ने खेत रौंदे, घर की दीवार व गेट तोड़ा

**हल्दूचौड़:** हल्दूचौड़ क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बच्चीधर्मा, दुम्का बंगर और गोपीपुरम गांवों में हाथी न केवल फसलों को रौंद रहे हैं, बल्कि अब घरों पर भी हमला करने लगे हैं। बीती रात दुम्का बंगर गांव में करीब 1 बजे एक नर हाथी ने तांडव मचाते हुए कई किसानों की फसलें चौपट कर दीं। हाथी ने गिरीश चन्द्र जोशी, गणेश जोशी, बंसती देवी, रमेश फुलारा समेत आधा दर्जन से अधिक किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इतना ही नहीं, गिरीश चन्द्र जोशी के घर की सुरक्षा दीवार और मुख्य गेट को भी तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया। गिरीश चन्द्र जोशी ने बताया कि रात 1 बजे हाथी आया, सब तहस–नहस कर दिया। न फसल बची, न दीवार। रोज़ डर लगता है, वन विभाग कुछ करे। कनिष्ठ उप प्रमुख कमल भंडारी ने बताया कि मौके का जायजा लिया है। वन विभाग से बातचीत हुई है। किसानों को जल्द मुआवजा मिले और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कार्रवाई हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# दिल्ली रैली के लिए कांग्रेस पार्टी ने बनाई समितियां, सौंपे टास्क

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वाली वोट चोर–गद्दी छोड़ रैली की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सक्रिय हो गई है। रैली में अधिकतम भागीदारी और प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं के समन्वय के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की ओर से विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। साथ ही रैली से संबंधित सूचनाओं के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

रैली के प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए समिति बनाई गई है। प्रदेश मुख्यालय की जिम्मेदारी अभिषेक थापर, गढ़वाल मंडल की जिम्मेदारी संदीप चमोली और कुमाऊं मंडल की जिम्मेदारी किशोर कुमार देखेंगे। रैली में कार्यकर्ताओं के आवागमनके लिए गढ़वाल मंडल के प्रभारी राजेश शाह, कुमाऊं मंडल के प्रभारी नितिन पंत बनाए गए हैं। प्रदेश स्तरीय संपर्क समिति में जोत सिंह गुनसोला, राजकुमार, गोदावरी थापली, आमेप्रकाश सती बब्बन, सुलेमान अली और आदर्श सूद पर रहेंगे। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह भंडारी ने सभी जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र से आने वाले कार्यकर्ताओं की सूची व्हाट्सऐप नंबर पर भेजें। साथ ही कार्यकर्ताओं की फोटो-वीडियो सहित उपस्थिति रिपोर्ट भी दें।

### 50 से अधिक वाहनों से दिल्ली कूच करेंगे कांग्रेसी

**रामनगर:** दिल्ली की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में रामनगर से 50 से अधिक वाहनों से कार्यकर्ता दिल्ली रवाना होंगे। बैठक में पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रामलीला मैदान दिल्ली चलने का आह्वान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में खुलेआम वोट चोरी गंभीर मुद्दा बन गया है। लोकतंत्र समाप्ति की ओर है। बैठक में अनिल अग्रवाल, भुवन शर्मा, देशबंधु रावत, ओमप्रकाश आर्या, ललिता उपाध्याय, ममता आर्या, शतेश्वरी रावत, वीना रावत, रमेश पोखरियाल, घनश्याम गिरी, मनोज गोस्वामी, भुवन पांडे, हरदीपसिंह दिप्पा आदि मौजूद रहे।

# कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर की भागीदारी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा कुमाऊं मंडल विकास निगम के सहयोग से कुमाऊंनी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन होटल सेंट्रल, माल रोड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि कुमाऊं के व्यंजनों का देश में ही नहीं, विदेशों में भी विशेष स्थान है। ये व्यंजन केवल पौष्टिक ही नहीं, बल्कि अत्यंत स्वादिष्ट भी होते हैं। भंडारी ने घोषणा की कि आगामी वर्ष से पर्यटन विभाग इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जया पालीवाल, द्वितीय पुरस्कार सुनीति, और तृतीय पुरस्कार प्रेमा करायत को मिला। वहीं विशेष पुरस्कार मीना शाह, खिलपा देवी, गुंजन, हेमा रौतेला, नीलम बिष्ट, सोनिका राणा, लीला देवी, पायल, सावित्री असवाल, तरन्नुम, रमा बिष्ट और ईशा आदि को दिए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. गिरीश रंजन तिवारी थे। निर्णायक मंडल में अंजू जगाती और बिन्ना शाह शामिल रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष आभा शाह, संयोजक अमिता सह, सरिता त्रिपाठी, हेमा भट्ट, रानी शाह, विनिता पांडे, कविता त्रिपाठी, प्रगति जैन, रमा भट्ट, रोमा लोहनी, दीपिका बिनवाल, डॉ. पल्लवी, मधुमिता, दया कुंवर, ज्योति दोदियाल, वर्षा आर्य आदि उपस्थित रहे।

# प्रो. ललित पांचवीं बार बने कूटा के अध्यक्ष

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। चुनाव अधिकारी जगदीश पपने की देखरेख में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित चुनाव में कूटा संविधान के अनुसार दिसंबर माह में होने वाली वार्षिक प्रक्रिया पूरी की गई। संघ की नई कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 तक निर्धारित है।

चुनाव में सभी पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। प्रोफेसर ललित तिवारी लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष बनाए गए। वहीं डॉ. दीपक कुमार तीसरी बार उपाध्यक्ष चुने गए, जबकि प्रो. नीलू लोदियाल दूसरी बार उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुईं। प्रो. युगल जोशी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी प्रकार डॉ. संतोष कुमार दूसरी बार संयुक्त सचिव चुने गए, डॉ. शिवांगी चनियाल को कोषाध्यक्ष पद मिला तथा डॉ. कुबेर गिनती संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रो. अनिल बिष्ट, प्रो. दीपिका गोस्वामी और डॉ. अशोक कुमार संगीत को निर्वाचित घोषित किया गया।

चुनाव अधिकारी जगदीश पपने ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। चुनाव के दौरान प्रोफ. सुषमा टम्टा, डॉ. कपिल खुलबे, संतोष कुमार, गोपाल बिष्ट सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति के लिए पवन व सोनाक्षी का चयन

**कालाढूंगी:** मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य भुवन सिंह बिष्ट ने बताया कि छात्र पवन बधानी एवं सोनाक्षी आर्या का चयन हुआ है। दोनों कक्षा 9 के विद्यार्थी हैं जिन्हें आगामी वर्षों में सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रों के चयन होने पर विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू जोसेफ,सि स्वर्णा रीना कंबोज, मनमोहन बसेड़ा, कमलकांत जोशी,दीपिका बधानी, रेनू बिष्ट, फ्रांसिस मसीह, एरिक पीटर आदि ने छात्रों को बधाई दी है।

# मानवाधिकार दिवस पर समाजसेवी सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीरूमदारा क्षेत्र में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय समाजसेवी मालवी दुआ ने किया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को मानवाधिकारों की जानकारी दी गई। इस मौके पर मानवाधिकार और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे मालवी दुआ, याना खान, हरीश सनवाल, राहुल डंगवाल, मिथलेश डंगवाल, एडवोकेट पूरन पांडे, एडवोकेट मनु अग्रवाल, इंदु ध्यानी, पूजा पटवाल, कांता भंडारी, हेमलता रावत, अनु शर्मा, डॉ. सतवीर सिंह, एमएस बिष्ट सहित कुल 16 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार मयंक मैनाली, प्रकाश भट्ट, न्यूज़ प्रिंट के कुलदीप अग्रवाल, गौरव मैंदोलिया को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट पूरन पांडे व संचालन एडवोकेट मनु अग्रवाल ने किया। उन्होंने लोगों को मानवाधिकारों की जानकारी दी।

### शिविर में 51 यूनिट रक्त किया एकत्र

**चोरगलियां:** नेचर लिस्ट दीपक चौसली ने अपने जन्मदिन पर सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में लगभग 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। दीपक चौसली ने बताया कि वह 9 सालों से जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगा रहे हैं। ब्लड कलेक्शन स्वर्गीय बालकृष्ण देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड बैंक मुखानी द्वारा किया गया। इस मौके पर नंदन दुर्गापाल, अर्जुन बिष्ट, ग्राम प्रधान गजेंद्र प्रसाद, आशु बुघाणी, बीडीसी मेंबर मनमोहन गढ़कोटी, इंद्रजीत सिंह, योगी मेहरा, डॉ. चंदन चौहान, पंकज रहे।

## समारोह

धूमधाम से मनाया गया आर्मी स्कूल हेमपुर का वार्षिकोत्सव, एक भारत–श्रेष्ठ भारत का दिया गया संदेश

# वार्षिकोत्सव पर देश की संस्कृति में रंगा आर्मी स्कूल

संवाददाता, रामनगर



मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती आर्मी स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आर्मी स्कूल हेमपुर के वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दिलकश प्रस्तुति देते हुए मौजदा अभिभावक एवं दर्शकों की खूब वह वाही बटोरी। मंच पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से देश की विविधता, सांस्कृतिक विरासत, एकता और समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित किया। देर रात तक मंच पर विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक संगीत और शानदार नृत्य कौशल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्री - प्राइमरी के बच्चों ने ''बाल-रामलीला'' प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया तो एक शिष्य के नटखट स्वभाव को दर्शाते नाटक ने कार्यक्रम में हास्य का रस घोल दिया। कुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ने संदेश दिया कि भारत भले ही विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम है, लेकिन एकता की डोर हम सभी को मजबूती से बांधती है। मोबाइल के दुष्प्रभावों को दर्शाता मूक अभिनय भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम में बांसुरी वादन, होली गायन, कथक नृत्य तथा योगासन की प्रस्तुति से विद्यार्थियों में भारतीय कलाओं के प्रति बढ़ते रुझान की झलक मिली। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन और स्थानीय आर्मी स्टेशन के कमांडेंट ब्रिगेडियर सुखवीर सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया। प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विद्यालय चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह ने उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए सानिया रावत, मरियम, अदिति सिंह, गरिमा, विवेक नेगी, आराध्या जोशी, राधिका बिष्ट, कृष्ण सिंह तथा खेलकूद में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाने के लिए अंश बिष्ट, अस्मिता कौर, जैनी राणा, सिया ध्यानी, प्रकृति, प्रियांशु ख्योंशाली, अमन राज, पठानिया, मणिकार्निका, योगिता और नेहा सहित विभिन्न विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया किया। कार्यक्रम में कर्नल जगदीप, ले. कर्नल जीटी आदर्श, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, समाजसेवी उर्वशी बाली, आईजीएल के कार्यकारी निदेशक अलोक सिंघल, डॉ. पंकज रावत, डॉ. एथशाम शमी, सूबेदार मेजर चंद्रा सिंह, कैप्टन सुरेंद्र सिंह रावत, नायब सूबेदार विनोद सिंह समेत अभिभावकगण, पूर्व विद्यार्थियों तथा अनेक लोग मौजूद रहे।

# कुमाऊं विवि में इंडस्ट्री लिंक्ड ओपन हायरिंग योजना शुरू

संवाददाता, नैनीताल

● **प्लेसमेंट और करियर अवसरों को मिलेगा नया आयाम**

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने और रोजगार उन्मुख शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) किया है। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय में इंडस्ट्री लिंक्ड ओपन हायरिंग (आईएलओएच) योजना शुरू की जाएगी, जो उद्योग अकादमिक सहयोग को नई दिशा देने वाली पहल मानी जा रही है।

कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने बताया कि यह योजना श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की एक प्रमुख रोजगार-संवर्धन पहल है। देशभर से चुनी गई 25 विश्वविद्यालयों में कुमाऊँ विश्वविद्यालय को शामिल किया गया है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता और उद्योग सहयोग क्षमता को दर्शाता है। सीआईआई इस कार्यक्रम का मुख्य उद्योग भागीदार है। आईएलओएच योजना का उद्देश्य छात्रों को जॉब-लिंक्ड स्किल प्रशिक्षण, इंडस्ट्री–ओरिएंटेड कोर्सेज, और प्रत्यक्ष प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराना है। इस मॉडल में उद्योग आवश्यक कौशलों को परिभाषित करता है और विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रम को उद्योग की मांगों के अनुरूप अद्यतन करता है, जबकि श्रम मंत्रालय कार्यक्रम का समन्वय और निगरानी करता है।

योजना के तहत सीआईआई की ओर से डीएसबी कैंपस में 3–4 विशेषज्ञ तैनात किए जाएंगे, जो छात्रों को करियर मार्गदर्शन, स्किल ट्रेनिंग, मोटिवेशनल कार्यक्रम और कंपनियों से जोड़ने में सहायता करेंगे। इससे छात्रों को वास्तविक उद्योग वातावरण समझने, कार्य–संस्कृति सीखने और प्रोफेशनलिज़्म विकसित करने का अवसर मिलेगा।

प्रो. रावत ने कहा कि यह सुविधा केवल प्रोफेशनल कोर्सेस तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान के छात्रों को भी समान रूप से लाभ देगी। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एमएस मंद्रवाल, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधि वैभव दाधिच, वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### देसी शराब के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने देसी शराब के 96 टेट्रा पैक के साथ एक स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया है। 9 दिसंबर को मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी चौकी ने टीम के साथ आरोपी को दूध डेयरी के पास से पकड़ा। स्कूटी में उसने शराब रखी थी। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी मोहित बताया।

### कोचिंग से निकला नाबालिग लापता

**हल्द्वानी :** कोचिंग से पेपर लेने घर के लिए निकला नाबालिग लापता हो गया। मुखानी पुलिस को दी तहरीर में लोहरियासाल मल्ला ऊंचापुल जय विहार निवासी योगेश चंद्र पंत ने लिखा, उनका बेटा सार्थक पंत 16 साल का है और वह ऊंचापुल स्थित बिष्ट क्लासेस में ट्यूशन पढ़ने गया था, लेकिन फिर लौट कर घर नहीं आया। बिष्ट क्लासेस में पता करने पर बताया गया कि सार्थ को पेपर लेने के लिए घर भेजा गया था, लेकिन फिर वह लौटा नहीं। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी गई है।

### मानवाधिकार दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं

**हल्दूचौड़ :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर चार्ट, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यश जोशी, द्वितीय स्थान नेहा खोलिया एवं तृतीय स्थान अंजलि ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को मानवाधिकार दिवस की उपयोगिता और महत्व से अवगत कराया। डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे ने विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के सम्पूर्ण इतिहास की जानकारी प्रदान की। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. मंजु जोशी, डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे एवं डॉ. कमलेश्वर त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर डॉ. नीलम कनवाल, डॉ. गीता भट्ट, हेमा जीना, राकेश कुमार एवं कला संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत संचालन राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. गीता तिवारी पाण्डे के द्वारा किया गया।

### ग्रामीणों को दी यूसीसी के लाभों की जानकारी

**रामनगर :** बाल विकास परियोजना के तहत पंचायत घर हिम्मतपुर डोटियाल में नुक्कड़ नाटक से विवाहित जोड़ों को यूसीसी के लाभ बताए। बाल विवाह को अक्षम्य अपराध बताते हुए इस पर रोक लगाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। यूसीसी पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज की जानकारी व विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता आर्य, सुपरवाइजर खष्टी गोस्वामी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी करगेती, सर्वेश, मुन्नी उपाध्याय, योगिता उपस्थित रहे।

---

### 84 गांव ऐसे हैं जहां 10 किमी तक नहीं है सड़क, अल्मोड़ा जिले में सबसे ज्यादा गांव हैं सड़कविहीन

# राज्य की रजत जयंती, 6291 गांवों तक नहीं पहुंच सकी सड़क

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य बने हुए 25 साल का समय हो गया है लेकिन अभी 6291 गांव ऐसे हैं जहां तक सड़क नहीं पहुंची है। पर्वतीय जिलों में अल्मोड़ा जिला पहले नंबर पर है जहां सबसे ज्यादा गांव ऐसे हैं जहां सड़कें नहीं पहुंची हैं।

ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग से मिली जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा में 1055 गांव ऐसे हैं जहां सड़क नहीं है। इनमें पांच गांव ऐसे हैं जहां सड़क तक पहुंचने के लिए 10 किमी का सफर पैदल तय करना पड़ता है। दूसरे नंबर पौड़ी जिले में 934, तीसरे नंबर पर पिथौरागढ़ में 922 गांव ऐसे हैं जो सड़क से पूरी से वंचित हैं। विभाग के अनुसार राज्य में 6 से 10 किमी तक सड़क की दूरी पर 376 और शून्य से 5 किमी तक सड़क की दूरी पर 5828 गांव हैं। राज्य में हरिद्वार जिला ऐसा हैं जहां कोई भी ऐसा गांव नहीं है जहां तक सड़क नहीं पहुंची हो। मैदानी जिला ऊधमसिंह नगर जिले में चार गांव ऐसे हैं जहां तक सड़क नहीं पहुंची है। ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग के शोध अधिकारी गजपाल चंदानी के अनुसार पर्वतीय जिलों के ग्राम, तोक, मंजरों की संख्या सड़क से वंचित होने के मामले मैदानी जिलों के ग्राम, तोक, मंजरों की अपेक्षा अधिक हैं।

#### ओखलकांडा के गांव सबसे ज्यादा सड़क विहीन

**हल्द्वानी :** राज्य के विकासखंडों में नैनीताल जिले के ओखलकांडा, अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी और पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट विकासखंड ऐसे हैं जहां सबसे ज्यादा गांव ऐसे हैं जहां तक सड़क नहीं पहुंची है। इन ब्लॉकों में क्रमशः 197, 194, 191 गांव ऐसे हैं जहां तक सड़क नहीं पहुंची है। विकासनगर, हल्द्वानी, रुद्रपुर और बाजपुर विकासखंड मैदानी क्षेत्र हैं लेकिन यहां भी एक-एक ग्राम ऐसा है जहां तक सड़क नहीं पहुंची है। विकासखंड डोईवाला, बहादराबाद, भगवानपुर, खानपुर, नारसन, लक्सर, काशीपुर, सितारगंज, जसपुर और गदरपुर के सभी राजस्व ग्रामों तक सड़क मार्ग उपलब्ध है।

#### दो साल में 356 गांवों तक पहुंची सड़क

**हल्द्वानी :** प्रतिवर्ष सड़क से विहीन गांवों तक सड़क पहुंचाने की रफ्तार बेहद ही धीमी है। उत्तराखंड आर्थिक सर्वेक्षण की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 से 2024 तक राज्य में 356 गांव ऐसे हैं जिनको सड़क से जोड़ा गया है। प्रतिवर्ष औसतन करीब 178 गांवों को सड़क से जोड़ा गया है। इस रफ्तार से आगे बढ़े तो अभी राज्य को काफी साल लग जाएंगे सड़क विहीन गांवों तक सड़क पहुंचाने के लिए। सबसे ज्यादा दिक्कत पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क पहुंचाने के लिए वन विभाग से अनुमति मिलने में होने वाली देरी है।

#### राज्य में सड़कों से वंचित गांवों का जिलेवार विवरण

| क्रमांक | जनपद | ग्राम/टोला की संख्या | 0–5 किमी | 6–10 किमी | 10 किमी से अधिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्मोड़ा | 1055 | 1013 | 37 | 5 |
| 2 | पौड़ी | 934 | 877 | 57 | 0 |
| 3 | पिथौरागढ़ | 922 | 834 | 54 | 34 |
| 4 | टिहरी | 825 | 770 | 52 | 3 |
| 5 | चमोली | 555 | 519 | 22 | 14 |
| 6 | नैनीताल | 529 | 492 | 30 | 8 |
| 7 | चम्पावत | 358 | 314 | 36 | 7 |
| 8 | बागेश्वर | 354 | 331 | 22 | 1 |
| 9 | उत्तरकाशी | 265 | 224 | 32 | 9 |
| 10 | रुद्रप्रयाग | 251 | 240 | 10 | 1 |
| 11 | देहरादून | 239 | 210 | 24 | 0 |
| 12 | यूएसनगर | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 13 | हरिद्वार | 0 | 0 | 0 | 0 |

### मैदान में कोहरे के साथ ठिठुरन, पहाड़ में धूप

**हल्द्वानी:** राज्य में मौसम अलग रंग दिखा रहा है। मैदान में जहां कोहरे छाने लगा है तो पहाड़ों में पारा चढ़ रहा है। चटक घाम का लोग आनंद ले रहे हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री है जो सामान्य से दो डिग्री कम है। अब मैदानी इलाकों जैसे ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार व नैनीताल और देहरादून के मैदानी इलाकों में कोहरे की शुरूआत हो गई है। यहां कोहरे के साथ ही ठिठुरन बढ़ी है तो पहाड़ों में दिन के समय तापमान में जबरदस्त वृद्धि हुई है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 20.1 डिग्री रहा जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा है। हालांकि रात को पारे में गिरावट आ रही है और यह 5.5 डिग्री रहा है। अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा। पहाड़ों में लोग दिन के समय धूप का आनंद लेंगे।

---

# सख्त रही सुरक्षा, बनभूलपुरा में घुसने पर रहा प्रतिबंध

### फैसले की घड़ी का रहा इंतजार, बैरिकेडिंग से सभी रास्तों को घेरा, फिर टल गई सुनवाई, अब 16 दिसंबर को नियत की गई नयी तारीख


कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले के फैसले का इंतजार और बढ़ गया है। फैसला बुधवार यानी 10 दिसंबर को संभावित था और इसको लेकर लोग दिल्ली की ओर टकटकी लगाए बैठे रहे। पुलिस भी यही मान कर चल रही थी कि फैसला आ सकता है और इस लिहाज से सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किए गए थे। हालांकि सुनवाई एक बार फिर से टल गई और अब सुनवाई के लिए नयी तारीख 16 दिसंबर मिली है।

इस प्रकरण में रेलवे विभाग का दावा है कि बनभूलपुरा में ऐसे चार हजार से ज्यादा घर हैं, जो उनकी जमीन पर काबिज हैं। हाईकोर्ट ने जब रेलवे के पक्ष में फैसला सुनाया तो इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट में लंबी बहस चली। जिसके बाद शीर्ष कोर्ट ने फैसले का निर्णय लिया। बीती 2 दिसंबर को इस मामले पर फैसला आ सकता था, लेकिन किन्हीं कारणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई और नयी तारीख मिल गई। फैसले पर टकटकी लगाए लोगों को 10 दिसंबर तक और इंतजार करने को गया हालांकि 10 दिसंबर को भी फैसला नहीं आया। इस मामले की हियरिंग का नंबर 23वां था और अन्य मामलों की सुनवाई की वजह से नंबर नहीं आ सका। विधायक सुमित हृदयेश और सपा प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी दिल्ली में मौजूद रहे। इधर, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को रूट डायवर्जन प्लान जारी कर बनभूलपुरा को सील कर दिया था। बनभूलपुरा में सिर्फ क्षेत्र के लोगों को ही आने-जाने की अनुमति थी। बुधवार सुबह से ही एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी जवानों के साथ डटे रहे। भारी-भरकम फोर्स और आसमान से चार ड्रोन लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रहे थे। हल्द्वानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।



गौला पुल पर बनभूलपुरा की ओर जाने वाले लोगों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार





बाजार से बनभूलपुरा में जाने वाले रास्ते को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया। यहां पुलिस फोर्स भी तैनात रही। ● अमृत विचार

## हिंसा की आशंका पर 17 गिरफ्तार, 136 लोग पाबंद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मंगलवार से शुरू की गई गिरफ्तारियों का सिलसिला बुधवार तक जारी रहा
- शंका के आधार पर 2 दिसंबर से पहले भी की गई थीं ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां

**अमृत विचार :** पुलिस को आशंका थी कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद हिंसा फैल सकती है, लोग विरोध कर सकते हैं या फिर कुछ लोग आमजन को भड़का सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने चिह्निकरण शुरू किया और बुधवार सुबह होते-होते 17 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि 136 लोगों को मुचलका पाबंद किया। हालांकि फैसले की तारीख एक बार फिर टल गई।

संभावित फैसले से पहले पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर थी। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी खुद मैदान में उतरकर पुलिस बल को फ्रंट से लीड कर रहे थे। उनके निर्देश थे कि फैसले के बाद माहौल न बिगड़े। इसे देख संभावित उपद्रवियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। 17 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 136 व्यक्तियों के खिलाफ भारी धनराशि पर मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई।

जिले की सीमाओं पर सघन चेकिंग की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल की तैनाती थी और संदिग्ध निगरानी में थे। बिना पहचान पत्र घूमने और अनावश्यक आवागमन पर सख्ती से पूछताछ की गई। इस दौरान एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी जीआरपी अरुणा भारती, एसपी रेलवे पीके श्रीवास्तव, सीओ दीपशिखा अग्रवाल, एसपी दूरसंचार रेवाधर मठपाल, सीओ अमित कुमार सैनी, निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल, एलआईयू निरीक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा आदि रहे।

### बनभूलपुरा की घेराबंदी में उलझा रहा सारा शहर, गलियां और सड़कें रही जाम

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा की घेराबंदी में बुधवार को हल्द्वानी शहर उलझ कर रह गया। शहर में दाखिल होने और बाहर जाने की जुगत में लगे लोग उलझ कर रह गए। हालात ऐसे हुए कि गौला बाईपास और बरेली रोड से जोड़ने वाला गौजाजाली रोड चोक हो गया। जिसका असर बरेली रोड पर पड़ा और बरेली रोड पर लंबा जाम लग गया। सुप्रीम कोर्ट से आने वाले संभावित फैसले और फैसले के बाद हिंसा की आशंका को देखते हुए पुलिस ने बनभूलपुरा को सील कर जीरो जोन घोषित कर दिया। यानी बनभूलपुरा से गुजरने की इजाजत किसी को नहीं थी, सिवाय बनभूलपुरावासियों के। हालांकि बनभूलपुरा से चोरगलिया, चम्पावत और पिथौरागढ़ की ओर जाने वाले लोग बहुतायत की संख्या में गुजरते हैं। बुधवार को जब इन लोगों को बनभूलपुरा से जाने का रास्ता नहीं मिला तो वह अन्य रास्ते खोजने लगे। जब लोगों को शनिबाजार रोड भी बंद मिला तो संकरे गौजाजाली मार्ग पर जा पहुंचे। यह मार्ग गौलापार बाईपास से बरेली रोड को जोड़ता है। संकरे रोड पर भारी यातायात एकत्र होने से यह चोक हो गया। जिसका असर बरेली रोड पर पड़ा और बरेली रोड पर करीब डेढ़ किमी लंबा जाम लग गया। यातायात का दबाव शहर में भी देखने को मिला।



---

## कालूसिद्ध मंदिर से दो किग्रा का चांदी मुकुट ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख कालू सिद्ध मंदिर का ताला चोरों ने तोड़ डाला। चोर यहां से करीब दो किलो वजनी चांदी का मुकुट, चांदी के बर्तन समेत पुरानी मुद्रा व अन्य सामान उड़ा ले गए। इस घटना ने पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जबकि मंदिर के ठीक सामने पुलिस कंट्रोल रूम से जुड़ा एक सीसीटीवी भी लगा है। मंदिर भी कोतवाली से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

मंदिर के व्यवस्थापक महंत निरंजन गिरी ने बताया कि यह घटना 6 दिसंबर की रात करीब 12 बजे की है। चोर मंदिर का ताला तोड़कर अंदर आए और करीब दो किग्रा चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। मुकुट के साथ चोरों ने चांदी के लोटे, थालियां, 35 हजार रुपये की पुरानी मुद्रा, मंदिर की रसोइए का कोट-पैंट और एक हजार रुपये पार कर दिए। घटना का पता तब हुआ जब अगले दिन मंदिर प्रबंधन ने सीसीटीवी खंगाले। इसमें शातिर वारदात को अंजाम देते नजर आए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## कार खाई में गिरी, दो पर्यटकों की मौत, 6 घायल

संवाददाता, भवाली (नैनीताल)

**अमृत विचाार:** रामगढ़ के गागर क्षेत्र में मंगलवार देर रात लगभग 11.30 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। पर्यटकों की महिन्द्रा कार संख्या यूपी14 एफके 1616 अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के रहने वाले बताए गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही भवाली पुलिस तथा एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद खाई में गिरे सभी आठ लोगों को बाहर निकाला गया और तत्काल भवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सचिन (32) पुत्र विजेंद्र चौधरी और लक्षी (12) पुत्र विकास को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत की खबर से परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं गंभीर रूप से घायल अन्य छह पर्यटकों नितिन (32), रुचि (39), निस्ता (14), शामा, कंचन (26) और लवे (11) को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है।

कोतवाल प्रकाश सिंह मेहरा ने बताया कि पुलिस ने तेजी से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी लोग गाज़ियाबाद निवासी हैं और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पर्वतीय मार्गों पर लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। हादसे ने पर्यटन सीजन के दौरान सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**हल्द्वानी :** लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित पुराने पुलिस चेकपोस्ट के पास मंगलवार देर शाम सड़क हादसा हो गया। पंतनगर से लालकुआं की ओर आ रहा एक साइकिल सवार युवक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक ने ट्रैकसूट पहन रखा था, जिसकी शिनाख्त के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं। हादसे के बाद पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक का सुराग मिल सके।

## बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 20 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से एक बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। यहां रहने वाले एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को साइबर क्रिमिनल ने उन्हीं के घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया। तीन दिन तक लगातार डिजिटली अरेस्ट कर जालसाजों ने उनसे 20 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने मामले में साइबर पुलिस थाना रुद्रपुर में अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

नरसिंह बाड़ी बड़ी मुखानी पंचायतघर निवासी 80 वर्षीय धन सिंह बिष्ट पत्नी के साथ रहते हैं। इफ्को बरेली से सेवानिवृत्त धन सिंह की इकलौती बेटी बंग्लुरु में रहती है। उनकी मानें तो बीती 7 दिसंबर को उनके पास एक महिला का फोन आया, जिसने खुद दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके नाम से दिल्ली में एक बैंक खाता है, जिसके जरिये बड़ा ट्रांसजेक्शन हो रहा है और ये बैंक खाता उन्हीं के आधार कार्ड से खोला गया। इसके बाद कभी उन्हें क्राइम ब्रांच तो कभी सीबीआई के फर्जी अधिकारी वीडियो कॉल करने लगे। उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखा कर डिजिटली अरेस्ट कर लिया गया। जब यह सब हो रहा था, तब धन सिंह की पत्नी भी घर में थीं, लेकिन उनमें इतना खौफ भर दिया गया था कि वह पत्नी को भी कुछ बता नहीं सके। 8 दिसंबर को जालसाजों ने धन सिंह की एफडी तुड़वा दी और 9 तारीख को 20 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जालसाजों ने यहां तक धमकाया था कि इस बात की भनक किसी को हुई तो उन्हें घर से गिरफ्तार किया जाएगा। मुखानी एसओ सुशील जोशी ने बताया कि मामला साइबर क्राइम पुलिस रुद्रपुर को ट्रांसफर कर दिया गया है।

### शादी में जाने से रोका, रुक जाते और गंवाते

**हल्द्वानी :** बीती 9 दिसंबर को रामनगर के छोई में धन सिंह बिष्ट के भाई के बेटे के बेटी की शादी थी। डिजिटल अरेस्ट के दौरान जब धन सिंह ने शादी में जाने की बात कहीं तो फर्जी अधिकारी बने साइबर क्रिमिनल ने उन्हें पूछताछ खत्म होने तक घर से बाहर कदम न निकालने की हिदायत दी। हालांकि वह 9 दिसंबर को शादी में पहुंचे और जब करीबियों ने उन्हें गुमसुम देखा तो पूछताछ की। फिर भी उन्होंने कुछ नहीं बताया। इसीबीच साइबर क्रिमिनल का फिर से फोन आया, वह उन्हें डराने-धमकाने लगे। इसी के बाद मामला खुला और लोग उन्हें लेकर मुखानी पुलिस के पास पहुंचे। करीबियों का कहना है कि अगर वह डर के घर में बैठे रहते और शादी में न आते तो और बड़ी ठगी हो सकती थी।

---

## लोक संस्कृति दर्शाने वाला भव्य होगा इस बार का उत्तरायणी मेला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की आम बैठक में मेले को लेकर हुए कई अहम फैसले

**अमृत विचार :** पर्वतीय संस्कृतिक उत्थान मंच की आम बैठक बुधवार को हीरा नगर स्थित मंच परिसर में संपन्न हुई। इसमें उपस्थित सदस्यों ने पर्वतीय संस्कृति को उजागर करने वाले उत्तरायणी मेले को भव्य व आकर्षक बनाने के लिए सुझाव देने के साथ-साथ संस्था में सुधार के लिए भी विचार प्रकट किए।

संस्थापक सदस्य हरीश सिंह मेहता ने सुझाव दिया कि शहर और गांव में विभिन्न संस्थाओं को शोभायात्रा में झांकी लाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। देवेंद्र धर्म सत्तू ने समाज के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शोभा यात्रा के लिए कमेटी गठन पर भी विचार किया गया। कई सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए नए कलाकारों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने कहा कि इस वर्ष मेले को नया भव्य व आकर्षण स्वरूप दिए गए। सुझावों के अनुरूप दिया जाएगा बैठक में मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने प्रस्ताव रखा कि संस्था की चुनाव प्रक्रिया में सुधार किया जाए जिससे निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराया जा सके। उन्होंने कहा कि न्यूनतम 1100 आजीवन सदस्य बनाए जाएं और सदस्यता शुल्क 1100 रुपए रखा जाए। बैठक में उपस्थित 30 सदस्यों ने आजीवन सदस्यता भी ग्रहण की सदस्यता अभियान के लिए लक्ष्मण सिंह लमगड़िया को सदस्यता अभियान का संयोजक बनाया गया।

बैठक में निर्णय लिया कि 11 00 आजीवन सदस्य बन जाने के बाद ही संस्था के चुनाव कराए जाएंगे। बैठक में शोभा यात्रा को भव्य व आकर्षक बनाने को त्रिलोक बनोली के नेतृत्व में चार सदस्यों की कमेटी बनाई गई। इसमें नरेंद्र बगड़वाल, शैलेंद्र दानू व मनोज खुल्बे को मनोनीत किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, भुवन जोशी, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, नवीन वर्मा, हेमंत बगड़वाल, पृथ्वी पाल सिंह रावत, डॉ. केदार पलाडिया, एनबी गुणवंत, बृजमोहन बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, रितिक आर्य, कमल किशोर, धर्म बिष्ट, प्रताप चौहान, जगमोहन बगड़वाल, मनोज खुल्बे, मुकेश शर्मा, एनडी तिवारी, जेएस बिष्ट, आनंद सिंह भाकुनी, श्याम सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।



हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में वार्ता करते सदस्य। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### यूओयू छात्र 26 तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विवि ने अपने शिक्षार्थियों को रजिस्ट्रेशन के लिए एक और मौका दिया है। विवि ने रि-रजिस्ट्रेशन के लिए 26 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। हालांकि आगामी सत्र से रि-रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था समाप्त होने जा रही है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी के अनुमोदन के बाद विवि ने शिक्षार्थियों को राहत दी है।

### कैडेट्स को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार की संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एनसीसी कैडेट्स का 7 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। इसमें हल्द्वानी के रानीबाग में प्रशिक्षणार्थी को भूस्खलन, खोज, खोज के प्रकार, उपकरण के बारे में जानकारी, गांठे एवं फंदों का अभ्यास एवं जम्मरिंग के बारे जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 70 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। टीम में मास्टर ट्रेनर नवीन चंद्र, खोज एवं बचाव एवं लोक भवन स्थित एसआई मनीष भाकुनी, सुरेंद्र कुमार, अमन, हर्ष की ओर से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### पीएनबी ने कृषि प्रसार कार्यकम आयोजित किया

**हल्द्वानी :** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय की ओर से बुधवार को सितारगंज शाखा में कृषि प्रसार कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरभ सिंघल व महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने किया। मंडल प्रमुख सिद्धार्थ अधिकारी ने मुख्य अतिथियों का सम्मान किया। इस मौके पर ग्राहकों को कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं जैसे स्वयं सहायता समूह, केसीसी, केजीएस, कृषि अवसंरचना निधि के बारे में जानकारी दी। मौके पर लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बैंक से लोन लेने के बाद जीवन में आत्मनिर्भरता संबंधी बदलाव के अनुभव भी साझा किए। इस दौरान एमसीसी प्रभारी उदय शंकर महाजन, मुख्य प्रबंधक मुर्करम अली, निखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मैथ विजार्ड व स्पेलिंग प्रतियोगिता आयोजित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र धौलाखेड़ा में बुधवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए मैथ विजार्ड व स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता हुई, जिसमें हल्द्वानी ब्लॉक के पांच संकुलों से कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में तान्या भदोरिया, राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय धौलाखेड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठघरिया के मयंक बर्गली द्वितीय, राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड के शिवम कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। मैथ विजार्ड प्रतियोगिता में पवन राजपूत, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलबाबा ने प्रथम स्थान, नवल जोशी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय परमा द्वितीय और अरनव राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कुसुमखेड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षाधिकारी ने सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल व इवेंट प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी तारा सिंह, रजनी पांडे, पूर्णिमा कांडपाल, उमा कार्की, डिकर सिंह पडियार, तारा सिंह, मदन सिंह, हेमलता पांडे, परमानंद भारद्वाज, दिलीप सिंह, रेनू पुनेठा, सरस्वती मेहरा रहे।

## ज्यादातर मरीज इन्हीं बीमारियों के आ रहे अस्पताल, पाइल्स की समस्या भी लोगों में तेजी से बढ़ रही

# संधिवात, खांसी के रोगियों की आयुर्वेद अस्पताल में भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आयुष अस्पताल मिनी स्टेडियम के सामने मरीजों की भीड़ ओपीडी में लग रही है। ओपीडी में प्रतिदिन 400 से 500 मरीज पहुंच रहे हैं। इन दिनों अचानक से रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। सबसे ज्यादा मरीज संधिवात (जोड़ों का दर्द) और खांसी के आ रहे हैं। इनके अलावा अन्य बीमारियों के रोगियों की संख्या भी काफी ज्यादा है।

आयुष अस्पताल में आयुर्वेद, पंचकर्म, होम्योपैथ और योग विद्या के आधार पर मरीजों का उपचार होता है। आधुनिक मेडिकल साइंस के दौर में भी इन विद्याओं का महत्तव आज भी कायम ही नहीं है बल्कि यह लगातार बढ़ रहा है। आयुष अस्पताल में इन दिनों ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मरीजों की ओपीडी 400 से 500 तक जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दियों के मौसम में गठिया रोगों की समस्या बढ़ जाती है जिसे आयुर्वेद में संधिवात कहा जाता है। इस बीमारी के साथ ही ठंड बढ़ने के साथ ही खांसी, सर्दी के रोगी भी बढ़ रहे हैं। साथ ही पाइल्स की समस्या के रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप राज मेहरा ने बताया कि जड़ी-बूटियों के आधार पर रोगियों का प्रमुखता के साथ उपचार किया जाता है। सही आहार-विहार और औषधियां समय पर लेने से मरीज ठीक हो रहे हैं। बताया कि आयुर्वेद में परहेज का बहुत ध्यान रखना होता है।

### ठंड में इन बातों का रखें ध्यान

1-खाने लहसुन का इस्तेमाल करें।
2-गहत की दाल का सेवन अधिक करें।
3-गर्म मसालों का उचित इस्तेमाल करें।
4-गुनगुना पानी पीते रहें।
5-दिन में धूप का सेवन करें।

### नव युवाओं में पेट रोग की समस्या

**हल्द्वानी :** आयुष अस्पताल से जानकारी मिली कि नव युवाओं में फास्ट-फूड खाने की लत उनका पेट खराब कर रही है। मोबाइल की वजह से देर रात जागना, सुबह देर से उठना और व्यायाम नहीं करने की वजह से युवाओं को पेट सही से साफ नहीं होना, गैस बनना, पेचिश, पेट फूलना जैसे रोग हो रहे हैं।



# डेढ़ माह से खोदी सड़क की रातों-रात मरम्मत

## रामपुर रोड पर अग्रसेन भवन से सिंधी चौराहे तक सीवर लाइन बिछाने को खोदी गई थी सड़क

**खबर का असर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड पर पेयजल निगम की ओर से सीवर बिछाने के लिए करीब डेढ़ माह पहले सड़क खोदी गई थी, जिसमें करीब बीस दिन पहले कार्य पूरा हो चुका था। इसके बावजूद सड़क दोबारा बनाई नहीं गई थी, जिससे वाहन चालकों के साथ ही आम राहगीर और स्थानीय दुकानदार रोजाना परेशानी का सामना कर रहे थे।

अब डेढ़ माह से खोदी गई सड़क को रातों-रात बना दिया गया है, जिससे जनता को राहत मिली है। अमृत विचार अखबार ने सड़क नहीं बनाए जाने को लेकर दो बार प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। बीते 8 दिसंबर को शुभ लाभ से सिंधी चौराहा तक खतरों भरा सफर शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई थी। इससे पूर्व भी अमृत विचार ने खोदी गई सड़क पर गड्ढों में जोखिम भरे सफर को लेकर खबर प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी ने बीते मंगलवार रात को सड़क की मरम्मत की।

उल्लेखनीय है कि खोदी गई सड़क के गड्डों में कई दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके थे। बीते दिनों स्टैंडर्ड चौराहे के पास गड्ढे में एक स्कूटी चालक महिला गिर गई थी। इसके साथ ही आए दिन बार ई-रिक्शा और ऑटोरिक्शा के गड्ढों में फंसने के कारण जाम भी लग रहा था। बीचों-बीच आधी उखड़ी सड़क में धूल के गुबार और गंदगी से सभी परेशान थे। मुख्य सड़क होने से इस पर वाहनों का भी काफी दबाव रहता है।



खुदाई के बाद वाहन चालकों का सड़क पर चलना हो गया था मुश्किल।



सड़क की मरम्मत के बाद लोगों को मिली राहत। ● अमृत विचार

### पेट्रोल पंप के सामने अभी भी खतरा बरकरार

रामपुर रोड पर खोदी गई सड़क पर पेट्रोल पंप के सामने अभी भी खतरा बरकरार है। यहां बहुत बड़ा गड्ढा है और सड़क बुरी तरह उखड़ी हुई है, जिसमें अभी तक डामरीकरण नहीं किया गया है। सड़क के इस हिस्से पर गड्ढे में दोपहिया वाहन चालक गिर रहे हैं और ई-रिक्शा और ऑटोरिक्शा भी कई बार फंस रहे हैं। बुधवार को भी एक स्कूटी चालक गड्ढे में गिर गया, जिस दौरान वह चोटिल होने से बाल-बाल बचा।

# बस आवंटन में नैनीताल रीजन की हुई अनदेखी

संवाददाता, हल्द्वानी

- 30 के बदले मिली कुल 12 बसें काठगोदाम, अल्मोड़ा, बागेश्वर डिपो को नहीं आवंटित हुई बसें

**अमृत विचार :** परिवहन निगम मुख्यालय ने 100 नई बसों का डिपोवार आवंटन कर दिया है। उम्मीदों के मुकाबले नैनीताल रीजन को मात्र 12 बसें मिली हैं, इसमें हल्द्वानी डिपो को 4 बसें मिलेंगी, जबकि यहां से 16 बसों की डिमांड भेजी गई थी। वहीं, काठगोदाम, अल्मोड़ा और बागेश्वर डिपो को इस बार एक भी बस नहीं मिली है। कुमाऊं के पर्वतीय रूट पर लंबे समय से बसों की कमी बनी हुई है। इसी को देखते हुए निगम ने नई बसें खरीदी थीं और सभी डिपो से डिमांड भी मांगी गई थी। नैनीताल रीजन से 30 बसों की मांग भेजी गई थी, लेकिन यहां बसों का आवंटन कम हुआ है और 12 ही बसें आवंटित की गई हैं। दूसरी ओर, देहरादून रीजन इस बार आवंटन में सबसे आगे रहा। पर्वतीय डिपो देहरादून को 54 बसें मिली हैं, जबकि दून रीजन कुल 76 बसों के साथ शीर्ष पर है।

नैनीताल रीजन में रानीखेत और भवाली डिपो को दो-दो बसें, जबकि हल्द्वानी और रामनगर को चार-चार बसें आवंटित की गई हैं। टनकपुर रीजन को भी 12 नई बसें मिलेंगी। नई खरीदी गई बसें बीएस-6 मानक की होंगी, जो पर्यावरण-अनुकूल, ईंधन दक्ष और आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी। इन बसों के आने से विशेष रूप से पर्वतीय रूटों पर, जहां कई बसें जर्जर हो चुकी हैं। वहां, यात्री सुरक्षित और आरामदायक सफर कर सकेंगे। पर्याप्त मात्रा में नई बसें मिलने से सभी को उम्मीद थी कि निगम का बेड़ा पूरी तरह मजबूत होगा, लेकिन पूरी बसें नहीं मिली। नैनीताल रीजन ने कम बसें मिलने पर निराशा जताई है। खासकर काठगोदाम, अल्मोड़ा और बागेश्वर जैसे पर्वतीय डिपो को इस बार एक भी बस नहीं मिली है।

# होटल के कमरे में मृत मिली अधेड़ महिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- परिवार से अलग हल्द्वानी में रहती थी अल्मोड़ा की रहने वाली महिला
- अंदर से बंद था होटल का कमरा पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला

**अमृत विचार :** मकान मालिक ने किराए पर रहने वाली एक महिला को घर से निकाल दिया। इसके कुछ दिन बाद ही महिला का शव होटल के कमरे में मिला। कमरा अंदर से बंद था और पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो बिस्तर पर महिला का शव पड़ा था। मौके से पुलिस को किसी तरह का जहर नहीं मिला है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से हीरा डुंगरी अल्मोड़ा की रहने वाली 54 वर्षीय रेखा जुहूवाला पुरानी आईटीआई बरेली रोड के पास किराए के मकान में रहती थी। बताया जाता है कि किराया न चुका पाने के बाद मकान मालिक ने रेखा से कुछ समय पहले कमरा खाली करा लिया था। जिसके बाद से वह इधर-उधर भटक रही थी। बुधवार सुबह डायल 112 के जरिए सूचना मिली कि रोडवेज के पास एक निजी होटल के कमरे में रुकी महिला दरवाजा नहीं खोल रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और कई आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। देखा तो अंदर बिस्तर पर महिला का शव पड़ा था।

उसे फौरन अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। क्योंकि घटना स्थल से ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे मौत के वजह की तस्दीक होती। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चलेगा।

# मानवाधिकार दिवस पर किया जागरूक

**भीमताल, अमृत विचार:** एचजी डिग्री कॉलेज, भीमताल में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा सिंह ने किया। डॉ. सिंह ने मानवाधिकार दिवस के इतिहास, संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार घोषणा और भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम से पूर्व बीएड प्रशिक्षुओं ने आसपास के विद्यालयों के कक्षा 12 के विद्यार्थियों पर सर्वेक्षण किया, जिसमें पाया गया कि छात्रों में मानवाधिकारों की जानकारी का स्तर काफी कम है। सर्वेक्षण के परिणाम कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए और मानवाधिकार शिक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने कहा कि, संस्थान द्वारा समय समय पर शिक्षण के साथ सह-शिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में डॉ. बीना नेगी. आरएस खाती, एसएस मौर्या, डॉ. दीपक देसवाल, डॉ. मंजू नेगी, डॉ. विनीता राय रहे।

# आयुक्त ने आग से जले शिशु मंदिर स्कूल का निरीक्षण किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नैनीताल नगर अंतर्गत चीना बाबा मंदिर के निकट शिशु मंदिर स्कूल व दीना होटल में लगी आग से क्षतिग्रस्त भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद नैना देवी मंदिर परिसर में किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों, गेट निर्माण टाइल्स सड़क डामरीकरण और दुकानों आदि के निर्माण के साथ उनका हैंड ओवर करने आदि का निरीक्षण करने के पश्चात क्षतिग्रस्त माल रोड और लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही बिड़ला मार्ग व सुनोव्यू मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया।

मंगलवार रात शिशु मंदिर स्कूल, नैनीताल में आग लग जाने से भवन क्षतिग्रस्त हो गया है जिस कारण वहां अध्यनरत 120 विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था हेतु नवीन भवन का चयन किया जा रहा है। अग्निकांड में स्कूल के साथ एक अन्य भवन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। अग्निकांड के कारणों की जांच हेतु कमेटी गठित कर दी गई है। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि जो भी संभव पूरा सहयोग करेंगे और सरकार की तरफ से जो भी राहत राशि देय है वह उपलब्ध कराई जाएगी। आगजनी के दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा अच्छा कार्य किया गया है।

जिसके बाद कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मानस खंड मंदिर माला के अंतर्गत नैना देवी मंदिर के सौंदर्य करण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। नैना देवी मंदिर परिसर के निकट भोटिया मार्केट स्थापित किए जाने हेतु दुकानें, मार्ग सुदृढ़ीकरण, दीवार शिफ्टिंग, मुख्य द्वार, लाइटिंग और फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है जो अधिकांश पूरा हो गया है। कुमाऊं आयुक्त ने अवशेष कार्यों को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। नैनीताल माल रोड के उपचारात्मक कार्य का भी कुमाऊं आयुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग से कार्य प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद कुमाऊं आयुक्त ने बिड़ला रोड व स्नो व्यू मार्ग का निरीक्षण कर सड़क को तुरंत गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।

इसके बाद आयुक्त ने बिड़ला मार्ग तथा आसपास निर्माणाधीन भवनों का भी निरीक्षण किया। कुमाऊं आयुक्त ने सचिव प्राधिकरण और संबंधित अभियंता को भवन निर्माण की स्वीकृति और अवैध भवन निर्माण के विरुद्ध की गई कार्यवाही से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



नैनीताल में निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### प्रिंसिपल और उनके बच्चों ने खिड़की से कूदकर बचाई जान

**नैनीताल :** नैनीताल के चीन बाबा क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में देर रात लगी भीषण आग के बाद अब हालात सामान्य हैं, हालांकि आग से पूरा स्कूल भवन खाक हो गया। प्रधानाचार्य जगदीश तिवारी ने बताया कि घटना के वक्त वह परिसर में अपने कमरे में थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें आग की सूचना दी, लेकिन जब तक वे बाहर निकलते तब तक आग ने पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया था। आग की लपटें तेज होती देख उनके बेटे ने घर में रखा गैस सिलेंडर खिड़की से बाहर फेंक कर बड़ा हादसा टाल दिया। वहीं उन्होंने अपने दोनों बच्चों को भी खिड़की के रास्ते बाहर निकालकर सुरक्षित बचाया। तिवारी ने बताया कि स्कूल में करीब 126 बच्चे अध्ययनरत हैं, सौभाग्य से घटना के समय स्कूल बंद था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। स्थानीय निवासी विक्रम रावत ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

**फरार तीन वारंटी गिरफ्तार : नैनीताल :** तल्लीताल पुलिस ने तीन वारंटी गिरफ्तार किए हैं। इनमें ललित कुमार, परवेज उर्फ शिंभू और किशोरी लाल निवासी सूर्याजाला दोगड़ा शामिल हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Haji Mohammad Asif Ansari S/o Haji Abdul Gafoor Ansari से बदलकर Mohammad Asif Ansari S/o Abdul Gafur Ansari कर लिया है। अतःभविष्य में मुझे Mohammad Asif Ansari S/o Abdul Gafur Ansari के नाम से जाना पहचाना जाये। वर्तमान पता : Line No 17, Azad Nagar, Haldwani, Nainital

# दमुवाढूंगा में मालिकाना हक को सर्वे में तेजी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सर्वे कानूनगो मिलने के बाद दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति में भूमि के मालिकाना हक को लेकर सर्वे में तेजी आई है। शुरुआती चरण में राजस्व गांव बनाने के लिए दोनों तरफ बाउंड्री का चिन्हांकन किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने इस वर्ष जुलाई में दमुवाढूंगा को राजस्व गांव बनाने के आदेश दिए थे। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत 643 एकड़ भूमि आ रही है। वहीं, 40 हजार की आबादी के साथ ही वार्ड 35, 36 और 37 के लोगों को भी फायदा होगा। राजस्व गांव बनाने का सर्वे नवरात्र में शुरू हुआ था इसमें राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन पिलर्स लगा दिए थे। सर्वे कानूनगो के तबादला होने के बाद सर्वे का मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। जिला प्रशासन को सर्वे कानूनगो मिलने के बाद तेजी आई है। अब इसमें वन विभाग देवखड़ी तपोवन से पनियाली तक बाउंड्री बनाकर उत्तरी सीमा का निर्धारण कर रहा है कि जबकि राजस्व विभाग दक्षिणी सीमा पर चिन्हांकन पर पैमाइश कर रहा है। एक लेखपाल वन विभाग के साथ बाउंड्री निर्माण में मदद कर रहा है जबकि एक सर्वे कानूनगो व तीन लेखपालों की टीम दूसरे छोर पर काम कर रही हैं। इन दोनों सीमाओं के बीच में दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति का क्षेत्र आएगा। उक्त क्षेत्र में अगले 50 वर्षों के हिसाब की कार्ययोजना के अनुसार सर्वे किया जा रहा है ताकि भविष्य में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सीवर लाइन बिछाने के लिए परेशानी नहीं हो। सर्वे पूरा होने के बाद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि दमुवाढूंगा में उत्तरी व दक्षिण सीमा पर वन विभाग व राजस्व की टीमें काम कर रही हैं। सीमा निर्धारण के लिए पैमाइश व चिन्हांकन किया जा रहा है। वन विभाग की बाउंड्री होने के बाद यह तय हो सकेगा कि उक्त भूमि जंगलात की नहीं है।



दमुवाढूंगा में सर्वे करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# डिजिटल युग में मानवाधिकारों की सुरक्षा करना है बड़ी चुनौती

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून विभाग, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग की ओर से डिजिटल युग में मानवाधिकारों की स्थिति सशक्तिकरण या क्षरण विषय पर मंडल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई।

मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों ने डिजिटल युग में मानवाधिकारों की बदलती चुनौतियों, अवसरों, केस लॉज और विधिक प्रावधानों पर अपने तर्कों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि डिजिटल युग में मानवाधिकारों की सुरक्षा आज की सबसे महत्वपूर्ण चुनौती है।

प्रतियोगिता में वासुदेव लॉ कॉलेज की आराध्या ने पक्ष में प्रथम स्थान और प्रतीक भट्ट ने विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूओयू के मानवाधिकार विभाग की अनिता रावत ने पक्ष में द्वितीय जबकि राजेंद्र प्रसाद लॉ कॉलेज की लक्षिता ने विपक्ष में द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर राजेंद्र प्रसाद लॉ कॉलेज की लता मेवाड़ी (पक्ष) और विवि के मुकेश कुमार (विपक्ष) रहे।



यूओयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति डॉ. नवीन चंद्र लोहनी व शिक्षार्थी।

ब्रीफ न्यूज

### उप खनिज से भरे चार वाहनों पर की कार्रवाई

**सितारगंज** : एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने उप खनिज से भरे चार वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की है। सभी वाहनों को कब्जे में लेकर नई मंडी परिसर में खड़ा कर दिया। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने बताया कि बुधवार को सितारगंज में विभिन्न स्थानों में चेकिंग की गई। इस दौरान उप खनिज से लेकर गुजर रहे वाहनों को रोका गया। उनके वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। चालक का डीएल, आरसी, प्रदूषण सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही, वाहन में लदे उप खनिज की जांच करने पर वाहन ओवरलोड पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को नई मंडी परिसर में लाकर खड़ा कर दिया गया। साथ ही, मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को उक्त वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर** : आईटीआई थाना पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तहत आईटीआई थाना पुलिस ने प्रभारी थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान श्यामपुरम रोड मोटेश्वर मंदिर के पास से दिलराज सिंह निवासी बेरखेड़ा थाना बिलासपुर जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश को एक तमंचा 315 बोर व एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। टीम में एसआई प्रकाश सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन, कांस्टेबल गिरीश विद्यार्थी, पीआरडी अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने किया न्यायालय का निरीक्षण



पत्रावलियों का निरीक्षण करते जिला मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

**रुद्रपुर** : जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बुधवार को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रावलियों को बारीकी से देखा और न्यायालय पेशकार, अहमद को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य वैयक्तिक सहायक आनंद विश्वकर्मा, पेशकार संजीव पालीवाल आदि मौजूद रहे।

### दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला का कराया गर्भपात, घर से निकाला

**सितारगंज** : दहेज में बुलेट बाइक देने की मांग पूरी न करने पर ससुरलियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। साथ ही, उसका दो बार गर्भपात भी करा दिया। मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। गांव पंडरी निवासी रियाज बानो ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसकी पुत्री गुलिस्ता का विवाह गांव सनेकपुर, हाफिजगंज (बरेली) निवासी अफसर से कराया था। शादी में समर्थ अनुसार दान दहेज भी किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुर इकबाल, सास फातिमा, देवर हसरत, ननद यासमीन और चाचा आरिफ कम दहेज लाने का ताना देते है। ससुरालियों ने गुलिस्ता का जबरन दो बार गर्भवती करा दिया। आरोप लगाया कि उसके पति अफसर का उसकी ममेरी बहन से अवैध संबंध है। वहीं, इस बात का विरोध करने पर ससुरालियों ने उससे मारपीट की।

# चेक बाउंस में दोषी को तीन माह का कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

- वर्ष 2019 में लिए थे 4.10 लाख रुपये उधार
- न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** वर्ष 2019 में उधार के 4.10 लाख नहीं देने और चेक बाउंस प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी को तीन माह का कारावास और 4.15 लाख अदा करने का आदेश दिया है। अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अपना निर्णय दिया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कमल चिलाना ने बताया कि गोल मार्केट रुद्रपुर निवासी मानस छाबड़ा ने अपने परिचित गांव अर्जुनपुर निवासी अमरजीत सिंह को 4.10 लाख रुपये उधार दिए थे और उधारदाता ने बदले में एक चेक भी दिया था। बताया कि 28 अक्टूबर 2019 को बैंक में चेक लगाया तो चेक बाउंस हो गया। 20 नवंबर को अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा गया।

बावजूद अमरजीत सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने अदालत में याचिका दायर की। प्रकरण की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवान अंसारी की अदालत में शुरू हुई। जहां दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने 4.15 लाख रुपये अदा करने के साथ ही चेक बाउंस के दोषी को तीन माह का साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

## कोहरे में दुर्घटनाओं से बचने के लिए थानाध्यक्ष ने की यातायात नियमों का पालन करने की अपील

# सुबह घना कोहरा, दोपहर के बाद खिली हल्की धूप

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर में बुधवार की सुबह घने कोहरे के बीच आवाजाही करते वाहन।

**अमृत विचार:** घने कोहरे के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मंगलवार की रात्रि 10 बजे से बुधवार की प्रातः 10 तक लगे घने कोहरे से जनजीवन काफी प्रभावित रहा। घने कोहरे में वाहन सड़क पर रेंगते हुए चलते दिखाई दिए। घने कोहरे की वजह से दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

बुधवार को थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने घने कोहरे के चलते वाहन चालकों से दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाने, बड़े वाहनों में दोनों लाइट जलाकर इंडिकेटर का प्रयोग करने, वाहनों को ओवरटेक करते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्कूली बसों, मैजिक, टेंपो व ई-रिक्शा (टुक- टुक) घने कोहरे में यातायात नियमों का पालन नहीं करते देखा गया हैं। अगर कोई वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जाएगी। इधर घना कोहरा लगने से गेहूं की फसल को काफी लाभ पहुंचा है। किसानों के चेहरे खिल उठे। उनका मानना है अधिक ठंड में गेहूं की फसल की अच्छी पैदावार होगी। ठंड पड़ने से बाजार में गरम वस्त्रों की दुकानों में शाम को खरीदारों की भीड़ देखी गई।

### बुधवार सुबह छाया कोहरा, बढ़ी ठिठुरन

**काशीपुर** : सर्द हवा के झोंकों ने मंगलवार रात ठंड में और इजाफा कर दिया। बुधवार सुबह छाए कोहरे ने दृश्यता कम कर दी, जिससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार कम हो गई। ऑफिस और स्कूल जाने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूर्यदेव के दर्शन देने पर कोहरा तो छटा, लेकिन धूप दिन भर हल्की रही। स्थानीय लोगों के अनुसार मंगलवार देर रात से ही ठंड का असर तेज हो गया था। सुबह होते-होते कोहरा इतना बढ़ गया कि 80 से 120 मीटर तक आगे दिखना भी मुश्किल हो गया। इससे नेशनल हाईवे पर लंबी दूरी के वाहनों की हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। वहीं सर्द हवा में सुबह स्कूल जाने के लिए घरों से निकले बच्चे भी ठिठुरते दिखाई दिए। दिसंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है, ऐसे में अब ठंड के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी ओर, दिन में भी हल्की धूप होने की वजह से ठिठुरन में बढ़ोतरी हो रही है।

# होम स्टे के लिए हुए छह आवेदकों के साक्षात्कार

## व्यावसायिक, कार्यक्षेत्र, भूमि और अनुभव की ली जानकारी, जिला स्तरीय स्क्रीनिंग व चयन समिति ने लिए आवेदकों के साक्षात्कार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास योजना होमस्टे जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की गई हैं। इसके लिए छह आवेदकों के साक्षात्कार हुए।

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में योजना के आवेदकों के साक्षात्कार संपन्न हुए। जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट ने जिला स्तरीय स्क्रीनिंग व चयन समिति के सम्मुख वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 4 आवेदन व दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में 2 आवेदन प्रस्तुत किए। जिसमें समिति द्वारा साक्षात्कार के दौरान व्यावसायिक व कार्यक्षेत्र और भूमि व अनुभव आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी ली गयी।

उन्होंने बताया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष में 7 वाहन मद में व 5 गैर वाहन मद में लाभांवित किये जाने का लक्ष्य है। जिसके सापेक्ष पूर्व वाहन मद में 11 व गैर वाहन मद में 2 आवेदन विभिन्न बैंकों को वित्त पोषित के लिए प्रेषित किये गये थे। जिसमें से बैंकों ने वाहन मद में 7 व गैर वाहन मद में 1 कुल 8 आवेदनों पर ऋण स्वीकृत करते हुए लाभांवित कर दिया है। जबकि दीनदयाल आवास होम स्टे योजना के तहत लक्ष्य 4 के सापेक्ष 1 पत्रावली बैंक को प्रेषित की गयी है, जिस पर बैंक में कार्रवाई जारी है।



आवेदकों के साक्षात्कार लेते जिला स्तरीय स्क्रीनिंग व चयन समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### स्वीकृत आवेदन पत्र संबंधित बैंकों को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए

**रुद्रपुर** : मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को समिति द्वारा स्वीकृत आवेदन पत्र संबंधित बैंकों को शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि भवन बनाने वाले आवेदकों के नाम भूमि दर्ज हो। साथ ही प्राधिकरण क्षेत्र में आने वाले भवनों का नक्शा प्राधिकरण से पास कराया जाए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को बैंकर्स की ओर से समय पर ऋण मुहैया कराने और बैंक द्वारा जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया जाता है उस पर अस्वीकृत का कारण स्पष्ट लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को रोजगारपरक योजनाओं का और भी अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक युवा योजना का लाभ ले सकें।

### साक्षात्कार समिति में ये रहे शामिल

जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, लीड बैंक अधिकारी चिराग पटेल, डीडीएम नाबार्ड राजीव प्रियदर्शी, प्रबंधक उद्योग योगिता जोशी, सहायक अभियंता जिला विकास प्राधिकरण कैलाश डंगवाल आदि।

# मेडिकल कॉलेज के सभी कार्य समय पर करें पूर्ण

संवाददाता, रुद्रपुर

- प्रत्येक 15 दिन में कार्य की प्रगति की सूचना दे कार्यदायी संस्था

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि वे कार्यों की टाइम लाइन बनाते हुए समय से कार्य पूर्ण करें। कार्य प्रगति सूचना प्रत्येक 15 दिन में दें। साथ ही प्रत्येक सप्ताह प्राचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी व परियोजना प्रबंधक पेयजल निगम प्रत्येक सप्ताह कार्यों की समीक्षा करें एवं मॉनिटरिंग करें।

बुधवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मेडिकल कालेज मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। अगले सत्र से ही मेडिकल कालेज प्रारंभ किया जाना है। इसलिए कार्यदायी संस्था श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य समय पर पूर्ण करे। उन्होंने निर्देश दिए कि जून 2026 तक ब्लॉक ए में एकेडमिक ब्लॉक, दो हॉस्टल, लेक्चर थिएटर के साथ ही मैस व डायनिंग हॉल अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं।

इन सभी में विद्युत व्यवस्था, लिफ्ट आदि व्यवस्था भी की जाए। ताकि नेशनल मेडिकल काउंसिल का भ्रमण कराकर सत्र प्रारंभ कराया जा सके। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने पेयजल निगम, मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यों में प्रगति लाने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को नियमित कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.केके पाल, परियोजना प्रबंधक पेयजल निर्माण निगम नरेंद्र नवानी, सहायक अभियंता सुभाष चंद्र भट्ट, अपर सहायक अभियंता रंजीत आर्या सहित कांटेक्टर आदि मौजूद थे।

# विवाहिता से मांगे दो लाख, इंकार करने पर किया प्रताड़ित

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज नहीं देने पर शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने का आरोप लगाया। बताया कि ससुरालियों ने बेरहमी से पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-एक ट्रांजिट कैंप निवासी रेशु कनौजिया ने बताया कि उसकी शादी वीर हकीकत राय मार्ग ट्रांजिट कैंप निवासी रजत दीक्षित के साथ हुई थी। 17 नवंबर 2024 को शादी का पंजीकरण भी कराया। आरोप था कि शादी के बाद से ही पति व सास-ससुर कम दहेज लाने का ताना मारने लगे और दहेज में दो लाख रुपये नगद की डिमांड करने लगे।

उन्होंने बताया कि हर वक्त उसे छोटी जाति का बताकर मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। साथ ही धमकाया कि वह राजनीतिक पकड़ रखता है और उसका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता। बताया कि पति उसके कई लड़कियों से संपर्क होने की धमकी देता है। 10 अगस्त 2025 की शाम को पति ने बेरहमी से पीटा और घर से बाहर निकाल दिया। धमकी दी कि वह जल्द दूसरी शादी करेगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कई वेशधारी बाबाओं से पूछताछ

- ऑपरेशन कालनेमि अभियान के तहत रामपुर के पांच बाबाओं को पकड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर



हिरासत में लिए गए साधुओं से पूछताछ करती कोतवाली पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** देश सरकार की ओर से संचालित ऑपरेशन कालनेमि के तहत कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के रहने वाले पांच वेशधारी साधुओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की और सीमा प्रवेश करने पर फटकार भी लगा या। उन्होंने दस्तावेज देखने के बाद साधुओं को हिदायत देकर छोड़ा। हिदायत दी कि यदि दोबारा कोतवाली इलाके में देखे गये तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यहां बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा ऑपरेशन कालनेमि यानी वेशभूषा धारण कर शहर में घूमने वाले बाबाओं के खिलाफ अभियान चलाने का आदेश दिया था। जिसके बाद प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमि चलाया गया। बुधवार की सुबह मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने मिल्का कस्बा अब्दुल्लापुर रामपुर यूपी निवासी पांच ढोंगी बाबाओं को घूमते हुए पकड़ा और कोतवाली लाकर पूछताछ भी की।

उन्होंने हिरासत में लिए गए बाबाओं का आधार कार्ड और फोटो पहचान पत्र भी देखा। साथ ही हिदायत दी कि यदि बिना अनुमति के सीमा प्रवेश किया या फिर वेश धारण कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर** : पति ने कई लोगों के सामने पत्नी को तीन तलाक दे दिया और घर से भाग गया। पत्नी ने आरोप लगाया कि तलाक के बाद पति व अन्य आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खालिक कॉलोनी (मझरा) निवासी शबनम परवीन ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी शादी लगभग 17 साल मो. अजहर के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। कहा कि उसका पति पिछले छह-सात साल से उसके साथ मारपीट करता है और आर्थिक रूप से परेशान करता है। कहा कि उसकी जेठानी नसरीन, जेठ अब्दुल खालिक, सास जाहिदा बेगम ने उसके पति को घर से निकालने व तलाक देने के लिये उकसाया। 13 अप्रैल 2025 की रात कई लोगों के सामने पति ने मारपीट व गाली गलौज कर एक ही बार में तीन तलाक दे दिया।

# मोबाइल टावर पर भड़का आक्रोश

- भूरारानी के लोगों ने कोतवाल से की मुलाकात, टावर लगने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर



कोतवाली में प्रदर्शन करते भूरारानी के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भूरारानी में मोबाइल टावर को लेकर गांव वालों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कोतवाली में प्रदर्शन किया और कोतवाल को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आगाह किया कि जन भावनाओं की अनदेखी की तो आंदोलन होगा।

बुधवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों का कहना था कि गांव भूरारानी स्थित दुर्गा कॉलोनी में मोबाइल टावर का निर्माण संचालित है, जबकि टावर के नजदीक कई कॉलोनियां व स्कूल भी आते हैं। जिस कारण मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन इंसानी जिंदगी के लिए बेहद ही घातक हैं और गांव में मौजूदा स्थिति में एक टावर भी लगाया है। आरोप था कि कई बार टावर निर्माण करने वालों को चेताया, लेकिन कार्य पर रोक नहीं लगी। उन्होंने कोतवाल से टावर प्रोजेक्ट रद्द करने का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर प्रेमशंकर, मनोज यादव, विनीता देवी, मंजू देवी, शकुंतला सक्सेना, मोहन स्वरुप, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर अतिक्रमण हटाती निगम की टीम। ● अमृत विचार

### मुरादाबाद रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**काशीपुर** : नगर निगम की टीम ने मुरादाबाद रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। बुधवार को नगर निगम द्वारा मुरादाबाद रोड पर अतिक्रमण हटाओ और साफ-सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नाले पर किए गए अवैध कब्जों को हटाना और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू करना था। अभियान के दौरान टीम ने जसपुर बस अड्डे पर कई लोगों द्वारा नाली के ऊपर 20-25 बांस-लकड़ी और पक्के खोखे लगाकर किए जा रहे अवैध निर्माण को मौके पर ही ध्वस्त किया। लगभग 20 के करीब अवैध पक्के खोखों को हटाया गया। साथ ही नाले पर डाली गए पक्के स्लैब भी हटाए गये। टीम ने शराब की दुकानों के आसपास लगाए लगे मांस बेचने वाली दुकानों को भी वहां से हटा दिया। टीम में स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, सुपरवाइजर राजेश बाबू व नाला टीम, सुपरवाइजर अंकित, हरेन्द्र सिंह बिष्ट, शिवा, जेसीबी ऑपरेटर शाहरुख, अनूप आदि शामिल रहे।

तैयारी | मास्टर ट्रेनर्स अब फील्ड स्टाफ को करेंगे प्रशिक्षित, सीएमओ कार्यालय सभागार में कार्यक्रम

# स्वास्थ्य कर्मियों को दी एनीमिया की जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर



स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी देते सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तर पर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों व प्रशिक्षकों को एनीमिया की रोकथाम, पहचान और प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गयी। ताकि वे सामुदायिक स्तर पर बेहतर प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियां संचालित कर सकें।

बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अब ब्लॉक व सेक्टर स्तर पर फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षित करेंगे। इससे जनपद में एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इससे समुदाय स्तर पर जागरूकता और सेवा-प्रदायगी में सुधार होगा। इससे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। मास्टर ट्रेनर डॉ. संदीप मिश्रा ने एनीमिया के कारण, लक्षण, निदान, उपचार प्रोटोकॉल और आईएफए सप्लीमेंटेशन पर प्रस्तुति दी गई। किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एनीमिया नियंत्रण की रणनीतियों पर विशेष चर्चा की गयी। साथ ही साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड पूरक आहार, राष्ट्रीय पोषण माह, जन-जागरूकता गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

मास्टर ट्रेनर एविडेंस एक्शन विजय ने फील्ड रिपोर्टिंग, पोर्टल अपडेटिंग प्रणाली पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक, डीएस भंडारी आदि मौजूद रहे।

# बाइक न देने पर किया विवाहिता का उत्पीड़न

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचारः** विवाहिता ने पति समेत ससुरालियों पर मारपीट, गर्भपात और दहेज उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पहाड़ी उकरौली निवासी प्रभावती पुत्री राम हरक ने बताया कि साल 2015 में उसका विवाह गांव बग्धा, झनकईयां निवासी राजकुमार से हुआ था। दहेज में पिता ने प्लेटिना बाइक और पचास हजार नगद के साथ घर-गृहस्थी का सारा सामान दिया था। आरोप लगाया कि तब से उसकी सास चिंता देवी, ससुर हरेंद्र प्रसाद, देवर संजय कुमार और भीम सिंह, ननद काजल और रोशनी कम दहेज देने का ताना मारने लगी। साथ ही, दहेज में एक होंडा साइन बाइक और तीन लाख रुपये की मांग करने लगी। बताया कि 2016 में उसने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप लगाया कि दोबारा गर्भवती होने पर उसका जबरन गर्भपात करा दिया गया। फिर, तीसरी बार गर्भवती होने पर उसे बुरी तरह मारा पीटा गया। जिस कारण उसे मृत बच्चा पैदा हुआ। कुछ दिन ससुराल रहने के बाद उसे मारपीट घर से निकाल दिया। वह अपनी बेटी के साथ मायके आकर रहने लगी। तो यहां भी उसका पति शराब पीकर मारपीट करने लगा।

## सिटी ब्रीफ

### स्केच प्रतियोगिता में मोनिका सैनी रही प्रथम

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित स्केच प्रतियोगिता का परिणाम जारी हो गया है। आठ दिसंबर को कॉलेज में हमारी वैज्ञानिक विरासत विषय पर प्रतियोगिता हुई थी। इसमें भौतिक विज्ञान विषय के बीएससी-एमएससी के 12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। छात्र-छात्राओं ने भारतीय भौतिक विज्ञान की उपलब्धियों, खोज, नवाचार आदि विषयों पर हाथ से स्केच बनाकर प्रस्तुत किए। विभागाध्यक्ष डॉ. महीपाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय वैज्ञानिक विरासत के प्रति जागरूक करना था। बताया कि स्केच प्रतियोगिता में मोनिका सैनी प्रथम, श्वेता चौधरी द्वितीय, अर्पित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### इस साल 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को नियमित करने की मांग

**सितारगंज :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने सीएम धामी से पालिका में साल 2025 में दस साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को नियमित करने की मांग की है। बुधवार को उन्होंने एसडीएम रविंद्र जुवांठा के माध्यम से सीएम धामी को ज्ञापन भेजा। संघ के अध्यक्ष विनय वाल्मीकि ने कहा कि उत्तराखंड शासन कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग ने साल 2018 तक दस साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को नियमित करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि साल 2025 में भी कई कर्मचारियों की दस साल की सेवा पूरी हो गई है। उन्होंने साल 2025 में कर्मियों को भी नियमित करने की अधिसूचना जारी करने की मांग की है। वहां अविनाश वाल्मीकि सुखलाल, रोहित, उषा, कमल, विजय, बॉबी भारती उपस्थित रहें।

### जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए

**बाजपुर :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहेंटा में बुधवार को क्षत्रिय महासभा बाजपुर इकाई द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। महासभा ने कुल 30 विद्यार्थियों को जाड़े से संरक्षण देने के उद्देश्य से स्वेटर प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान ने क्षत्रिय महासभा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महासभा की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयराज सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सदस्य महिपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह राणा तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रभात कुमार चौहान, विद्यालय परिवार से वरिष्ठ शिक्षक दीपक शर्मा, अनीसुर्रहमान, गीता यादव, वरिष्ठ सहायक देवेंद्र कुमार, दीपक आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकारों का जीवंत दस्तावेज है भारतीय संविधान: मिश्रा

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर किया गोष्ठी का आयोजन, कहा-यह दिवस मानव इतिहास के बलिदानों, चेतन प्रयासों व संघर्षों की यादगार है

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जसपुर खुर्द स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा के चेंबर के सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बुधवार को आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेरिस में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अंगीकार किया गया। यह दिवस केवल औपचारिकताओं के लिए नहीं बल्कि मानव इतिहास के उन बलिदानों, चेतन प्रयासों व संघर्षों की यादगार है, जिनका उद्देश्य था मानवता की गरिमा, समानता, स्वतंत्रता व समानता की रक्षा, पूरे विश्व में जहां मानव गरिमा सुरक्षित नहीं, वहां किसी भी सभ्यता का सुरक्षित रहना मुश्किल है। आज कई देशों में महिलाओं के लिए अनेक प्रतिबंध लगाए जाते हैं। वह भी मानवाधिकार का उल्लंघन है। मानव अस्तित्व मानवता की प्रथम शर्त है। संविधान का अनुच्छेद 14 से 18 समानता का अधिकार देता है। गोष्ठी का संचालन करते हुए भास्कर त्यागी एडवोकेट ने कहा की नागरिक स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा तीनों औपचारिक शब्द बन जाते हैं जब अनेक देशों में मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। जब नागरिक, महिलाएं एवं बच्चे असहाय होते हैं तब मानवाधिकार छिन्न-भिन्न हो जाता है। वहां पर सैयद आसिफ अली एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट, नवजोत सिंह एडवोकेट, रहीस अहमद एडवोकेट, सैयद इफरा एडवोकेट, संजीव कुमार एडवोकेट, पंकज कश्यप एडवोकेट आदि मौजूद थे।



काशीपुर में गोष्ठी में संबोधित करते वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र मिश्रा। ● अमृत विचार



दिनेशपुर थाना परिसर में कार्यस्थल पर जागरूकता अभियान चलाता एक्शन एड एसोसिएशन। ● अमृत विचार

### सभी को मिले समानता, न्याय और सम्मान

**रुद्रपुर :** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एडविक हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड सिडकुल पंतनगर में कार्यशाला आयोजित की गयी। इस दौरान प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने मानव अधिकार, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, 181, मानव संसाधन (एचआर) एवं बाल विवाह की जानकारी दी। बुधवार को कार्यशाला में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मानवाधिकार का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करना है साथ ही समानता, न्याय और सम्मान को बढ़ावा मिले। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ईशु चंद्रा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं केंद्र प्रशासक कविता बडोला ने घरेलू हिंसा और वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक निदेशक उद्योग केंद्र किरण गोस्वामी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रुद्रपुर शहर आशा नेगी, प्रभारी आशा जोशी, सखी वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासक कविता बडोला आदि उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त का संचय

**बाजपुर :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा व एडवोकेट जयप्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त का संचय किया गया। इस मौके पर कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें मानवता की सेवा का संदेश देता है।

### महिलाओं को अधिकारों के लिए जागरुक होना जरूरी: बिष्ट

**दिनेशपुर :** एक्शन एड एसोसिएशन ने मानवाधिकार दिवस पर थाना परिसर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध व निवारण) अधिनियम, 2013 पास को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान 16 दिवसीय अभियान का विधिवत समापन किया गया। बुधवार को थाना परिसर में एक्शन एड संगठन द्वारा 16 दिवसीय अभियान के समापन पर गोष्ठी की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान वक्ताओं ने स्त्री- पुरुष बराबरी में पुरुषों की भागीदारी पर चर्चा करने के साथ- साथ जेण्डर आधारित हिंसा व भेदभाव के सामाजिक मानदंडों में बदलाव के लिये पुरुषों की भागीदारी पर भी चर्चा की गयी। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे हैं जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकार व सुरक्षा के लिए स्वयं जागरूक होना जरूरी है। एक्शन एड एसोसिएशन की ओर से हीरा जंगपांगी रौतेला ने कहा कि 16 दिवसीय अभियान की जानकारी देते हुए बताया 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक ''महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस'' के तहत ''16 दिवसीय अभियान'' चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल रौतेला व धर्म सिंह ने किया। इस मौके पर एसआई सोनिका जोशी, एएसआई अनवर अहमद, हेका. गणेश टोलिया, का. महेंद्र सिंह बिष्ट, पूजा भट्ट, मंजू आर्या, नवीन जोशी, कमलेश सिंह नेगी आदि सहित स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

### मानव के अधिकार जन्म से ही प्राप्त होते हैं

**खटीमा :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी के नेतृत्व में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। बीएड विभाग की एचओडी डॉ. रेखा देव की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में जूनियर डिविजन न्यायिक मजिस्ट्रेट तिवारी ने कहा कि मानव के अधिकार जन्म से ही प्राप्त होते हैं। उनके अधिकारों को कोई छीन नहीं सकता है। जाति, लिंग, धर्म के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। मानव अधिकार संविधान से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने मानव के छह मौलिक अधिकारों स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृत शिक्षा संबंधी अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार के साथ ही अनुच्छेद 39 ए सामान्य और निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार की जानकारी दी। संचालन विमल कुमार ने किया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, ममता शर्मा, विमलेश शर्मा, आरबी सिंह राणा, मीरा देवी, संजय शुक्ला डिप्टी नजीर, गीता, स्वाति आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगी कांग्रेस की रैली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कांग्रेस की दिल्ली में 14 दिसंबर को होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' रैली को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को एक बैठक का आयोजन डॉक्टर लाइन स्थित गौड़ सभा में आयोजित हुई।

बैठक में एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा ने कहा कि देश में पहली चोरी तब हुई जब केंद्र सरकार ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया। पहले चुनाव आयुक्त का चयन एक पारदर्शी और संतुलित प्रणाली के तहत होता था, लेकिन अब सरकार ने चयन प्रक्रिया में बदलाव कर लोकतंत्र की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रहार किया है। कहा कि 14 दिसंबर की रैली ऐतिहासिक रैली होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में रैली में प्रतिभाग करने की अपील की। वहीं कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि यह रैली राहुल गांधी के नेतृत्व में एक सफल व ऐतिहासिक महारैली साबित होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आह्वान पर पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भागीदारी करेंगे। पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने कहा कि आने वाली 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की रैली की तैयारी जमकर चल रही है। जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ वहां पहुंचने की अपील की गई है। बैठक में मोहम्मद आरिफ सैफी, परमजोत सिंह, सुभाष पाल, मंसूर अली मंसूरी, नौशाद हुसैन, मोहम्मद इरफान गुड्डू, अब्दुल अजीज कुरैशी, साबिर हुसैन, अनीस अंसारी, सुरेंद्र सागर, कुलदीप सिंह, भीमसेन सैनी, सोहेल अब्बास, विमल गुड़िया आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



काशीपुर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा।

### पशुपालकों को मिलने वाले लाभों की दी जानकारी

**पंतनगर :** जीबी पंत विश्वविद्यालय में केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ की ओर से संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना-फ्रिजवाल की ओर से ग्राम बघोरी कृत्रिम गर्भाधान केंद्र सितारगंज में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पशुधन उत्पादन एवं प्रबंध विभाग के प्राध्यापक डॉ. बृजेश सिंह ने किया। बुधवार को आयोजित किसान चौपाल में पशुधन उत्पादन एवं प्रबंध विभाग के प्राध्यापक डॉ. सिंह ने परियोजना के उद्देश्य और इससे पशुपालकों को मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशु प्रजनन विभाग के प्राध्यापक डॉ .बीएन शाही ने पशुओं में नस्ल सुधार, देशी नस्ल और प्रजनन संबंधी जानकारी दी। डॉ .अमित प्रसाद और डॉ .रिपुसुदन कुमार ने पशु पोषण संबंधित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने की सलाह दी।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** आर्मी पब्लिक स्कूल, हेमपुर का वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की विषयवस्तु एक भारत-श्रेष्ठ भारत पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विविधता, एकता और समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित करना था।

मंगलवार की देर शाम कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन और स्थानीय आर्मी स्टेशन के कमांडेंट ब्रिगेडियर सुखवीर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक संगीत और शानदार नृत्य कौशल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय चेयरमैन ने उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के लिए सानिया रावत, मरियम, अदिति सिंह, गरिमा, विवेक नेगी, आराध्या जोशी, राधिका बिष्ट, कृष्ण सिंह तथा खेलकूद में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाने के लिए अंश बिष्ट, अस्मिता कौर, जैनी राणा, सिया ध्यानी, प्रकृति, प्रियांशु ख्योंशाली, अमन राज, पठानिया, मणिकर्णिका, योगिता और नेहा सहित विभिन्न विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर कर्नल जगदीप, ले. कर्नल जीटी आदर्श, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, उर्वशी बाली, आईजीएल के कार्यकारी निदेशक आलोक सिंघल, डॉ. पंकज रावत, डॉ. एथशाम शमी, सूबेदार मेजर चंद्रा सिंह मौजूद रहे।



काशीपुर के आर्मी स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



प्रतियोगिता में विजेता बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### सीआरसी में मैथ्स विजार्ट प्रतियोगिता का समापन

**शक्तिफार्म :** सीआरसी रतनफार्म में न्यायपंचायत स्तरीय मैथ्स विजार्ड, स्पैल जिनियस और निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता संपन्न हुई। विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय रतनफार्म नंबर तीन के आयुष व्यापारी, आनंदनगर तिलियापुर के ऋषभ कुमार और बीस क्वाटर की वंदना सरकार, स्पैल जिनियस प्रतियोगिता में रतनफार्म नम्बर तीन के वंश राय, पांच क्वाटर के अंश मालाकार और मजराढग्गू के आर्यन, निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता में शक्तिफार्म नंबर तीन के रमन मंडल, झाड़ी नंबर नौ की अनुष्का और सन्यासी बस्ती के शिवम तालुकदार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहां बीआरसी समन्वयक हृदेश चौहान, करुणेश जोशी, अनुकूल मंडल, जयन्त मंडल, दुर्लभ राय, मुनीश सक्सेना, बबीता चौहान, ममता दास, दीपा तिवारी, विनोद बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# बंगाली समिति अध्यक्ष के बयान पर रोष

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी पर भाजपाइयों में आक्रोश पनप उठा। बयान पर भाजपाइयों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों बंगाली कल्याण समिति प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने एक बयान में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अशोभनीय टिप्पणी की थी। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए समिति के डेलीगेट सदस्यों से जवाब तलब करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दिलीप अधिकारी ने शक्तिफार्म के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए, निंदनीय भाषा का प्रयोग किया है। भाजपाइयों ने अधिकारी से समिति की नियमावली के अनुसार समुदाय हित में कार्य करने की हिदायत दी। इस मौके पर सहकारी समिति चेयरमैन केपी मंडल, गोपाल सरकार, संजय बाछाड़, देबू मंडल, विधान सरकार, दिलीप मिस्त्री, प्रकाश राय, सुमंत विश्वास, अशोक माली आदि मौजूद रहे।



शक्तिफ़ार्म में बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भोपाल में चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ

**काशीपुर :** चार दिवसीय भ्रमण प्रशिक्षण कार्यक्रम का भोपाल स्थित आरएस वीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में शुभारंभ हो गया। जिसमें काशीपुर के महापौर दीपक बाली ने प्रतिनिधि मंडल में शामिल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विशेष भूमिका निभाई और दीप प्रज्वलन में भाग लिया। इस विजिट का उद्देश्य शहरी विकास से जुड़े विभिन्न नवाचारों एवं योजनाओं का अध्ययन कर उन्हें उत्तराखंड के नगर निकायों में प्रभावी रूप से लागू करना है। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी स्वच्छता प्रबंधन, शहरी योजनाकरण, आधुनिक तकनीकों, स्मार्ट सॉल्यूशंस और सफल शहरी मॉडल्स की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने के साथ-साथ स्थलीय भ्रमण भी करेंगे। महापौर दीपक बाली ने बताया कि इस कार्यक्रम से उत्तराखंड के शहरों को बेहतर बनाने में बहुत मदद मिलेगी।



लैब का निरीक्षण करते समग्र शिक्षा अभियान की टीम। ● अमृत विचार

### पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण

**शक्तिफार्म :** समग्र शिक्षा अभियान की राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। टीम ने प्रार्थना सभा का अवलोकन करने के साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूल में उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया। समग्र शिक्षा अभियान के उपनिदेशक अजीत भंडारी, राज्य समन्वयक हरीश नेगी, लेखाकार भूपेंद्र पंवार और जिला समन्वयक हिमांशु चौहान की चार सदस्यीय टीम ने प्रार्थना सभा में बैंड सेट और योगाभ्यास का अवलोकन किया। टीम ने स्कूल के पुस्तकालय, अटल टिंकरिंग लैब, आईसीटी वर्चुअल लैब, स्मार्ट क्लास, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं का गहनता से निरीक्षण किया। शिक्षकों ने राज्य स्तरीय टीम को विद्यालय की उपलब्धियों को संकलित करने वाली प्रज्ञान पत्रिका को भेंट किया। निरीक्षण के बाद संतुष्टि जताते हुए शिक्षकों को टीम भावना से छात्र हित में और बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सतीश राणा, शंकर सुवन, चन्द्रभान, विनोद कुमार, राजकमल सिंह, आनंद कुमार, शाहीन जहीर, हरिशंकर याज्ञिक आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** | कई दिनों से ग्रामीणों पर हमले और फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं थम नहीं रहीं, कई ग्रामीण घायल

# शांतिनगर बिंदुखत्ता क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक

संवाददाता, बिंदुखत्ता/शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिनगर बिंदुखत्ता क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कई दिनों से आवारा पशुओं द्वारा ग्रामीणों पर हमले और फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

अब तक आधा दर्जन से अधिक किसान, राहगीर और स्कूली बच्चे इन पशुओं के हमलों में घायल हो चुके हैं। पिछले दिनों में आवारा पशुओं ने शांतिनगर बिंदुखता निवासी पूर्व सैनिक तारा सिंह दानू, जानकी रौतेला व उनके परिवारजन, शांतिपुरी निवासी रमेश पाठक, ढांकानी निवासी पान सिंह कोरंगा, शांतिनगर निवासी दीपक बिष्ट, किसान त्रिभुवन जोशी सहित एक आशा कार्यकर्ती को उस समय घायल कर दिया जब वे अपने आवश्यक कार्यों से बाहर गए थे या खेतों में कार्य कर रहे थे।

वहीं एक अन्य घायल व्यक्ति का अस्पताल में गंभीर अवस्था में उपचार चल रहा है। आवारा पशुओं के भय से शांतिनगर क्षेत्र की बीएलओ इंद्रा देवी और पुष्पा आर्या के लिए अपनी फील्ड ड्यूटी निभाना भी मुश्किल हो गया है।

लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। मामले में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता उमेश चंद्र भट्ट ने सीवीओ नैनीताल, अपर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी और अपर आयुक्त जिला पंचायत नैनीताल से दूरभाष पर वार्ता कर आवारा पशुओं को शीघ्र गौशालाओं में भेजने की मांग की है।

वहीं शांतिपुरी में भी एक सप्ताह पूर्व इस समस्या को लेकर चार ग्रामसभाओं की महापंचायत हुई थी। जिसमें सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी दी गई थी कि यदि जल्द गौशालाओं का निर्माण नहीं कराया गया तो ग्रामीण सभी आवारा पशुओं को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा देंगे। आवारा पशुओं के कारण ग्रामीणों की जान को जोखिम और फसलों को भारी नुकसान लगातार जारी है।



शांतिपुरी में खुली सड़कों पर राहगीरों की जान का खतरा बन रहे आवारा पशु।



शांतिनगर क्षेत्र में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाते हुए आवारा पशु। ● अमृत विचार

# खूनी पलटन का विजय दिवस मनाया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** 17 कुमाऊं रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने 1971 के पाक बांग्लादेश युद्ध को विजय दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भदोरिया विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कुमांऊनी लोकगीतों पर जमकर झूमे।

नगर स्थित बेस्ट व्यू के सभागार में विजय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सूबे शंकर सिंह, हवलदार कल्याण चंद, संगठन अध्यक्ष सूबे अमर सिंह बोरा ने कालिका माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। 1971 के दो अधिकारी, तीन जेसीओ सहित शहीद हुए 57 जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने युद्ध के अनुभव साझा करते हुए कहा कि भदोरिया फतह करने से पूर्व कर्नल पीसी मनकोटिया को पकड़कर ले जा रहे दुश्मन सैनिकों पर खूनी पलटन के लालू राम ने राइफल की बट से वार कर मनकोटिया को छुड़ाया था। तब दुश्मन के 10 अधिकारी सहित 150 जवान ढेर किए थे। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सूबेदार ललित चंद, उपाध्यक्ष कै निर्मल बसेड़ा, कै भुवन चंद्र पांडे, हवलदार रविन्द्र सामान्त, त्रिलोक चंद, हवलदार चंद्र सिंह बिष्ट, सूबे खड़क सिंह, प्रेम सिंह भाट आदि मौजूद थे।



खटीमा में भदोरिया खूनी पलटन का विजय दिवस मनाते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### तबादला आदेश वापस न लेने पर आंदोलन करेंगे रोडवेज कर्मी

**टनकपुर** : उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने प्रबंधन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। साथ ही संगठन पदाधिकारियों के स्थानांतरण पर नाराजगी जताई है। स्थानांतरण आदेश निरस्त न करने पर कर्मचारियों ने 12 दिसंबर से कार्य बहिष्कार शुरू करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि रोडवेज प्रबंधन संगठन पदाधिकारियों का बेवजह स्थानांतरण कर रहा है। मंडल मंत्री नीरज सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष हरीश जोशी और मंडल उपाध्यक्ष रवि शर्मा का स्थानांतरण आदेश निरस्त करने की मांग की है। कहा कि जल्द इनके स्थानांतरण का आदेश वापस नहीं लिया जाता तो कर्मचारी आंदोलन करेंगे।

### मानव अधिकार दिवस पर छात्रों को जागरूक किया

**बनबसा** : राजकीय महाविद्यालय मे मानव अधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने कक्षाओं, खेल मैदान, बगीचे और कॉरिडोर की सफाई की। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रो. एपी सिंह ने कहा कि युवाओं को सामाजिक समानता और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहना चाहिए।

# महिला और बेस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच ठप

## दोनों अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जांच ठप होने से मरीज परेशान

- जिला अस्पताल ही एकमात्र विकल्प होने से बढ़ीं मरीजों को दिक्कतें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर के बेस और महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने से इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पूरे नगर का लोड अकेले जिला अस्पताल पर ही आ गया है। बुधवार को जांच के लिए आए कई मरीजों को दूसरे दिन की डेट तक देनी पड़ गई।

मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए सीनियर रेजीडेंट के पद पर रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की गई थी। इससे पहले बेस अस्पताल उधार की व्यवस्था पर चल रहा था। रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होने से महिलाओं व लोगों को काफी राहत मिल रही थी, लेकिन सीनियर रेजीडेंट के पद पर तैनात रेडियोलॉजिस्ट मेडिकल कॉलेज छोड़कर चली गई हैं। इस कारण से बेस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड होने बंद हो गए हैं। वहीं, जिला अस्पताल के एक रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर जाने से इसके अधीन आने वाले महिला अस्पताल में भी अल्ट्रासाउंड नहीं पा रहे हैं।

दो अस्पतालों में एक साथ अल्ट्रासाउंड जांच बंद होने से मरीजों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। नगर में केवल जिला अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड हो रहे हैं। इस कारण बुधवार को जिला अस्पताल में दिन भर जांच के लिए मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। घंटों के इंतजार के बाद भी मरीजों को बैरंग होकर लौटना पड़ा।


जिला अस्पताल में बुधवार को अल्ट्रासाउंड के लिए उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

> मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी विभाग में सीनियर रेजीडेंट की नियुक्ति की गई थी, लेकिन अब वह छोड़कर चली गई हैं। रेडियोलॉजिस्ट समेत अन्य विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति निकाली गई है।
> – **डॉ. सीपी भैसोड़ा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा।

### नवंबर का वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

**अल्मोड़ा:** अशासकीय शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बुधवार को वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शिक्षकों ने नवंबर का अब तक वेतन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। वर्चुअल बैठक में अशासकीय शिक्षकों ने कहा कि 26 नवम्बर को जिले के पूर्व प्रभारी सीईओ अत्रेश सयाना का प्रमोशन संयुक्त पद पर हो गया था। उनके कार्यमुक्त होने पर सीईओ का कार्यभार डीईओ माध्यमिक चंदन सिंह बिष्ट को दिया गया, लेकिन निदेशक स्तर से वित्तीय चार्ज की फाइल पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और ना ही किसी नए मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस कारण नए प्रभारी सीईओ को वित्तीय चार्ज नहीं मिल सका है। कहा कि इसका खामियाजा शिक्षकों व कर्मचारियों को भोगना पड़ रहा है। बजट होने के बाद भी उन्हें वेतन नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों ने दो दिन के भीतर सीईओ को वित्तीय चार्ज देने की मांग की। मंडलीय महामंत्री डॉ. महेंद्र सिंह मेहरा, जिलाध्यक्ष हीरा सिंह मेहरा, महेंद्र सिंह चौहान मौजूद रहे।

**उधर,** डायट के शिक्षकों व कार्मिकों को भी दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार जोशी, सचिव धीरेंद्र कुमार पाठक, दिगंबर फुलोरिया ने वेतन की मांग की है।

# जल्द करें घटकु हिडिम्बा मंदिर का सौंदर्यीकरण


चम्पावत में मंदिर का जायजा लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** धार्मिक पर्यटन को सुदृढ़ करने और जनपद चम्पावत में प्रमुख मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्यों को तेज गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार बुधवार को घटकु–हिडिम्बा मंदिर के नवनिर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे। ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्य की प्रगति का उन्होंने अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत स्वीकृत 94.40 लाख रुपये की इस परियोजना में कुमाऊनी पारंपरिक शैली पर आधारित भव्य मंदिर का नवनिर्माण, किचन सहित नई धर्मशाला, चार आधुनिक शौचालय, आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार, सी.ओ. मार्ग, सुदृढ़ सुरक्षा दीवार, इंटरलॉकिंग टाइल्स, बैठने की सुविधाएं तथा पूर्ण विद्युतीकरण जैसे अनेक कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। डीएम ने निर्माण की गुणवत्ता का सूक्ष्म निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। गंडक नदी के तट पर घने देवदार-पौंधी के जंगलों के बीच स्थित घटकु–हिडिम्बा मंदिर स्थानीय जनमानस की आस्था का अत्यंत प्राचीन केंद्र है। इसकी शांत, आध्यात्मिक और प्राकृतिक ऊर्जा वर्षों से श्रद्धालुओं को आकर्षित करती रही है। मंदिर परिसर की सुंदरता इसकी पारंपरिक कुमाऊनी शैली की लकड़ी की नक्काशी, तिरछी छतों और स्थानीय पत्थरों से निर्मित प्राचीन वास्तुशिल्प में झलकती है। आसपास का वन क्षेत्र, पर्वतों की गोद में बहती गंडक नदी और वातावरण में घुली प्राकृतिक शांति इस स्थल को आध्यात्मिक साधना और ध्यान के लिए भी उपयुक्त बनाती है। मौके पर एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, एसडीएम अनुराग आर्य आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के प्रत्येक विस में बीएलए-1 नियुक्तः परिहार

**बागेश्वर:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन सिंह परिहार ने कहा है कि एसआईआर के मामले में भाजपा अन्य विपक्षी दलों से कई आगे निकल चुकी है। भाजपा ने प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 की तैनाती कर दी है तथा 31 दिसंबर से पूर्व बीएलए-2 की नियुक्ति कर दी जाएगी।


कुंदन परिहार।

कहा कि कांग्रेस समेत अन्य दल इस पर अब तक काफी पीछे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। धामी सरकार जनता के भाजपा के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट कुंदन परिहार इन दिनों जनपद भ्रमण में हैं। उन्होंने एक भेंट में बताया कि निर्वाचन आयोग के साथ विभिन्न राजनैतिक दलों की बैठक के बाद से भाजपा ने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया तथा प्रत्येक विधानसभा में बीएलए-1 नियुक्त कर दिए हैं। साथ ही 31 दिसंबर से पूर्व प्रदेश के 11,733 बूथों में बीएलए-2 नियुक्त कर दिए जाएंगे। बताया कि पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए- 1 व बीएलए-2 का एसआइआर में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# विधि संकाय की कक्षाएं संचालित हों

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** लोहाघाट विकास संघर्ष समिति की बैठक में पीजी कालेज में विधि संकाय की कक्षाएं संचालित करने की मांग की गई। बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। जल्द बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए डीएम से वार्ता करने का निर्णय लिया गया।

बुधवार को रामलीला मैदान में समिति के अध्यक्ष विपिन गोरखा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पदाधिकारियों ने नगर की विभिन्न समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहगुणा ने लोहाघाट पीजी कालेज में विधि संकाय की कक्षाएं संचालित करने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक सीएम की घोषणा पूरी नहीं हो पाई। वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका में बनी पार्किंग का आम लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। पार्किंग घंटों के हिसाब से मुहैया कराने की मांग की। नगर की बदहाल पेयजल व्यवस्था पर चिंता जताते हुए जल्द सरयू लिफ्ट पेयजल योजना का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। स्मार्ट मीटर और पुरानी पड़ी बिजली की लाइनों की मरम्मत का मुद्दा भी उठाया गया। निर्णय लिया कि वह जल्द ही डीएम और जल संस्थान के ईई के मिलकर समस्याओं के निराकरण की मांग की जाएगी। बैठक में संरक्षक प्रहलाद सिंह मेहता, महासचिव लोकेश पांडेय, उपाध्यक्ष राजकिशोर साह, सोशल मीडिया प्रभारी अजय गोरखा, प्रचार मंत्री दीपक साह मौजूद रहे।


बैठक में चर्चा करते विकास संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

### भारत दर्शन के लिए सुप्रिया व प्रिया चुनीं



**बैरती ( अल्मोड़ा):** राजकीय इंटर कालेज महाकालेश्वर की दो छात्राओं सुप्रिया व प्रिया फुलारा का चयन भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण के लिए हुआ है। प्रधानाचार्या विनीता जोशी ने बताया कि इन मेधावी छात्राओं का चयन शैक्षिक सत्र 2024-25 में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। सुप्रिया ने जहां प्रदेश की योग्यता सूची में 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ 24 वां स्थान हासिल किया था जबकि इसकी जुड़वां बहन प्रिया फुलारा ने भी 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की।

# बालिकाओं के अधिकारों के प्रति सजग रहे समाज

- राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में महोत्सव का आयोजन

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** पीएमश्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद देहरादून के तत्वावधान में बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीनियर सिविल जज अनीता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को बाल अपराध, मानवाधिकार और बाल विवाह आदि की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी ने करियर की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बाल कल्याण परिषद के प्रतिनिधि अधिवक्ता गोविंद भंडारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और बाल कल्याण समिति बागेश्वर की सदस्य भारती खेतवाल ने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में अंजलि मेयर ने प्रथम, महक जोशी ने द्वितीय और भूमी पांड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में पूजा ने प्रथम, आरोही नेगी ने द्वितीय और प्रार्थना बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान प्रतियोगिता में राजीव नवोदय विद्यालय बहोली की टीम ने प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बागेश्वर की टीम ने द्वितीय और पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन सुरेश राम सहायक अध्यापक ने किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

इस दौरान मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वृक्ष मित्र किशन सिंह मलडा एवं बाल कल्याण समिति सदस्य भारती खेतवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।


मेधावी छात्रा की मां को समानित करतीं डालसा सचिव। ● अमृत विचार

### 158 वाहनों के चालान काटे गए

**टनकपुर** : चम्पावत जिले में एआरटीओ प्रवर्तन मनोज बगोरिया के दिशा-निर्देश में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 158 चालान जारी किए गए, जबकि 3 वाहन जप्त किए गए और 20 दस्तावेज जब्त किए गए। अभियान में ओवरलोडिंग के 5, हेलमेट न पहनना के 57, सीट बेल्ट न पहनना के 48, ड्राइविंग लाइसेंस न होना के 5, परमिट न होना के 1, अत्यधिक गति के 18, ड्रिंक एंड ड्राइव के 2, टैक्स न जमा करना के 9, ब्लैक फिल्म के 1, मोबाइल का उपयोग वाहन चलाते समय के 3, शोर प्रदूषण के 3, वायु प्रदूषण के 5, वाहन की खराब यांत्रिक व भौतिक स्थिति के 7 चालान किए गए।

# बदहाली के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर वन पंचायत संगठन ताकुला की ओर से ईनाकोट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन पंचायतों की समस्याओं पर चर्चा हुई। वन पंचायत की बदहाल स्थिति को लेकर शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने वन पंचायतों को नियमित बजट उपलब्ध कराने, वन पंचायत के भीतर किए जाने वाले विकास कार्य उनकी ओर से ही कराए जाने, वन पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानजनक मानदेय देने, उनका बीमा कराए जाने, लीसा रॉयल्टी का पैसा तत्काल खातों में डालने, सशक्तिकरण के लिए वन पंचायत अधिनियम बनाने, वन पंचायतों को वन विभाग के अनावश्यक हस्तक्षेप को बंद करने, वन पंचायत के चुनाव कराने, वन पंचायतों का क्षेत्रफल का विस्तार करने, माइक्रो प्लान की जटिल प्रक्रियाओं को सरल करने आदि की मांग की। राज्य स्तरीय परामर्श दात्री समिति में सरपंचों के प्रतिनिधित्व को समाप्त करने पर भी लोगों ने नाराजगी जताई। तय किया कि शीघ्र ही वन पंचायत की समस्याओं को लेकर एक शिष्टमंडल प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिला प्रशासन से मुलाकात करेगा।


ईनाकोट में वन पंचायत की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

#### ये लोग रहे मौजूद

बैठक और प्रदर्शन में वन पंचायत संगठन ताकुला के अध्यक्ष सुंदर सिंह पिलख्वाल, पूरन बिष्ट, संरक्षक ईश्वर जोशी, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह मेहता, देवकी देवी, हेमा देवी, प्रेमा देवी, दीप्ति भोजक, अशोक भोज, चंपा मेहता, दिनेश पिलख्वाल, महेंद्र सिंह बिष्ट, जगदीश सिंह बिष्ट, डूंगर सिंह भाकुनी, आनंदी देवी आदि मौजूद रहे।

### 'डिजिटल स्पेस' पर वेबिनार हुआ

**रानीखेत** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर "डिजिटल स्पेस, सोशल मीडिया और मानवाधिकार" विषय पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया।

ऑनलाइन सत्र में प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में मानवाधिकारों, साइबर सुरक्षा एवं जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग के महत्व के प्रति जागरूक किया। वेबिनार का संचालन करते हुए राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. बीके जोशी ने डिजिटल स्पेस से जुड़ी समकालीन चुनौतियों, फेक न्यूज, डेटा संरक्षण एवं सुरक्षित ऑनलाइन आचरण पर विचार रखे।

# वन विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता,चम्पावत/ लोहाघाट

**अमृत विचार:** च्यूरानी क्षेत्र के धरगड़ा तोक में लगे पिंजरे में गुलदार के कैद न होने पर लोगों ने वन विभाग के विरूद्ध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि वन विभाग की लापरवाही के कारण पिंजरे के अंदर घुसा गुलदार कुत्ते को मारकर सुरक्षित बाहर निकल गया।

ग्रामीणों ने कहा कि पिंजरा या तो खराब है या फिर उसे लापरवाही से लगाया गया है। ग्रामीणों ने विभाग पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य योगेश जोशी के नेतृत्व में लोगों ने वन विभाग के विरूद्ध जोरदार नारेबाजी की। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गुलदार को पकड़ा या मारा नहीं गया तो जनता आंदोलन करेगी। जिपं सदस्य योगेश ने कहा कि क्षेत्र में कई गुलदार घूम रहे हैं, इनमें से कई के मुह में इंसानों का खून लग चुका है। उन्होंने च्यूरानी में देव सिंह अधकारी को मौत के घाट उतारने वाले गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में उमेश चंद्र जोशी, हिमांशु जोशी, अशोक जोशी, विनोद जोशी, धन सिंह अधिकारी, गोविंद लाल वर्मा, शुभम नाथ, भोला प्रसाद, राजेश जोशी, नमन जोशी, पप्पू अधिकारी, शंकर जोशी, योगेश लाल वर्मा, दीपक जोशी, बबलू नाथ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।


वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# इस्माइल और गुरजीत ने जीती फर्राटा रेस


खटीमा में जेके पब्लिक स्कूल के खेलों में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

**खटीमा:** जेके पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल आयोजित किए गए। जिसमें तीसरी से 12वीं तक के छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सौ मीटर फर्राटा रेस स्माइल और गुरजीत कौर ने जीती। वहीं हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक अजय मौर्य, प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्या, मोहम्मद हनीफ, रामगोपाल, संदीप कुमार, प्रभा जोशी, ममता, काजल, सानिया अल शिफा मौजूद रहे।

कार्यक्रम

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीएम धामी ने दी बधाई

# हिंद स्कूल ने मनाया सिल्वर जुबली समारोह

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** हिंद पब्लिक स्कूल का सिल्वर जुबली वार्षिक समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। ''अभिव्यक्ति 2025'' थीम जो भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक नवाचार की दृष्टि के साथ जोड़ता है पर आधारित रहा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों और उपलब्धि हासिल करने वाले पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंस द्वारा विद्यालय के 25 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष रमेश चंद जोशी, कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, उत्तराखंड वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष दीपक मेहरा ने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के 25 वर्षों के सफर को सराहा। वहीं बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। स्कूल की डायरेक्टर नीरज कुमार और प्रशासिका मंजू खन्ना ने कहा, "सिल्वर जुबली समारोह स्कूल की प्रतिष्ठित विरासत और आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और नवाचारी युवा मनों को आकार देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान है।

इस अवसर पर डॉ आनंद मोहन रतूड़ी, एडिशनल एसपी उत्तम सिंह नेगी, एनएस धारीवाल, प्रदेश महामंत्री भारतीय युवा मोर्चा दीपेंद्र सिंह कोश्यारी, नंदन सिंह खड़ायत, विनोद बोरा, वीरेंद्र सिंह, विनय पांडे, प्रवीण उपाध्याय, जगजीत सिंह, धीरेन्द्र भट्ट, नीरज सक्सेना, रमेश जोशी, सतीश गोयल, हरीश जोशी, सुनील रैदानी, नीरज वर्मा, ट्विंकल दत्ता, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, पूजा जोशी, नीमा कन्याल, रंजीत मेहरा, रजत भटनागर, ओशीन बोरा, प्रमोद चंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।


हिंद पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार


किच्छा में विधायक बेहड़ को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### इंद्रासन धान के जनक की प्रतिमा की मांग मुखर

**किच्छा** : भवानी सेना के कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारी किसान, वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और '' इंद्रासन धान'' के जनक स्वर्गीय इंद्रासन सिंह की प्रतिमा किच्छा मंडी परिसर में स्थापित करने की मांग की है। नगर अध्यक्ष सोनू गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इंद्रासन सिंह ने किसानों के लिए अमूल्य योगदान दिया और '' इंद्रासन धान'' प्रजाति विकसित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया। प्रतिमा की स्थापना से जनता और किसानों को प्रेरणा मिलेगी। विधायक बेहड़ ने इस मांग पर संबंधित अधिकारियों से जल्द वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर राजीव अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह, गुरमीत सिंह, नेपाल सिंह, सम्मान वर्मा, अर्जुन खनायत आदि मौजूद रहे।



कलियुग में रहना है या सतयुग में, यह तो स्वयं चुनो,
तुम्हारा युग तुम्हारे पास है।
-विनोबा भावे, संत



## जनापेक्षा की अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'व्यवस्था को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए'- दरअसल आम नागरिक की अपेक्षाओं की सच्ची अभिव्यक्ति है। सुधारों की गति तेज तो हुई है, परंतु कई सुधारों ने नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ और असुविधा भी थोपी है। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह स्वीकारोक्ति शासन की संवेदनशीलता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का साफ संकेत है। सिस्टम में सुधार के नाम पर जनता को परेशान नहीं करना, एक व्यवहारिक दृष्टिकोण है, पर इसे लागू करना आसान नहीं है।

भारतीय प्रशासनिक ढांचा अभी भी जटिल प्रक्रियाओं, फाइल संस्कृति और 'अनावश्यक अनुपालन' से आबद्ध है। इस कथन को लागू करने के लिए सबसे पहले सरकारी मशीनरी की मानसिकता बदलनी होगी, जहां सुधार का अर्थ सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि दक्षता, पारदर्शिता और सहूलियत के रूप में समझा जाए। प्रधानमंत्री की चाहत है 'पेनलेस सर्जरी।' यानी विसंगतियों से राहत बिना दर्द के, पर वास्तविकता यह है कि प्रशासनिक सुधार अक्सर दो स्तरों पर दर्द पैदा करते हैं- एक, नागरिकों के लिए प्रक्रियागत बोझ, दूसरा सरकारी तंत्र के लिए पुरानी आदतें बदलने की चुनौती। यदि सरकार इन दोनों मोर्चों पर समन्वय बिठा सके, तभी यह 'दर्द रहित' शल्य चिकित्सा संभव होगी। कानून का उद्देश्य भय पैदा करना नहीं, नागरिकों को सुरक्षा देना है। यदि इसी भावना के साथ बिना राजनीतिक पक्षपात और बिना जन-दुःख के नियम कानून लागू हों, तो निश्चित ही यह टिप्पणी व्यवस्था को अधिक मानवीय बनाने की दिशा में संकेत देती है। प्रधानमंत्री ने बार-बार डेटा जमा करने की बाध्यता को खत्म करने की बात कही है। डिजिटल भारत के इस दौर में यह पूर्णतः संभव है, क्योंकि आधार, पैन, बैंक केवाईसी और विभिन्न सरकारी डेटाबेस पहले से ही नागरिकों की अधिकांश जानकारी को केंद्रीकृत रूप से उपलब्ध कराते हैं। फिर भी एसआईआर जैसे सरकारी उपक्रमों में बार-बार वही कागज़ात मांगे जाना बताता है कि डिजिटल ढांचा भले विकसित हो गया हो, पर सरकारी तंत्र की प्रक्रियाएं अभी डिजिटल सोच को आत्मसात नहीं कर पाई हैं। इस संस्कृति में सुधार के बिना इन घोषणाओं का असर सीमित रहेगा। सरकार द्वारा सेल्फ-सर्टिफिकेशन को स्वीकार करने के बावजूद कई विभाग अब भी कागजी सत्यापन और अनावश्यक औपचारिकताएं जारी रखे हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर अनुपालन तंत्र अभी मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं।

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग के क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति जरूर हुई है। ऑनलाइन सेवाएं बढ़ीं, पासपोर्ट-ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं सरल हुईं, कई अनुमतियों को स्वचालित किया गया, लेकिन नागरिकों को आज भी टैक्स, नगर निकाय, राजस्व विभाग, पुलिस सत्यापन और कल्याण योजनाओं में अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री की यह घोषणा तभी सार्थक होगी जब सभी विभागों में 'वन-टाइम डेटा सबमिशन' प्रणाली लागू हो। कागजी फाइलों की जगह डिजिटल फार्म लें और कानून प्रवर्तन पारदर्शी तथा मानवीय हो।

### प्रसंगवश

## राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है वंदेमातरम

'वंदे मातरम' भारत की भारतीयता और राष्ट्रीय पहचान का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो मातृभूमि के प्रति भक्ति, एकता, स्वतंत्रता संग्राम की भावना और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। यह एक ऐतिहासिक गीत है और यह हर भारतीय के दिल में राष्ट्र प्रेम का गहरा भाव जगाता है, जो भारत के स्वर्णिम भविष्य का आह्वान भी करता है। 'वंदे मातरम्' भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का सार है, जो मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को दर्शाता है, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा और यह स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली मंत्र बन गया, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का 'रस' भरता है। यह गीत भारत की भूमि, उसकी सुंदरता (सुजलां सुफलां) और शक्ति का वर्णन करता है, जिसे राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान सम्मान प्राप्त है और यह भारत की आत्मा का प्रतीक है।




प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आम्बेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला


यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली उद्घोषणा है, जिसने भारत को एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया। इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी 'विकसित भारत' के संकल्प में प्रेरणा देता है। यह मातृभूमि को शक्ति, दिव्यता और समृद्धि का प्रतीक मानता है, जिसमें चंदन सी शीतलता और सुस्वादु फल है। यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय में गर्व और समर्पण का भाव जगाता है।

इस गीत ने प्रतिरोध की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन दो शब्दों के उच्चारण मात्र से ही असंख्य भारतीयों के हृदय में हलचल मच गई, जिससे लाखों लोग राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और हज़ारों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए प्रेरित हुए। यद्यपि 'जन गण मन' राष्ट्रगान है, फिर भी 'वंदे मातरम' ने लोगों के हृदय में अधिक गहराई से जगह बनाई। 'वंदे मातरम' केवल मातृभूमि के प्रति अभिवादन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति त्याग, साहस और सर्वोच्च प्रेम की भावना का भी प्रतीक है। इसके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिया। अलगाववादियों ने इसे बंगाल का गीत बताया, जबकि बंकिमचंद्र ने खुद स्पष्ट किया था कि माता बंगाल नहीं, भारत है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में आनंदमठ का दूसरा संस्करण प्रकाशित करते समय प्रस्तावना में लिखा, 'यह समस्त भारतवर्ष की माता के लिए लिखा गया है।' (स्रोतः आनंदमठ, 1882 संस्करण, पृष्ठ 4-5)

बंकिम ने 'सप्तकोटि' काव्य अलंकार के लिए लिखा, जैसे वेदों में सहस्रशीर्ष लिखा जाता है, न कि सटीक गिनती के लिए)। श्री अरविंद ने 1907 में लिखा था, 'बंकिम ने बंगाल को भारत का प्रतीक बनाया है। जिस तरह गीता में कृष्ण अर्जुन के माध्यम से समस्त मानवता को उपदेश देते हैं, उसी तरह बंकिम ने बंगाल के माध्यम से समस्त भारत को जागृत किया।' (वंदे मातरम् अखबार, 11 अप्रैल 1907)। रवींद्रनाथ ने 1917 में Nationalism पुस्तक में लिखा, 'बंकिम की माता बंगाल की नहीं, संपूर्ण भारत की माता हैं। वह हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैली हुई है।' नेताजी ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार बनाई और पूरे छह छंद वाले मूल 'वंदे मातरम' को ही राष्ट्रगान घोषित किया। वहां बंगाली, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयाली सब सैनिक एक साथ पूरे गीत को गाते थे।

# पश्चिम बंगाल में नई सियासत की आहट!






शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव
स्वतंत्र पत्रकार


पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने सियासी गलियारे में हलचल मचा दी है। पहला आयोजन छः दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के रूप में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन अगले ही दिन ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान में रिकार्ड तोड़ जमावड़े के बीच सामूहिक गीता पाठ के रूप में हुआ। अब इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

मसलन पश्चिम बंगाल में अगले साल के मध्य में विधानसभा का चुनाव है। कुछ दशकों से वहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की लगातार कोशिश है कि वहां की सत्ता उसे मिल जाए, लेकिन ऐसा पिछले चुनावों में संभव नहीं हो सका है। ऐसे में जब शांत चल रहे प्रदेश में अचानक इस तरह की दो बड़ी गतिविधियां हों, तो उसके पीछे सियासी समीकरण होने का शक लाजिमी है।

पहला आयोजन अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की तिथि यानी छः दिसंबर को हुआ। इसका आयोजन तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किए गए विधायक हुमायूं कबीर ने किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी के नाम से मस्जिद की नींव रखी। तिथि का भी चयन ऐसा किया, जिस दिन अयोध्या में गिराए गए विवादित ढांचे को 33 साल पूरे हुए थे। अयोध्या के उस विवादित ढांचे को मुस्लिम समुदाय बाबरी मस्जिद बताता रहा है, हालांकि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कबीर की मंशा जो भी हो, लेकिन देश के मुस्लिम समाज ने इसे उचित नहीं माना है।

**पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने हलचल मचा दी है। इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।**

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने मस्जिद की नींव रखे जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा है कि बाबर के नाम पर मस्जिद बनाकर भारत में नए विवाद को जन्म दिया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद पर मौलाना ने कहा कि यह दुख की बात है कि बाबरी मस्जिद के नाम पर देश में नया बवाल खड़ा किया जा रहा है। चाहे पश्चिम बंगाल हो, उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, पंजाब हो या कश्मीर, किसी भी राज्य में बाबर के नाम पर मस्जिद बर्दाश्त नहीं है।

उनके मुताबिक मस्जिदों का नाम अल्लाह, पैगंबर या इमामों के नाम पर होना चाहिए न कि बाबर, अकबर या औरंगजेब के नाम पर। इस तरह मस्जिद का नामकरण करना गलत है। उन्होंने मांग उठाई कि हुमायूं कबीर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह देश को दोबारा फसाद की आग में झोंकना सही नहीं है।

इस आयोजन से इतर दूसरे ही दिन, बंगाल के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था द्वारा इस ऐतिहासिक मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख लोगों ने सस्वर गीता पाठ किया। आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाने की नीयत से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना हर तरफ हो रही है।

ऐसा नहीं है कि यह आयोजन पहली बार हुआ है। इसकी शुरुआत 2022 में ही हुई थी। तब पहली बार लगभग पांच हजार लोगों ने गीता पाठ किया था। अलबत्ता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर 2023 को पहली बार हुआ था। तब इस आयोजन में लगभग एक लाख लोग सहभागी रहे थे।

इस बार के कार्यक्रम में देश के कई चर्चित संतों ने भी हिस्सा लिया। इन संतों ने उपस्थित धर्मावलंबियों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए देशवासियों से अपील की।

उन्होंने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाएं तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। हिंदुओं को एक होकर गांव-गांव में भगवा लहराना होगा। हम बहुत जल्दी कथा करने बंगाल आएंगे। अपनी विशिष्ट शैली में उन्होंने कहा कि अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत बांग्ला भाषा में की।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित बीजेपी के कई सांसद, विधायक आदि उपस्थित रहे।

बेशक इन दोनों ही आयोजनों से सीधे तौर पर किसी सियासी समीकरण का जुड़ाव होना प्रमाणित नहीं हो रहा है, लेकिन अचानक से तीन दशक बाद एक चर्चित मुद्दे से संबंधित आयोजन का होना और अगले ही दिन दूसरे धर्म विशेष से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन सियासी कड़ियां जोड़ने को मजबूर करता है। संभव है कि वास्तव में ऐसा कुछ भी न हो, लेकिन स्थान-काल-पात्र ऐसा सोचने-समझने को बाध्य करता है, क्योंकि पहले आयोजन के कर्ता-धर्ता का सियासी जुड़ाव होना और दूसरे आयोजन में सियासी हस्तियों की मौजूदगी, इसका एहसास करा रही हैं।

### आमने सामने



देखिए, प्याज बागबानी का मामला है। फिर भी कृषि मंत्री होने के नाते मैं कह रहा हूं कि प्याज की सप्लाई अच्छी रही है, इसलिए वे फेंक रहे हैं। कांग्रेस शासन के दौरान प्याज नहीं था। किसानों को पानी नहीं मिलता था, इसलिए प्याज ज्यादा नहीं होता था।

**-एदल सिंह कंषाना**
कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश

कंषाना का यह बयान किसानों के साथ धोखा है। यह किसानों का अपमान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण उन्हें प्याज फेंकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की कथित जिद और घमंड पार्टी को खत्म कर देगा और किसान सही समय पर उन्हें सबक सिखाएंगे। **-जीतू पटवारी**
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, मप्र



# धर्मांतरण बाद आरक्षण लाभ संवैधानिक धोखा




डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार


हिंदू से ईसाई बनने पर आरक्षण प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ सकता है। हिंदू समाज जाति आधारित विभेद से प्रभावित था। इस विभेद को समाप्त करने व आर्थिक-सामाजिक उन्नयन के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 बना। इधर देश में सक्रिय ईसाई मिशनरियों ने विभिन्न प्रलोभनों के साथ ही यह बताकर धर्मांतरण का खेल शुरू किया कि उनके मत/धर्म में जाति आधारित व्यवस्था न होने के कारण कोई जातिगत विभेद नही है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे, फिर भी छुटपुट धर्मांतरण की आहट मिलती रहती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कई निर्णयों में पहले ही कहा है कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वाले अनुसूचित जाति के सदस्य कोई सुविधा नही ले सकते हैं। जितेंद्र साहनी मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने इस विषय पर एक विधिक विमर्श की शुरुआत कर दी है, हालांकि यह कोई नया निर्णय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय पिछले वर्ष ही इसे 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बता चुका है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश-1950 के प्रस्तर 3 में स्पष्टतया कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अलग धर्म मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

**संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे।**

सर्वोच्च न्यायालय ने सी सेल्वारानी बनाम स्पेशल सेक्रेट्री-कम-जिला कलेक्टर व अन्य (2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 3470) 930 में अभिनिर्धारित कर चुका है कि ईसाई धर्म अपनाने पर कोई भी व्यक्ति अपनी मूल जाति का नहीं रहता है। इसी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि सिर्फ लाभ लेने के उद्देश्य से धर्म बदलना संविधान के साथ धोखा है और आरक्षण नीति के सिद्धांतों के खिलाफ है।

सी सेल्वारानी (पूर्वोक्त) निर्णय के पैरा-15 का मूलपाठ इस तरह है '15-... भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और उसे मानने का अधिकार है। कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म में तभी धर्मांतरित होता है, जब वह उसके सिद्धांतों और आध्यात्मिक विचारों से वास्तव में प्रेरित होता है, यदि धर्मांतरण का उद्देश्य मुख्यतः आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है, लेकिन दूसरे धर्म में कोई वास्तविक विश्वास नहीं है, तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसे गुप्त उद्देश्य वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देना आरक्षण नीति के सामाजिक मूल्यों को ही नष्ट करेगा। इस मामले में, प्रस्तुत साक्ष्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती है और नियमित रूप से चर्च जाकर इस धर्म का सक्रिय रूप से पालन करती है। इसके बावजूद, वह हिंदू होने का दावा करती है और रोजगार के उद्देश्य से अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण पत्र चाहती है। उसका ऐसा दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह बपतिस्मा के बाद भी स्वयं को हिंदू के रूप में पहचान जारी नहीं रख सकती। इसलिए, अपीलकर्ता को अनुसूचित जाति का सांप्रदायिक दर्जा प्रदान करना, जो धर्म से ईसाई है, लेकिन रोजगार में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से अभी भी हिंदू धर्म अपनाने का दावा करती है, आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी।'

ऐसा नहीं है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 26 नवंबर 2025 को पूर्वोक्त मामले में इस विषय पर अपना मत व्यक्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय सुसाइ व अन्य बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया व अन्य (एआईआर 1986 एससी 733) और केपी मनु बनाम चेयरमैन स्क्रूटिनी कमेटी (2015) 4 एससीसी-1 मामले में भी अभिनिर्धारित कर चुका है कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए संविधान में प्रदत्त सुविधाओं का लाभ इस जाति के वह सदस्य नहीं ले सकते, जिन्होंने धर्मांतरण कर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है।

प्रश्नगत निर्णय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी ने सर्वोच्च न्यायालय के सी सेल्वारानी व अन्य निर्णयों (पूर्वोक्त) का आधार लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संपूर्ण प्रशासनिक मशीनरी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में ईसाई बने लोग अनुसूचित जातियों का लाभ लेना जारी न रखें। धर्मांतरण के बाद अनुसूचित जाति का स्टेटस बनाए रखना 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' है। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेट को विधिसम्मत तरीके से ऐसे मामलों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चार माह की कड़ी समय सीमा (डेडलाइन) तय की है।

उच्च न्यायालय ने मंत्रिमंडल सचिव (कैबिनेट सेक्रेटरी) भारत सरकार, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/अपर प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण और अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण उत्तर प्रदेश को भी निर्देशित किया है कि इस निर्णय के आलोक में विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कानून का पालन हो सके। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गिरी ने निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्काला रामी रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (2025 एससीसी ऑनलाइन एपी 1685) मामले में दिए गए निर्णय का भी उल्लेख किया है।

### सोशल फोरम

## महिलाओं की जिंदगी को मेरी ने कराया आसान






लक्ष्य
संगीतकार


मेरी (May) मैगी, डबलिन की वह महिला जिसने 1973 में सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक केस जीतकर शादीशुदा दंपतियों को गर्भनिरोधक (contraceptives) इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाया था, उनका 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इस दंपत्ति का केस आयरलैंड में चर्च और सरकार के अलग-अलग होने की दिशा में एक बड़ा मोड़ माना जाता है।

मेरी मैगी की गर्भावस्था के दौरान उनकी सेहत बहुत खराब रहती थी। उनके डॉक्टर ने उन्हें डायफ्राम (एक तरह का गर्भनिरोधक) इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके लिए इंग्लैंड से एक खास किस्म की जेल मंगानी पड़ती थी, लेकिन 1935 के कानून के कारण, जो गर्भनिरोधक पर प्रतिबंध लगाता था, कस्टम अधिकारियों ने वह सामान जब्त कर लिया। अगर वे दोबारा विदेश से ऐसा सामान मंगाते, तो उन पर जुर्माना या जेल हो सकती थी।

1972 में, डॉक्टर लॉग्रन और अपने वकील की मदद से, मैगी दंपति ने इस कानून के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर किया, लेकिन वहां केस हार गए, लेकिन 1973 में सुप्रीम कोर्ट में अपील के दौरान पांच में से चार जजों ने उनके पक्ष में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि गर्भनिरोधक का इस्तेमाल करना शादीशुदा दंपतियों का निजी निर्णय है, जिसमें सरकार दखल नहीं दे सकती।

कैथोलिक चर्च के मजबूत प्रभाव के कारण, इस फैसले के बाद भी गर्भनिरोधक को पूरी तरह वैध बनने में समय लगा। छह साल बाद, married couples के लिए डॉक्टर की पर्ची पर गर्भनिरोधक उपलब्ध हुए और 1985 में 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बिना पर्ची के इन्हें खरीदने की अनुमति मिल गई।



### सामयिकी

## पॉक्सो के बढ़ते लंबित मामले व पीड़ितों का दर्द

नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पॉक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पॉक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है।




कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार


2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्य प्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार मंल 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पॉक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं, जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पॉक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है, जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं, और इनमें होने वाली देरी पॉक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है।


एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पॉक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पॉक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं।

एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। लंबित मामलों का सबसे बड़ा कारण पुलिस जांच की धीमी गति, मेडिकल व फोरेंसिक रिपोर्ट में देर, गवाहों का न मिल पाना, पीड़ित परिवारों का दबाव में आ जाना और अदालतों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और अधिक गंभीर होती है, जहां पीड़ितों को न्याय पाने के लिए सामाजिक प्रताड़ना भी सहनी पड़ती है। यह चुनौती केवल कानून और अदालतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या भी बन चुकी है। भारत जैसा देश, जहां माता पिता अपने बच्चों को संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा देने पर जोर देते हैं, वहां बच्चों के साथ यौन अपराधों की बढ़ती घटनाएं एक गहरी सामाजिक विडंबना को दर्शाती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है। यह भाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है, अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है और सोच में गहराई लाती है। समय के साथ हिन्दी का दायरा लगातार बढ़ा है। आज यह सिर्फ साहित्य या बोलचाल की भाषा नहीं रही, बल्कि आधुनिक करियर की दुनिया में एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। यदि आपने हिन्दी साहित्य का अध्ययन किया है या हिन्दी भाषा के प्रति गहरा लगाव रखते हैं, तो आपके लिए रोजगार के ऐसे अनेक अवसर मौजूद हैं, जो आपको एक बेहतरीन और स्थिर भविष्य दे सकते हैं। आइए जानें वे प्रमुख करियर विकल्प, जिनमें आपकी मजबूत हिन्दी आपकी पहचान बना सकती है।

-फीचर डेस्क




# हिन्दी : भाषा से आगे करियर के नए आयाम



## पत्रकारिता: बढ़ते अवसर

आज हिन्दी न केवल भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। टीवी न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया, रेडियो और डिजिटल पोर्टल्स में हिन्दी पत्रकारों की भारी मांग है। यदि आपको खबरों की समझ है, भाषा पर पकड़ मजबूत है और आप अभिव्यक्ति में निपुण हैं, तो आप रिपोर्टर, एंकर, न्यूज एडिटर या डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। फ्रीलांस पत्रकारिता भी आज अच्छा विकल्प बन चुका है, जहां आप अपनी सुविधानुसार काम करते हुए अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अनुवाद : भाषा का सेतु

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हर संस्था चाहे वह सरकारी हो या निजी, विभिन्न भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। ऐसे में हिन्दी अनुवादकों की भूमिकाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनुवादक अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन या अन्य भाषाओं की सामग्री को हिन्दी में बदलते हैं और यह कार्य घर बैठे भी किया जा सकता है। कई कंपनियां पार्ट-टाइम या फ्रीलांस अनुवादकों को प्राथमिकता देती हैं, जिससे यह क्षेत्र नए प्रतिभाशाली युवाओं के लिए बेहद अनुकूल बन चुका है।



## इंटरप्रिटेशन: मौखिक अनुवाद का करियर

इंटरप्रेटर का कार्य ट्रांसलेटर से अलग होता है। जहां ट्रांसलेटर लिखित सामग्री का अनुवाद करता है, वहीं इंटरप्रेटर बोले गए शब्दों का तत्काल अनुवाद करता है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशी मेहमानों की बैठकों, विश्वविद्यालयों और दूतावासों में इंटरप्रेटर्स की मांग हमेशा बनी रहती है। यदि आपकी हिन्दी और दूसरी भाषा पर अच्छी पकड़ है, तो यह क्षेत्र आपको वैश्विक स्तर पर काम करने के अवसर दे सकता है।



## सरकारी नौकरियां: सुरक्षित करियर की राह

हिन्दी साहित्य की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप केंद्र और राज्य सरकार की अनेक नौकरियों के लिए पात्र बन जाते हैं। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और पीएसयू जैसी परीक्षाओं में हिन्दी विषय से जुड़े उम्मीदवारों के लिए अलग से पद और अवसर मौजूद रहते हैं। हिन्दी अधिकारी, राजभाषा अधिकारी, अनुवादक और कंटेंट विशेषज्ञ जैसे पद इस क्षेत्र में प्रमुख हैं।

## भाषण लेखन: प्रभावशाली शब्दों की कला

राजनीतिक नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और कई संस्थानों को ऐसे लेखकों की आवश्यकता होती है, जो प्रभावशाली और असरदार भाषण तैयार कर सकें। यदि आपकी लेखन शैली प्रभावशाली है और आप संवेदनशील मुद्दों को सरल भाषा में व्यक्त कर सकते हैं, तो भाषण लेखन आपके लिए एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन सकता है।

## अध्यापन: ज्ञान का सबसे सम्मानित मार्ग


हिन्दी साहित्य के छात्रों के लिए शिक्षण हमेशा एक सम्मानित और स्थिर विकल्प रहा है। आप स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्यापक बनकर नई पीढ़ी को भाषा का ज्ञान दे सकते हैं। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों में भी हिन्दी पढ़ाने के अवसर उपलब्ध हैं, जो इस क्षेत्र को वैश्विक बनाते हैं।

## वॉयस असिस्टेंट और बीपीओ: नई टेक्नोलॉजी के अवसर

वॉयस टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ हिन्दी वॉयस असिस्टेंट्स, कॉल सेंटर और कस्टमर सर्विस में हिन्दी बोलने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यहां केवल स्पष्ट उच्चारण और संवाद कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे यह अवसर शुरुआती करियर वालों के लिए भी उपयुक्त बन जाता है।

## स्क्रीन राइटिंग: रचनात्मकता का मंच

फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती लोकप्रियता ने हिन्दी स्क्रीन राइटर्स की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है। यदि आपके पास कहानी कहने का हुनर है, संवाद लिखने में निपुण हैं या गीत लेखन की समझ रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए सुनहरा अवसर है। हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को इस क्षेत्र में विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि उनकी भाषा स्वाभाविक और प्रभावी होती है।



## कंटेंट राइटिंग और एडिटिंग: डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार ने हिन्दी कंटेंट की मांग को शीर्ष पर पहुंचाया है। वेबसाइट्स, ब्लॉग्स, न्यूज पोर्टल्स, विज्ञापन एजेंसियां और पब्लिकेशन हाउस लगातार ऐसे कंटेंट राइटर्स और एडिटर्स की तलाश में रहते हैं, जो प्रभावशाली और शुद्ध हिन्दी लिख सकें। यह क्षेत्र उन लोगों के लिए बेहद उपयुक्त है, जिन्हें लेखन में आनंद आता है और जो भाषा के प्रति संवेदनशील हैं।



## जॉब अलर्ट

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)



- पद का नाम : कांस्टेबल (GD) और राइफलमैन (GD)
- पदों की संख्या : 25487
- योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या 10 वीं कक्षा पास
- आयु सीमा : 18 से 23 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 31/12/2025
- वेबसाइट https://ssc.gov.in

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (IIBF)

- पद का नाम : जूनियर एग्जीक्यूटिव
- पदों की संख्या : 10 पद
- योग्यता : संबंधित विषय में न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएट और पद के अनुसार अतिरिक्त योग्यताएं।
- आयु सीमा : 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 13/12/2025
- वेबसाइट : www.iibf.org.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम : ट्रेड/टेक्नीशियन/ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या : 509
- योग्यता : ITI/डिप्लोमा/ग्रेजुएट/कक्षा 12वीं (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा : 18 से 24 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 09/01/2026
- वेबसाइट : www.iocl.com/apprenticeships

### इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम : प्रोजेक्ट इंजीनियर और टेक्निकल ऑफिसर
पदों की संख्या :23
योग्यता : B.E./B.Tech CSE/IT/ECE/EEE/E&I/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स में, डिप्लोमा
आयु सीमा : 33 वर्ष तक
वॉक-इन इंटरव्यू की तारीख : 16/12/2025
वेबसाइट : www.ecil.co.in

## कैंपस में पहला दिन

# जब दादाजी पहले दिन कॉलेज छोड़ने गए

कॉलेज का पहला दिन यह सोचकर ही मन में कुछ सिरहन सी होने लगी कि अब बचपन के पायदान से निकलकर युवा अवस्था की श्रेणी में पहुंच रहे हैं, कुछ उत्साह, कुछ घबराहट और एक नई शुरुआत की उमंग भी। यह सोच-सोचकर मन में खुशी थी कि अब स्कूल के अनुशासित जीवन से मुक्ति मिलेगी, अब कोई स्कूल ड्रेस नहीं होगी और न ही समय की पाबंदी वाला वो स्कूल का घंटा। अब मैं स्वतंत्र होंगी। अपने नए माहौल में नए रंग-ढंग से रहूंगी, फैशनेबल कपड़े पहन सकूंगी, अब कोई रोक-टोक नहीं होगी। कॉलेज में कैंटीन होगी, वहां दोस्तों के साथ बैठकर स्नेक्स खाऊंगी, गप्पे लगाऊंगी। मन होगा तो पढ़ेंगे, नहीं होगा तो क्लास बंक। अब कोई बंधन न होगा और इस तरह से मेरा मन तरह-तरह के सपने बुनने लगा। मैं कॉलेज के स्वच्छंद वातावरण में तितली की भांति उड़ने के लिए बेहद ही उत्साहित थी।

कॉलेज जाने का पहला दिन आ गया था। मैं सुबह से ही तैयारी में लग गई और अति उत्साह में जल्दी ही तैयार हो गई थी। मैं कॉलेज के लिए चलने लगी। मेरे मम्मी, पापा, भाई सब मुझे शुभकामनाएं देने लगे। मैं जाने के लिए अपनी स्कूटी निकल रही थी कि तभी दादाजी की आवाज आई, 'रुको बेटा!, मैं तुम्हें छोड़ने चलता हूं।' यह सुनकर मैं स्तंभित रह गई और संकोच में आ गई कि यह दादाजी क्या कह रहे हैं? वह मुझे अभी भी बच्ची ही समझ रहे थे, लेकिन वह मुझे छोड़ने जाने के लिए बेताब थे। मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन न कर सकी और अपनी भावनाओं को मन में दबाए हुए, चुपचाप उनके स्कूटर के पीछे बैठ गई। मेरे सपनों की उड़ान पर ब्रेक सा लग गया। मैं अपने आपको बड़ा ही परतंत्र सा महसूस कर रही थी। मुझे बड़ी सकुचाहत हो रही थी कि मेरे सहपाठी मेरे बारे में क्या सोचेंगे? वे मेरे ऊपर हसेंगे और मेरी खिल्ली उड़ाएंगे की यह तो अभी भी स्कूल की बच्ची ही है, जो अपने दादाजी के साथ आई है। इसी उधेड़बुन को सोचते-सोचते कॉलेज आ गया। मैं दादा जी को कॉलेज के गेट से ही विदा करना चाहती थी, पर वह मुझे क्लास तक ही छोड़ने चल पड़े। अब तो मेरा आत्मविश्वास बहुत ही डूब रहा था और मुझे लज्जा आ रही थी कि मेरे दोस्त मेरे बारे में क्या टिप्पणी करेंगे? तभी मैं क्लासरूम पहुंची, वहां बाहर खड़े सहपाठियों ने मुझे हेलो बोला और तपाक से पूछा, 'यह कौन हैं?' मैंने कुछ दबे हुए शब्दों और संकोच के साथ कहा, 'यह मेरे दादाजी हैं।' वे बोले, 'वाओ! तेरे दादाजी तुझे छोड़ने आए हैं, तू तो बहुत लकी है कि तेरे दादाजी तुझे इतना प्यार करते हैं और तेरा इतना ख्याल रखते हैं।' यह सुनकर मैं आश्चर्यचकित रह गई और मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। दादाजी के प्रति मेरे मन में श्रद्धा और स्नेह और भी बढ़ गया। मुझे अपने घरवालों के प्यार की कद्र महसूस हुई और मुझे अपनी स्थिति भी मजबूत नजर आई। फिर मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सभी सहपाठियों, सभी प्रोफेसरों से मिली और पूरे कॉलेज में मस्ती से घूमी। इस प्रकार मेरा कॉलेज का पहला दिन खुशी, आनंद और आत्मविश्वास के साथ बीता।



**-श्रुति सुकुमार**, बरेली

## नोटिस बोर्ड

- कुमाऊं विश्वविद्यालय (नैनीताल) में पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी परिसर, महाविद्यालय और संस्थानों के वे विद्यार्थी, जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा तो उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा अभी तक पास नहीं कर पाए हैं, वे इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kunainital.ac.in के माध्यम से 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।



- पीलीभीत में 12 दिसंबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। यह जॉब फेयर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से जेपी होटल एवं वेडिंग स्क्वायर में लगेगा, जिसमें 15 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जॉब फेयर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जॉब फेयर में जॉब के लिए इंटरमीडिएट, ओ लेवल, ए लेवल, डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक व स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई है।
- अमेठी में महिलाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में लगभग देश की 10 प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां 12 वीं, स्नातक, आईटीआई और विभिन्न तकनीकी योग्यताओं रखने वाली महिलाओं को अवसर प्रदान करेंगी। मेला सुबह 10:30 बजे से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर में शुरू होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर, योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगी।

# हौसला हो तो छू लो आसमान

तामकीन फातिमा के हौसलों की उड़ान एक जीवंत प्रमाण है कि सपने, मेहनत और शिक्षा की ताकत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनकी यात्रा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एसमयू) की कक्षाओं से शुरू होकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं तक पहुंचना, युवाओं को कई महत्वपूर्ण संदेश देती है।

तामकीन की सफलता साबित करती है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाएं न केवल प्रवेश कर सकती हैं, बल्कि शीर्ष पर विराजमान हो सकती हैं। यूजीसी-नेट (जेआरएफ) में ऑल इंडिया रैंक 2, इसरो इंटर्नशिप और डीआरडीओ में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयन, ये सब उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के दौर में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार में योगदान दे रही हैं।

तामकीन फातिमा एक उभरती हुई भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयनित होकर देशभर में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पूर्व छात्रा हैं और उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि एसमयू की शिक्षा प्रणाली और महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है।



रूफिया खान
शिक्षिका



## प्रेरणा और प्रभाव

तामकीन की यात्रा युवाओं, खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। एएमयू के फैकल्टी सदस्यों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया, "यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थागत गौरव भी है, जो एएमयू की उस विरासत को दर्शाता है, जो तकनीकी विशेषज्ञ और विद्वानों को जन्म देती है, जो भारत के विकास और रक्षा में योगदान देते हैं।" उनकी कहानी यह संदेश देती है कि शिक्षा, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना से देश के सबसे प्रतिष्ठित अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वे 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन के तहत भारत की तकनीकी संप्रभुता और रणनीतिक शक्ति में योगदान देने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या का प्रतीक हैं।

## भविष्य की योजनाएं

डीआरडीओ में शामिल होकर तामकीन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया है। वे भारत की रक्षा अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं, जो उन्हें देश की वैज्ञानिक शक्ति का केंद्र बनाता है। उनकी यात्रा एएमयू के कक्षाओं से डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं तक पहुंची है और यह केवल शुरुआत मानी जा रही है। तामकीन फातिमा की कहानी साबित करती है कि मेहनत और शिक्षा से कोई सपना असंभव नहीं। तामकीन की उड़ान उन लाखों युवाओं के लिए मिसाल है, जो सोचते हैं कि 'मेरा बैकग्राउंड' या 'मेरा जेंडर' बाधा बनेगा। वह कहती हैं, "हौसला हो तो आसमान छू लो।"

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 84,391.27 | 25,758 |
| गिरावट | 275 .01 | 81.65 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.32 |

सोना 1,32,400 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,92,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2445, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2020, सूरज 1990, अवसर 1875, उजाला 1910, गृहणी 13 किग्रा 1870, क्लासिक (किग्रा) 2155, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2100, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु0) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1-5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4000

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8000, चना अकोला 6800, डबरा 6900-8800, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7800, अरहर पटका मोटा 8300, अरहर कोरा मोटा 8700, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4240

## हल्द्वानी मंडी


**चावल :** शरबती- 3400, मसूरी- 1000, बासमती- 5600, परमल- 1100

**दाल दलहन :** काला चना- 3900, साबुत चना दाल- 3200, मूंग साबुत- 4200, राजमा- 9000-12200, दाल उड़द- 6800, साबुत मसूर दाल- 4200, मसूर दाल- 3000, उड़द साबुत- 5100, काबुली चना- 9400, अरहर दाल- 10200, लोबिया/करमानी- 2200

# ओमान, न्यूजीलैंड से एफटीए वार्ता अंतिम दौर में

## केंद्रीय उद्योग मंत्री गोयल ने द. अमेरिकी देश चिली से भी समझौते पर बात जल्द पूरी होने की जताई उम्मीद

जयपुर, एजेंसी



- वाणिज्य मंत्रालय ने कहा- दोनों पक्ष सीईपीए के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंचे

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत अपने अंतिम चरण में है और दोनों के जल्द ही संपन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बातचीत जल्द पूरी हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि ओमान से समझौते के लिए बात अंतिम चरण में है और न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को नई दिल्ली आ रहे हैं। एफटीए पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंच रही है। इस बीच, वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि गहन वार्ता के तीन दौर (नवंबर 2023-मार्च 2024) के बाद दोनों पक्ष सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) के सभी घटकों पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिसमें पाठ्य एवं बाजार पहुंच प्रस्ताव शामिल हैं। इसमें कहा गया कि मार्च 2024 में मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आगे की बातचीत की आवश्यकता पड़ी। चौथे दौर (सितंबर 2024) और पांचवें दौर (13-14 जनवरी 2025) में संशोधित प्रस्तावों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें कहा गया कि प्रासंगिक प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद, हस्ताक्षर व पुष्टि के लिए मंत्रिमंडल 'नोट' का मसौदा संबंधित मंत्रालयों को भेजा गया। दोनों पक्ष अब आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

### भारत-इजराइल ने मुख्य वार्ताकारों को किया नियुक्त

इजराइल से व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि उन्होंने इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ हाल ही में बैठक की थी और दोनों पक्षों ने प्रस्तावित समझौते के लिए अपने मुख्य वार्ताकारों को नियुक्त कर दिया है। तेल अवीव में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने हेतु संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर पिछले महीने हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इजराइल के साथ पहले चरण की शुरुआत होगी। मंत्रालय ने कहा कि भारत और इजराइल 2010 से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें 280 शुल्क श्रेणियों या उत्पाद श्रेणियों को शामिल करने वाले 10 दौर पूरे हो चुके हैं।

### मालदीव ने किए हस्ताक्षर और कतर से वार्ता शुरू

इसके अलावा, इसमें कहा गया कि भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर तीन जुलाई 2025 को माले में हस्ताक्षर किए गए थे। टीओआर आगामी एफटीए वार्ताओं के लिए ढांचा एवं दायरा निर्धारित करता है। समझौते पर वार्ता शुरू हो चुकी है। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने हेतु एक टीओआर को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी तरह की प्रक्रिया भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच भी जारी है। गोयल प्रवासी राजस्थानी दिवस में हिस्सा लेने यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हमने व्यापार से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं।

### भारत, ईयू वार्ता शीघ्र पूरा करने को प्रतिबद्ध

**जयपुर।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बात आगे बढ़ा रहे हैं और समझौते की मोटी रूपरेखा तैयार हो गई है। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोयल और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मार्कोस सेफकोविक ने आठ-नौ दिसंबर को वार्ता की समीक्षा की थी।

उन्होंने कहा कि चर्चाएं सकारात्मक रहीं। मुझे विश्वास है कि जल्द यूरोपीय संघ के साथ समझौते पर कोई निर्णय लिया जाएगा। जनवरी में वार्ता के समापन पर मंत्री ने कहा कि इसकी काफी प्रबल संभावनाएं हैं। दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करना चाहते हैं। चाहे एक महीने में हो, अगले सप्ताह हो या अगले महीने, ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्षों ने के लिए दिसंबर के अंत की समय सीमा तय की है।

# आपका पैसा, आपका अधिकार अभियान में लें हिस्सा : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- अभियान के तहत दो माह में 2,000 करोड़ की बिना दावे वाली संपत्तियां असली मालिकों को लौटाई गई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'आपका धन, आपका अधिकार' अभियान में हिस्सा लेने का बुधवार को आग्रह किया। इसके तहत गत दो महीनों में 2,000 करोड़ रुपये की बिना दावे वाली संपत्तियां उनके असली मालिकों को सफलतापूर्वक लौटाई गई हैं। सरकार ने चार अक्टूबर को 'आपका पैसा, आपका अधिकार' राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंक जमा, बीमा, लाभांश, शेयर, म्यूचुअल फंड और पेंशन सहित लावारिस पड़ीं वित्तीय संपत्तियों को उनके वैध दावेदारों तक पहुंचाने में मदद करना है।

मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी हितधारकों खासतौर पर सरकार, नियामक निकायों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों से करीब 2,000 करोड़ रुपये पहले ही उनके सही मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। अक्टूबर से पांच दिसंबर 2025 तक 477 जिलों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें जन प्रतिनिधियों, जिला प्रशासनों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए कहा, हम आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और व्यापक बनाना चाहते हैं। भारतीय बैंकों में बिना दावे का 78,000 करोड़ रुपये पड़ा है। बीमा कंपनियों के पास 14,000 करोड़ की राशि बिना दावे के पड़ी है। साथ ही म्यूचुअल फंड कंपनियों के पास 3,000 करोड़ और 9,000 करोड़ की राशि रखी है।

# सिम बाइंडिग से निजता को खतरा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन ने किया सरकार के आदेश का स्वागत
- यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के संगठन सीओएआई ने सिम बाइंडिंग के सरकार के आदेश का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि लोगों में ये गलत अवधारणा है कि इससे निजता और गोपनीयता का उल्लंघन होगा। सरकार ने देश में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए सिम बाइंडिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है, यानी कि जिस नंबर पर सोशल मीडिया एप सक्रिय है उस सिम के मोबाइल में रहने तक ही वह एप लॉग इन रह सकेगा।

सीओएआई ने कहा कि यूपीआई और भुगतान एप के लिए देश में पहले से ही सिम बाइंडिग के नियम लागू है। उसने कहा है कि विदेशों में जाने पर यूजर वाई-फाई या स्थानीय सिम के डाटा का इस्तेमाल करते हुए तब तक एप का इस्तेमाल जारी रख सकेंगे जब तक सेकेंड्री स्लॉट में एप से जुड़ा भारतीय सिम है। उसने कहा कि विदेशों में बैठे डिजिटल ठगों से लोगों को बचाने के लिए सिम बाइंडिग जरूरी है।

संगठन के प्रेस नोट में एक निश्चित समय के बाद लॉगआउट के नियम के बारे में कहा गया है कि बैंकिंग पोर्टल, डिजी लॉकर, आधार और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क सेशन समाप्त करने के इससे भी कड़े मानक अपनाते हैं। निजता के उल्लंघन के बारे में प्रेस नोट में कहा गया है कि सिम बाइंडिंग के लिए किसी अतिरिक्त डाटा संग्रह की जरूरत नहीं होती है। साथ ही इससे मैसेजिंग आदि पर कोई असर नहीं होता है।

# अमेजन भारत में करेगा 35 अरब डॉलर का निवेश

- गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के बाद ई-कॉमर्स कंपनी ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में 35 अरब डॉलर का भारी निवेश करने की योजना की बुधवार को घोषणा की। कंपनी का मकसद कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है। अमेजन ने यह घोषणा माइक्रोसॉफ्ट द्वारा भारत में 2030 तक डेटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिज्ञा जताने के एक दिन की है। इससे पहले गूगल ने पांच वर्षों में एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

अमेज़न ने कहा कि 2030 तक कृत्रिम मेधा और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में उसके निवेश से भारत में अतिरिक्त 10 करोड़ नौकरियां उत्पन्न करने में मदद मिलेगी। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन.वॉलमार्ट समर्थित फ्लिपकार्ट के साथ मुकेश अंबानी की घरेलू कंपनियों और इटर्नल लिमिटेड की ब्लिंक्ट, स्विगी लिमिटेड की इंस्टामार्ट एवं जेप्टो जैसी तुरंत डिलीवरी करने वाली कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए निवेश बढ़ा रही है।

# एडीबी ने किया भारत के वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी



- जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती को देखते हुए एशियाई बैंक ने लिया निर्णय

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 से बढ़ाकर 7.2% कर दिया। इसकी प्रमुख वजह हाल में जीएसटी दरों में कटौती से घरेलू खपत को मिली मजबूती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की यह तेज रफ्तार एशिया को भी तेजी से बढ़ने में मदद करेगी, जो इस साल 4.8% के पिछले अनुमान के मुकाबले अब 5.1% की दर से बढ़ सकती है। एडीबी की दिसंबर के लिए जारी एशिया विकास परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2025 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 7.2% कर दिया गया है, जो दूसरी तिमाही में अपेक्षा से अधिक मजबूत विस्तार को दर्शाता है। कर में कटौतियों ने खपत को मजबूती दी। सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था 8.2% की दर से बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। पहली तिमाही में यह 7.8% थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारत 8% की वृद्धि दर हासिल कर चुका है।

एडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मजबूत वृद्धि आपूर्ति पक्ष में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के मजबूत विस्तार और मांग पक्ष में खपत एवं निवेश की वृद्धि के कारण हुई है। हालांकि मनीला स्थित इस बहुपक्षीय विकास बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है।



# सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं

## चुनाव सुधारों पर लोस में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई नोकझोंक, वेणुगोपाल की टिप्पणी का भाजपा ने दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी



शीतकालीन सत्र के दौरान लोसभा में भाषण देते भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने पर बुधवार को सरकार को आड़े हाथ लिया, जिस पर भाजपा से रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो इन नियुक्तियों के समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता।

चुनाव सुधारों पर लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के वेणुगोपाल ने दावा किया कि हाल के वर्षों में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया था कि निष्पक्ष चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग का तटस्थ होना जरूरी है। सरकार ने इसके उलट किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एवं निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) के चयन की समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर कर दिया। कानून मंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए।

इस पर पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार पर न्यूक्लियर बटन का भरोसा किया जा सकता है, तो एक अच्छे सीईसी या ईसी को चुनते समय ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। जब संसद ने अपनी समझ से चयन समिति के संबंध में कानून पारित किया है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है, तो न्यायपालिका को हर चीज़ में क्यों शामिल किया जाना चाहिए। प्रसाद ने दावा किया कि वेणुगोपाल भी इस बात से सहमत थे कि उच्चतम न्यायालय की पीठ द्वारा प्रस्तावित चयन समिति सिर्फ एक अंतरिम व्यवस्था थी। भाजपा नेता का न्यूक्लियर बटन से संकेत देश द्वारा अत्यंत असामान्य स्थिति में परमाणु हथियार चलाने की अनुमति देने के निर्णय से था।

### प्रधानमंत्री ईवीएम नहीं, दिलों को हैक करते हैं : कंगना



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ईवीएम 'हैक' नहीं करते, बल्कि वह लोगों के दिलों को 'हैक' करते हैं। उन्होंने चुनाव सुधार पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर पिछले एक साल से सदन में हंगामा किया। भाजपा सांसद ने चर्चा में एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दिए वक्तव्य का हवाला दिया और उन पर तंज कसा। रनौत ने यह भी कहा राहुल के भाषण के दौरान विपक्ष ने सदन में एक विदेशी महिला की तस्वीर प्रदर्शित कर यहां उसका मुद्दा बनाया, जबकि उन्होंने (महिला) सोशल मीडिया पर कई बार कहा है कि वह कभी भारत नहीं गई हैं और उनका हरियाणा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन फिर भी इन लोगों ने बिना किसी सबूत के और बिना अनुमति के उनकी यहां तस्वीर उछाली...। उनका इशारा एक ब्राजीलियाई महिला की ओर था, जिनका नाम हरियाणा की मतदाता सूची में होने का नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया था। भाजपा सांसद ने कहा कि सबसे पहले इस सदन की तरफ से उन महिला से मैं माफी मांगती हूं। आजकल व्यक्तित्व अधिकार (के हनन) का भी बहुत बड़ा अपराध होता है। उसके बावजूद उनका यहां फोटो इस्तेमाल किया गया। उन्होंने वोट चोरी के आरोपों पर कहा कि कांग्रेस के लोग शायद यह समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रधानमंत्री ईवीएम हैक नहीं करते, बल्कि लोगों के दिलों को हैक करते हैं।

# दिल्ली दंगे : उमर व शरजील की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम व अन्य आरोपियों की जमानत पर फैसला बुधवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू और अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा की दलीलें सुनीं।

दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि फरवरी 2020 में दंगे अचानक नहीं हुए थे बल्कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने के लिए पूर्व नियोजित तरीके से इन्हें अंजाम दिया गया था। उमर, शरजील और अन्य आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967 और तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# संसद सत्र बीच में छोड़कर विदेश गए राहुल : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री आधा समय विदेश में बिताते हैं, फिर राहुल की यात्रा पर सवाल क्यों: प्रियंका गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद सत्र के बीच में ही विदेश जाने को लेकर भाजपा ने आरोप लगाया कि यह उनकी आदत है। इस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आधा समय विदेश में ही रहते हैं तो राहुल गांधी की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं।

भाजपा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए शीतकालीन सत्र के बीच में विदेश जाने पर सवाल उठाते हुए देश के महत्वपूर्ण मुद्दों के समय गायब रहने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने भाजपा मुख्यालय में गांधी पर आरोप लगाया कि ऐसा करना उनकी आदत है। 3 महीनों में गांधी कई बार देश के बाहर उस समय गए जब उपराष्ट्रपति चुनाव होने के लिए राजनीतिक पार्टियां मंथन में जुटी थीं। गांधी संभवतः उस समय मलेशिया में थे। इससे पहले गांधी बिहार चुनाव की घोषणा होने और दशहरा के समय दक्षिणी अमेरिका में थे। नेता विपक्ष श्री गांधी के ऐसे समय गायब होने की जानकारी क्यों नहीं साझा की जाती है, क्या वह किसी आधिकारिक या अनाधिकारिक यात्रा पर जाते हैं। राहुल गांधी के जर्मनी दौरे पर भाजपा केसवाल पलटवार करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपना आधा कामकाजी समय विदेश में बिताते हैं तो फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी का दौरा करेंगे, जहां वह भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के साथ ही जर्मन सरकार के कुछ मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

# लूथरा बंधुओं की जमानत पर सुनवाई आज

## नाइट क्लब अग्निकांड

नई दिल्ली, एजेंसी

गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा बुधवार को दिल्ली की अदालत से अंतरिम राहत पाने में असफल रहे, जिसने उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अगले दिन के लिए स्थगित कर दी। आरोपियों की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने गोवा से जवाब मांगा और अगली सुनवाई बृहस्पतिवार के लिए तय की।

**गोवा पुलिस को अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिली :** दिल्ली की अदालत ने गोवा पुलिस को नाइट क्लब के सह मालिक अजय गुप्ता की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। गुप्ता को पूछताछ के लिए दिल्ली में हिरासत में लिया गया था। गोवा पुलिस ने गुप्ता को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी के समक्ष पेश किया और उनकी ट्रांजिट रिमांड मांगी। इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारण जारी हवाई यात्रा संकट को देखते हुए अदालत ने 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की।

### अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द होगा : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले पर्यटन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। छह दिसंबर की रात एक नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के बाद सावंत ने उत्तर और दक्षिण गोवा जिला प्रशासन, पुलिस और पर्यटन से जुड़े हितधारकों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक क्रिसमस और नए साल के उत्सवों से पहले कड़े सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए हुई। राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खुंटे भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद सावंत ने कहा कि सरकार द्वारा गठित अग्नि सुरक्षा ऑडिट समिति विभिन्न पर्यटन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने पहुंच चुकी है और वह निरीक्षण पूरा होने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# वीर सावरकर पुरस्कार न लूंगा और न समारोह में जाउंगा : शशि थरूर

तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता बोले- मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैरजिम्मेदाराना

शशि थरूर ने बुधवार को स्पष्ट किया कि वह वीर सावरकर के नाम पर दिए जाने वाले किसी भी पुरस्कार को स्वीकार नहीं करेंगे और न ही इससे संबंधित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने थरूर से आग्रह किया कि वह सावरकर से सम्मान को स्वीकार न करें और दावा किया सावरकर अंग्रेजों के सामने झुक गए थे।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने कहा कि आयोजकों द्वारा पुरस्कार लेने पर मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैरजिम्मेदाराना है। इससे पहले कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि शशि थरूर समेत पार्टी के किसी भी सदस्य को वीर सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि वह अंग्रेजों के सामने झुक गए थे।

उन्हें विश्वास नहीं होता कि थरूर यह पुरस्कार स्वीकार करेंगे क्योंकि ऐसा करना कांग्रेस का अपमान की बात होगी। थरूर ने दिल्ली में कहा कि उन्हें इस पुरस्कार के बारे में मंगलवार को ही पता चला और वे समारोह में शामिल होने नहीं जा रहे हैं।

# न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश न करें

नयी दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व जजों ने की रोहिंग्याओं पर की गई टिप्पणी के लिए सीजेआई के खिलाफ अभियान की निंदा

पूर्व न्यायाधीशों के समूह ने रोहिंग्या प्रवासियों से संबंधित सुनवाई के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की हाल की टिप्पणियों के मद्देनजर उन्हें निशाना बनाकर चलाई जा रही सोची-समझी मुहिम की बुधवार को कड़ी आलोचना की। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 44 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने कहा कि न्यायपालिका को बदनाम करने या प्रधान न्यायाधीश पर राजनीतिक मंशा थोपने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे संवैधानिक संस्थानों में जनता का विश्वास और न्यायालय की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है।

पूर्व न्यायाधीशों ने 'उच्चतम न्यायालय का अनादर अस्वीकार्य है' शीर्षक वाले बयान में कहा कि न्यायिक कार्यवाही केवल निष्पक्ष और तर्कसंगत आलोचना के अधीन होनी चाहिए। हम जो देख रहे हैं वह सैद्धांतिक असहमति नहीं है, बल्कि एक सामान्य अदालती कार्यवाही को पूर्वाग्रह का कृत्य बताकर न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास है।

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश पर सबसे बुनियादी कानूनी सवाल पूछने के लिए निशाना साधा जा रहा है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि आलोचकों ने पीठ की टिप्पणियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को भी नजरअंदाज कर दिया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि भारतीय धरती पर किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह नागरिक हो या विदेशी नागरिक, यातना, गुमशुदगी या अमानवीय व्यवहार का शिकार नहीं बनाया जा सकता है।

दो दिसंबर को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मानवाधिकार कार्यकर्ता रीता मनचंदा द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर तीखी टिप्पणी की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कुछ रोहिंग्या हिरासत से लापता हो गए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा कि यदि कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसका लाल कालीन बिछाकर स्वागत करते हैं और कहते हैं कि हम उसे सभी सुविधाएं देना चाहते हैं? उन्हें वापस भेजने में क्या समस्या है?

# भारत में हजारों एच1बी वीजा के साक्षात्कार रद्द किए जाने से आवेदकों में भारी आक्रोश

• सोशल पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल जांच को बताया वजह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में इस महीने के अंत में होने वाले हजारों एच-1बी वीजा आवेदकों के पूर्व-निर्धारित साक्षात्कार अचानक कई महीनों के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, जिसका कारण उनके सोशल मीडिया पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल की जांच करना बताया जा रहा है।

जिन आवेदकों के वीजा के लिए अगले सप्ताह साक्षात्कार निर्धारित थे, उनमें से कुछ को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों से ईमेल प्राप्त हुए हैं जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि उनके साक्षात्कार अगले वर्ष मई तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। बढ़ी हुई जांच प्रक्रियाओं के मद्देनजर एच-1बी वीजा आवेदकों के निर्धारित साक्षात्कारों को बड़े पैमाने पर रद्द किए जाने से उनके अमेरिका लौटने में काफी देरी होने की आशंका है। साक्षात्कारों का पुनर्निर्धारण उन सभी आवेदकों के लिए किया गया है जिन्हें पहले 15 दिसंबर या उसके बाद के लिए अपॉइंटमेंट दिए गए थे। इनमें से अधिकांश पहले से ही भारत में थे और अब नई साक्षात्कार तिथियों के कारण अमेरिका लौटने में असमर्थ हैं क्योंकि अमेरिका वापस जाने के लिए वैध एच-1बी वीजा नहीं है।

### प्रभावित आवेदकों की सटीक संख्या ज्ञात नहीं

समझा जा रहा है कि वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच के लिए नए मानदंडों को देखते हुए वीजा आवेदकों की कई अन्य श्रेणियों के साक्षात्कार भी स्थगित किए जा रहे हैं। वीजा साक्षात्कार में देरी से प्रभावित आवेदकों की सटीक संख्या अभी तक ज्ञात नहीं है। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने वीजा आवेदकों से आग्रह किया है कि वे अपनी पूर्व निर्धारित साक्षात्कार तिथि के आधार पर दूतावास न आएं। कई वीजा आवेदकों ने सोशल मीडिया में अपने पोस्ट में आपबीती साझा की।

## पायलट ड्यूटी के नए नियम

भारत में पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम के नियमों में बड़े बदलाव लागू होने के बाद पूरे विमानन क्षेत्र में हलचल मच गई है। नए नियम जहां विमानों, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माने जा रहे हैं, वहीं अन्य देशों से उन्हें कुछ ज्यादा सख्त बताया जा रहा है। नियमों का तुरंत असर विशेषकर इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइन पर स्पष्ट दिखाई दिया, जिसने सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। आइए जानते हैं पुराने नियम क्या थे, नए नियम कैसे बदले, दुनिया में क्या मानक हैं और भारत में विमानन नियामक डीजीसीए का क्या रुख है।

## आसमान में उथल-पुथल



### नए नियम में यह हुए बदलाव

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने 2025 में मौजूदा नियमों को पूरी तरह संशोधित कर दिया। सबसे अहम बदलावों में साप्ताहिक रेस्ट 36 से 48 घंटे, दो स्थानीय रातों के साथ कर दिया गया। नाइट ड्यूटी में भी बदलाव किया गया। रात की उड़ान अधिकतम 8 घंटे फ्लाइट टाइम, 10 घंटे ड्यूटी कर दिया गया। एक पायलट के लिए केवल 2 नाइट लैंडिंग कर दी गई जबकि पहले 6 तक अनुमति थी। एयरलाइंस को अब क्रू थकावट पर अनिवार्य रिपोर्टिंग करना होता है।

### दुनिया के अन्य देशों में नियम

अमेरिका, यूरोप और अन्य उन्नत विमानन बाजारों में पायलटों के लिए सख्त नियम पहले से लागू हैं। आईसीएओ भी सदस्य देशों को पायलटों की थकान को प्राथमिकता देने की सलाह देता रहा है। भारत के नए नियम अब वैश्विक मानकों से काफी हद तक मेल खाते हैं।

### ड्यूटी के पुराने नियम

पुराने विमानन नियमों के अनुसार भारत में पायलट को 36 घंटे का साप्ताहिक आराम मिलता था और रात की ड्यूटी 5 बजे तक ही थी यह ढांचा अंतर्राष्ट्रीय मानकों से कम सख्त माना जाता था।

### डीजीसीए ने कहा-सुरक्षा पहले

डीजीसीए का रुख साफ है। उसका कहना है कि नए नियम सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। पायलट थकावट एक गंभीर खतरा है। हालांकि अचानक संकट को देखते हुए नियामक ने इंडिगो सहित कुछ ऑपरेटरों को अस्थायी राहत/छूट दी, ताकि उड़ान संचालन सामान्य हो सके। साथ ही डीजीसीए ने स्पष्ट किया कि यह छूट अस्थायी है और सुरक्षा पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### क्यों बिगड़ा हाल? उड़ानें रद्द होने का कारण

नए नियम लागू होने के तुरंत बाद कई एयरलाइंस, सबसे अधिक इंडिगो अपने रोस्टर को नए मानकों के अनुसार समायोजित नहीं कर पाईं। जिससे पायलट/केबिन क्रू की उपलब्धता अचानक कम हो गई। नाइट लैंडिंग और नाइट ड्यूटी सीमा से शेड्यूलिंग बाधित हुई। एयरलाइंस ने डीजीसीए को बताया कि नए नियम से तकनीकी दिक्कतें आईं जिससे हवाईअड्डों पर भीड़ हो गई। परिचालन में बाधा देश भर में महसूस की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की चिंता

भारत द्वारा एक एयरलाइन को ड्यूटी नियमों में छूट देने पर वैश्विक पायलट संघों ने सुरक्षा संबंधी चिंता जताई। उनका कहना है कि थकावट-रोधी नियमों में छूट देना लंबी अवधि में जोखिम पैदा कर सकता है। भारत के नए पायलट ड्यूटी नियम सुरक्षा की दृष्टि से एक सकारात्मक और आवश्यक बदलाव हैं। लेकिन अचानक परिवर्तन और सभी एयरलाइंस की तैयारियों में अंतर के कारण इसका असर सीधे उड़ान संचालन पर पड़ा। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिकी विवि में चली गोली, छात्र की मौत

**फ्रैंकफर्ट।** अमेरिका की केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय हॉल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक छात्र की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध स्कूल का छात्र नहीं है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। फ्रैंकफर्ट के सहायक पुलिस प्रमुख स्कॉट ट्रेसी ने मंगलवार शाम को बताया कि दोपहर करीब तीन बजे हुई गोलीबारी का संदिग्ध केंटकी स्टेट का छात्र नहीं है। ट्रेसी ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी पर तुरंत कार्रवाई की।

### भारतीय मूल के व्यक्ति को 25 साल की सजा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। एबीसी न्यूज ने मंगलवार को अपनी खबर में बताया कि केर्न्स स्थित उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व नर्स राजविंदर सिंह (41) को टोया कॉर्डिंगली की हत्या का दोषी पाया। न्यायमूर्ति लिंकन क्रॉली ने कहा कि महिला की हत्या के पीछे राजविंदर सिंह का मकसद अज्ञात था।

### ऑस्ट्रेलिया में किशोरों पर सोशल मीडिया प्रतिबंध

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी हो गया है और देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दुनिया में इस तरह के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध का स्वागत किया है। हालांकि अल्बनीज ने आगाह किया कि कार्यान्वयन कठिन हो सकता है। अल्बनीज ने कहा कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा।

# भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी

## उप प्रधानमंत्री बोले-आर्थिक संबंधों की मजबूती को बढ़ाएंगे औद्योगिक सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि भारत की वृद्धि में इटली महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम एवं सह-विकास परियोजनाओं को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। ताजानी अमेरिका की शुल्क नीतियों के मद्देनजर दुनिया भर में व्यापार संबंधों के पुनर्गठन की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके पास विदेश मंत्रालय का प्रभार भी है।

उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इतालवी विदेश मंत्रालय ने स्थानीय बाजार में प्रवेश करने और संयुक्त उद्यम बनाने वाली इतालवी कंपनियों का समर्थन करने के लिए भारत के लिए 50 करोड़ यूरो की एक समर्पित वित्तपोषण सुविधा (लाइन) शुरू की है। उन्होंने कहा कि अपनी इस यात्रा के माध्यम से मैं भारत में इटली की और इटली में भारत की मौजूदगी बढ़ाना चाहता हूं। भारत एक विशाल बाजार है, एक तेजी से विकसित होती आर्थिक शक्ति है। बुनियादी ढांचे से लेकर नई प्रौद्योगिकियों तक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं से



नई दिल्ली में इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी व सीओएनआई के अध्यक्ष लुसियानों के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा।

लेकर अंतरिक्ष तक विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।

मंत्री ने कहा कि इतालवी कंपनियां इस असाधारण अवसरों से भरपूर देश में तेजी से रुचि दिखा रही हैं। मेरा मुख्य लक्ष्य उन्हें महत्वाकांक्षी और ठोस परिणाम प्राप्त करने में मदद करना है। ताजानी ने भारत को प्राथमिकता वाला देश बताया और उसे इटली का लंबे समय से भरोसेमंद मित्र करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक रणनीतिक साझेदार है और अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश एवं नवाचार के क्षेत्रों में एक विशेषाधिकार प्राप्त वार्ताकार है। इटली, भारत का यूरोप में एक प्रमुख साझेदार है और पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष नवंबर में दोनों पक्षों ने रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा एवं संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक महत्वाकांक्षी पांच वर्षीय रणनीतिक कार्य योजना पेश की थी। दोनों देशों के बीच वर्तमान में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार करीब 14 अरब यूरो है और दोनों पक्ष एक मजबूत व्यापार ढांचे के तहत इसे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इतालवी विशेषज्ञता को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक निर्यात योजना भी शुरू की है और भारत रणनीतिक रूप से हमारी प्राथमिकता वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 50 करोड़ यूरो का अतिरिक्त इतालवी निवेश हमारी कंपनियों की प्रतिबद्धता का एक ठोस संकेत है। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली की निर्यात ऋण एजेंसी ने पहले से जारी की गई दो अरब यूरो से अधिक की गारंटी के अतिरिक्त, स्थानीय मुद्रा में देश में अपना निवेश करीब 20 करोड़ यूरो तक बढ़ा दिया है। ताजानी ने कहा कि इटली न केवल अधिक निर्यात करना चाहता है बल्कि औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम, सह-विकास और सह-उत्पादन परियोजनाओं को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखता है।

### व्यापार और निवेश को करेंगे संतुलित

तजानी ने कहा कि हम भारत से इटली सहित अपने व्यापार एवं निवेश लेन-देन को बढ़ा और संतुलित कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि हम एक स्थिर देश हैं। यूरोप में दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता हैं और हम भारतीय उद्योग एवं विनिर्माण विशेष रूप से मशीनरी व उद्योग की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ताजानी ने कहा कि इतालवी कंपनियां डिजाइन से लेकर उन्नत विनिर्माण तक, कृषि मशीनरी से लेकर रक्षा उद्योग और कई अत्याधुनिक क्षेत्रों में अग्रणी हैं।

## यूक्रेन-रूस शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अहम

**रोम।** पोप लियो 14वें ने कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अनिवार्य है और उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की उस कोशिश की आलोचना की जिसका उद्देश्य लंबे समय से बरकरार अमेरिका-यूरोप गठबंधन को तोड़ना है। लियो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जेलेंस्की कीव के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने के मकसद से एक बार फिर दौरे पर हैं। अमेरिकी पोप ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों द्वारा ले जाए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में वेटिकन की मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा हुई।पोप से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और वार्ता प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को किनारे किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यूरोप को बातचीत में शामिल किए बिना शांति समझौता करना अव्यावहारिक है क्योंकि युद्ध यूरोप में ही चल रहा है। आज और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी गारंटियों की तलाश की जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के एकजुट होकर समाधान खोजने का यह बड़ा अवसर है। पोप से अमेरिका की शांति योजना पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने यह टिप्पणी की।

# भारत में नए उड़ान नियम कार्यावधि को घटाने वाले : वॉल्श

• आईएटीए प्रमुख बोले-विमान सुरक्षा नियामक की जिम्मेदारी

जिनेवा, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं और स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के समक्ष पिछले एक सप्ताह में पेश हुई परिचालन संबंधी बाधाओं की पृष्ठभूमि में वॉल्श ने यह बात कही है। इन व्यवधानों के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गईं और हजारों यात्री प्रभावित हुए।

वॉल्श ने कहा कि भारत के नए नियम अन्य देशों के नियमों की तुलना में (कार्यावधि को) सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन मुझे लगता है कि आपको हमेशा यह स्वीकार करना होगा कि नियामकों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उद्योग सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये बदलाव सही कारणों से लागू किए गए हैं। अब बस कुछ समय की बात है जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। जेनेवा में एक मीडिया गोलमेज सम्मेलन में वॉल्श ने यह भी कहा कि पायलट की थकान के मानदंड एक ऐसा मुद्दा है जिस पर यूरोप और अमेरिका में हर समय



बहस होती रहती है। वॉल्श ने कहा कि भारत ने निर्णय लिया है कि वे उपाय करना चाहते हैं। खासतौर पर रात्रिकालीन परिचालनों के दौरान संभावित थकान को दूर करने के लिए, जिसका स्वाभाविक रूप से कम लागत वाली विमानन कंपनियों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि उनका व्यवसाय मॉडल ऐसा है... यह निराशाजनक है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप इतने यात्री प्रभावित हुए हैं। आईएटीएकरीब 360 विमानन कंपनियों का एक वैश्विक समूह है जो वैश्विक हवाई यातायात के 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं। आईएटीए के सदस्यों में एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट शामिल हैं। अन्य पहलुओं के अलावा, उड़ान ड्यूटी समयसीमा मानदंडों के दूसरे चरण ने पायलट द्वारा रात में की जाने वाली लैंडिंग की संख्या को सीमित कर दिया।

# दो चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एचपीजेड टोकन निवेश धोखाधड़ी घोटाले के सिलसिले में दो चीनी नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें कोरोनाकाल के दौरान फर्जी कंपनियों के जरिये लोगों से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि चीनी नागरिकों के स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी 'शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' ने कोविड लॉकडाउन के दौरान

• 1000 करोड़ रुपये के टोकन घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई



'एचपीजेड टोकन' नाम के एक फर्जी मोबाइल एप का इस्तेमाल करके लोगों के साथ ठगी की।

जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपियों ने यह दावा करते हुए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया कि उक्त रकम का इस्तेमाल 'क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग' में किया जाएगा, जिससे काफी उच्च रिटर्न हासिल होगा। सीबीआई की जांच में पता चला कि यह कोई छुटपुट घटना नहीं थी, बल्कि विदेशी नागरिकों द्वारा संचालित एक बड़े, सुनियोजित साइबर अपराध गिरोह से जुड़ी हुई थी। जांच एजेंसी ने पाया कि यह गिरोह कोविड-19 के बाद के दौर में भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर की गई कई साइबर धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार था, जिनमें कर्ज देने वाले एप, फर्जी निवेश एप और ऑनलाइन नौकरी की फर्जी पेशकश करने वाले मंचों का इस्तेमाल किया गया था।

# चंद्रयान की खोज ने चांद और मंगल मिशन तैयारियों को दी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रयान-3 द्वारा चांद पर उच्चस्तरीय तापमान और सक्रिय विद्युत वातावरण ने चंद्रमा और मंगल पर बस्ती बसाने के इरादों की दिशा बदल दी है। साथ ही नई सोच विकसित करने के लिए मजबूर कर दिया है। अब वैज्ञानिकों को चांद के वातावरण के अनुकूल इंसान को ढालने के लिए नए उपाय तलाशने होंगे।

हमारे नजदीक होने के कारण चंद्रमा ही एकमात्र ऐसा उपग्रह है, जो हमें दूसरे ग्रहों पर इंसान को ले जाने वाली अंतरिक्ष योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सहयोगी के रूप में बेहद मददगार साबित हो सकता है। चंद्रमा पर आगामी मिशन चलाने वाली स्पेस एजेंसियों में नासा, ईसा और चायना समेत इसरो प्रमुख हैं, जिनमें सर्वाधिक सक्रिय अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा है, जो आर्टेमिस मिशन के जरिए सबसे पहले चांद पर मानव दल पहुंचाना चाहता है और मंगल पर पहुंचने से पहले चांद को अपना पड़ाव बनाना चाहता है। मगर इसरो की नई खोज से आर्टेमिस मिशन में विलंब तो होगा। साथ ही, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तीन हजार केल्विन से अधिक तापमान में खुद को जिंदा



• चांद के अनुकूल इंसान को ढालने को नए उपाय तलाशने होंगे

रखने के लिए उपाय तलाशने होंगे। इसके अलावा चंद्रमा प र सक्रिय विद्युत वातावरण में रह पाना भी बड़ी समस्या चंद्रयान-3 के जरिए सामने आई है। दरअसल, माना जाता था कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव ठंडा है और तापमान शून्य से नीचे रहता है। लिहाजा इंसान के ठहरने के लिए चांद का दक्षिणी ध्रुव माकूल जगह हो सकती थी। मगर अब यह धारण बदल चुकी है। अब वैज्ञानिकों को सक्रिय विद्युत वातावरण से संचार और नेविगेशन में बदलाव करना होगा। वहां मौजूद प्लाज्मा रेडियो तरंगों में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अब उन्नत एंटीना और फ्रीक्वेंसी-एडाप्टिव सिस्टम नए तरीके से डिजाइन करने होंगे और रेडिएशन शील्डिंग व प्लाज्मा रेसिस्टेंट मटेरियल्स उपयोग में लाना होगा ताकि चन्द्रमा पर मौजूद रेडिएशन से बचा जा सके।

### चांद पर पहुंचने के लिए अहम है खोज


आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, दूसरे ग्रहों पर मानव मिशन को सफल बनाने के लिए चंद्रमा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वैज्ञानिक मंगल पर जीवन की प्रबल संभावनाओं को लेकर आश्वस्त है। मंगल का रास्ता चंद्रमा से होकर जाता है जिस कारण चन्द्रमा को एक डिपो के रूप में तैयार करने की योजना दुनियाभर के वैज्ञानिकों की है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 13 .56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 12 दिसंबर 03 .55 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** - आज आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। ऑनलाइन कार्यों से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** - आज जोखिम भरे निवेश करने से पहले जानकारी लेलें। व्यापार में आपको एक से अधिक अवसर मिल सकते हैं। आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मिथुन** - आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच अति उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**कर्क** - आज दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** - आज दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा में परेशानी होने की संभावना है। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान का हकदार बनाएगी। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** - आज व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य आरंभ नहीं करना चाहिए। नाक, कान और गला संबंधी समस्या हो सकती है।

**तुला** - आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** - आज आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपति के विक्रय की योजना बनाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है।

**धनु** - आज मस्तिष्क में नई योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जाएगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पिता की बातें बुरी लग सकती हैं। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं।

**मकर** - आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारिक डील में हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** - आज सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बना सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

## सुडोकू -187

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | | | 7 | 3 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | 1 | 5 | | | | | |

### सुडोकू - 186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |



“मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से ज्यादा मैं किसी चीज से प्यार करती हूं। भारतीय जर्सी पहनना ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आप अपनी सारी परेशानियां एक तरफ रख देते हैं और सिर्फ यही आपको जीवन पर ध्यान लगाने में मदद करता है।

–स्मृति मंधाना

# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### मेसी को एमएलएस में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेसी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेसी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### भारत ने स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई :** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4–0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3–0 (7–6, 7–6, 7–5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6–5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। भारत की शीर्ष रैंक वाली 17 साल की अनाहत सिंह ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को 3–0 (7–1, 7–4, 7–2) से हराया।

# दूसरे टी-20 में गिल पर रहेगी नजर

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज, छोटे प्रारूप में छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं शुभमन

मुल्लांपुर (चंडीगढ़), एजेंसी



अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है।

**समय शाम 7:00 बजे से**

### संजू की जगह जितेश, अर्शदीप-कुलदीप को एक साथ फिट करना मुश्किल

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़) :** ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आखिरी तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में जितेश शर्मा को अंतिम एकादश में शामिल करना अगर प्रयोग जैसा लग रहा था तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर उन्हें प्राथमिकता देना अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले टीम प्रबंधन की सोच को स्पष्ट करता है। सैमसन की जगह निचले क्रम के किसी विशेषज्ञ फिनिशर को तरजीह देने के लिए थिंक टैंक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सैमसन को शुभमन गिल की वापसी के बाद बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष स्थान से हटा दिया गया था, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। तब से वह अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जितेश टीम में फिनिशर की अपनी भूमिका को अपनी रोजी–रोटी मानते हैं। अगर वह दक्षिण अफ्रीका और उसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में खराब प्रदर्शन नहीं करते हैं तो यह तय है कि वह टी–20 विश्व कप में शुरुआती मैचों में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। इस समय टीम में विकेटकीपर के विकल्पों के लिए सैमसन और जितेश के अलावा किसी और के नाम पर विचार करना भी मुश्किल है। क्रिकेट विशेषज्ञों का भी मानना है कि अगर सैमसन को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिलता है तो फिर निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले जितेश को ही टीम में रखना सही होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में खेलने वाली टीम से यह भी संकेत मिला कि दो प्रमुख गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हो सकते हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक अच्छे बल्लेबाज को रखने के पक्ष में है। अर्शदीप को संयुक्त अरब अमीरात में स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर अधिकतर मैच में बाहर बैठना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया में भी पांच मैच में से तीन मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में अर्शदीप को मौका मिला और इस प्रारूप में भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर टीम को शुरुआती विकेट दिलाए।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### सूर्यकुमार का सहज रवैया खिलाड़ियों को करता है प्रेरित: स्टेन

**कटक :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। स्टेन ने जियोस्टार पर कहा जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो।

# चोटें मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं: हार्दिक

- बोले- सकारात्मक सोच से ही दमदार वापसी में रहा सफल



कटक, एजेंसी

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही ‘दमदार और बेहतर वापसी’ करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की।

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी पर जारी किए गए एक वीडियो में कहा मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे। टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हार्दिक ने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं जो आत्मविश्वास अपने भीतर से प्राप्त करता है और लोग क्या सोच रहे हैं इसकी ज्यादा परवाह नहीं करता है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं जीवन में बेहद ईमानदार और यथार्थवादी इंसान रहा हूं जिससे मुझे बहुत मदद मिली है। मुझे घुमा फिरा कर बात करना पसंद नहीं है। मैं इसकी परवाह नहीं करता कि अन्य लोग मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं। मैं हमेशा इस पर ध्यान देता हूं कि मैं खुद के बारे में क्या सोच रहा हूं। हार्दिक ने कहा अब वो समय आ गया है जब हार्दिक पंड्या सिर्फ खेल खेलना चाहता है, मैदान पर हर पल का आनंद लेना चाहता है। अब बड़ा और बेहतर बनना ही मेरे जीवन का ध्येय है।

### संजू से प्रतिस्पर्धा करनी है तो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जितेश

**कटक :** टी20 विश्व कप शुरू होने में अब जबकि दो महीने से भी कम समय बचा है तब खेल के इस छोटे प्रारूप में जितेश शर्मा विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं, लेकिन उन्होंने संजू सैमसन के साथ किसी तरह की प्रतिस्पर्धा को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संजू के बजाय जितेश को अंतिम एकादश में रखा।

# भारत ने नौ साल बाद जीता कांस्य पदक

## जूनियर हॉकी विश्व कप

- प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया

चेन्नई, एजेंसी



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैंपियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैंपियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था। पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। वहीं, अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किए।

तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी। पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं, 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला। पहले तीन मिनट में ही गोल गंवाने से स्तब्ध भारतीय टीम पहले पूरे क्वार्टर में दबाव में नजर आई। टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल करने वाली मेजबान टीम कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ गोल करने के लिए जूझती दिखी। पिछले मैच में जर्मनी ने उसकी फॉरवर्ड पंक्ति को बांधे रखा तो वहीं इस मुकाबले में पहले हाफ में अर्जेंटीना के गोल में ज्यादा घुस नहीं पाये और एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रहे।

भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में मिला। पेनल्टी कॉर्नर पर भारत की कमजोरी उजागर हुई जब लगातार चार मौकों में से एक भी तब्दील नहीं हो सका। अर्जेंटीना को इस बीच जवाबी हमलों में 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले सैंटियागो फर्नांडिस ने भारतीय डिफेंस को पूरी तरह चकमा देकर गोल कर दिया।

# जूनियर महिला विश्व कप हॉकी में भारत ने उरुग्वे को हराया

सैंटियागो (चिली), एजेंसी



जीत का जश्न मनाती भारतीय हॉकी जूनियर महिला टीम। एजेंसी

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी।

भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली। जस्टिना अरेगुई ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, जिसमें निधि के शानदार खेल से भारत जीत हासिल करने में सफल रहा।

# भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने विज्ञप्ति में कहा एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है। इस प्रतियोगिता में कई वर्ग में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी जिसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। फ्रेंचाइजी आधारित टीम को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट दौर होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में चुना जाता है जिसमें एलीट चैंपियंस, विश्व एलीट, राष्ट्रीय चैंपियंस, और जूनियर और युवा वर्ग शामिल हैं जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्टार, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों का मिश्रण सुनिश्चित होता है।

# अगले साल भारत में होगी राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली :** अगले साल नौ से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो खो विश्व कप की तरह होगा जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था। अहमदाबाद को हाल में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेजबान शहर के तौर पर आधिकारिक रूप से पुष्टि किए जाने के बाद यह भारत में पहला राष्ट्रमंडल खो खो टूर्नामेंट होगा।

## सुधार

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ

# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

दुबई, एजेंसी



भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है।

सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं। शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की सीरीज में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया। यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो एशेज टेस्ट में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया बाएं हाथ का यह गेंदबाज तीन स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर है। स्टार्क ने दो मैच में 18 विकेट लिए हैं और इस वजह से वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। मोहम्मद सिराज (12वें), रविंद्र जडेजा (13वें) और कुलदीप (14वें) की भारतीय तिकड़ी को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मौजूदा एशेज श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बल्लेबाजों की सूची में दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि केन विलियमसन (दूसरे) और स्टीव स्मिथ (तीसरे) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।

### कुलदीप को तीन स्थान का हुआ फायदा



बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।